खबरें जो सोच बदल दे
# शुभ लाभ
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 | रविवार, 17 अगस्त, 2025 | हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित | website : https://www.shubhlabhdaily.com | संपादक : गोपाल अग्रवाल | पृष्ठ : 14 | मूल्य-8 रु.| वर्ष-7 | अंक-227



# आरोग्य अस्पताल में 79वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह सम्पन्न

**हैदराबाद, 16 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मोज़मजाही मार्केट स्थित आरोग्य अस्पताल में 79वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़े उत्साह के साथ मनाया गया।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति के अनुसार, समारोह का शुभारंभ डॉ. महेश शर्मा के स्वागत भाषण और स्वतंत्रता दिवस की बधाई के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शहर के प्रसिद्ध श्वास-रोग विशेषज्ञ डॉ. विवेक तोषनीवाल और विशेष अतिथि के रूप में पत्रकार एफ.एम. सलीम उपस्थित थे।

डॉ. श्यामसुंदर अग्रवाल ने डॉ. विवेक तोषनीवाल का और डॉ. मोहन गुप्ता ने एफ.एम. सलीम का पुष्पहार से स्वागत किया। भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण के बाद, डॉ. विवेक तोषनीवाल ने तिरंगा फहराया।



डॉ. विवेक तोषनीवाल ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी और सामाजिक विषमताओं से ऊपर उठकर एक नए भारत के निर्माण की सलाह दी। उन्होंने राष्ट्र की प्रगति में सभी के योगदान की सराहना की।

विशेष अतिथि एफ.एम. सलीम ने कहा कि हर नागरिक में स्वतंत्रता के प्रति जागरूकता होनी चाहिए। उन्होंने नई पीढ़ी को स्वतंत्रता का इतिहास बताने और उनमें राष्ट्रीयता की भावना जगाने की आवश्यकता पर बल दिया।

शल्य चिकित्सक और लेखिका डॉ. संगीता झा ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान के कारण ही देश स्वतंत्र हुआ। उन्होंने राष्ट्र की प्रगति सुनिश्चित करने के लिए सभी को विघटनकारी घटनाओं से दूर रहने की सलाह दी।

आरजीए के अध्यक्ष मनोज गोयल ने राष्ट्रीय पर्वों के निरंतर आयोजन के लिए डॉ. मोहन गुप्ता की प्रशंसा की। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या 1947 में स्वतंत्रता की प्राप्ति एक ध्येय का अंत था या फिर एक नई शुरुआत? उन्होंने कहा कि राष्ट्र का निरंतर विकास और निर्माण प्रत्येक नागरिक की प्राथमिकता होनी चाहिए।

प्रसिद्ध एंडोक्राइनोलॉजिस्ट डॉ. के.डी. मोदी ने राष्ट्र की निरंतर प्रगति और सरकार की नीतियों पर संतोष व्यक्त किया और गुजराती गीत गाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

समारोह में डॉ. श्यामसुंदर अग्रवाल, डॉ. एम.के. सिंह, डॉ. प्रभाकर, डॉ. रश्मि कांडलीकर, डॉ. रतन झा, अनिल कुमार वाजपेयी, मोहम्मद उस्मान, ललता प्रसाद अग्रवाल, और राजस्थानी स्नातक संघ के मंत्री अजय अग्रवाल सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। आस-पास के लोग और अस्पताल के कर्मचारी भी समारोह में उत्साहपूर्वक शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. महेश शर्मा ने किया, और जलपान के साथ समारोह का समापन हुआ।

## मारवाड़ी युवा मंच सिकंदराबाद शाखा ने निकाली विशाल बाइक रैली




**हैदराबाद, 16 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भारत के 79वें स्वतंत्रता दिवस अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में, मारवाड़ी युवा मंच की सिकंदराबाद शाखा ने एक विशाल बाइक रैली का आयोजन किया।

शाखा मंत्री पन्नालाल भाटी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह रैली शाखा अध्यक्ष पंकज राठौड़ की अध्यक्षता में निकाली गई। रैली एम.जी. रोड पर स्थित गांधी स्टैच्यू से शुरू हुई, जो सुभाष रोड और बाटा होते हुए वापस गांधी स्टैच्यू पर आकर समाप्त हुई।

इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर आंध्र-तेलंगाना प्रांत के अध्यक्ष मनीष नाहर, सिकंदराबाद शाखा के पूर्व अध्यक्ष धनराज तिवारी, और अन्य वरिष्ठ सदस्य जैसे नारायण चावड़ा, सुरेंद्र पोकरणा, शिव आचार्य और हरिप्रसाद शर्मा भी उपस्थित थे।

रैली को सफल बनाने में संजय गुप्ता, अशोक चावड़ा, विकास तिवारी, रामराज तिवारी, मंगला राम चौधरी और अन्य कई सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

कार्यक्रम के अंत में, शाखा के संयोजक गौतम भायल ने सभी अतिथियों और सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

## आर्य कन्या विद्यालय में 79वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित




**हैदराबाद, 16 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** देवीदीन बाग, हनुमान टेकड़ी, सुल्तान बाजार स्थित आर्य कन्या विद्यालय हाई स्कूल में 79वाँ स्वतंत्रता दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया।

मुख्य अतिथि श्रीमती अमिता रेड्डी ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर डॉ. प्रतापरुद्र ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर एक प्रेरणादायक संदेश दिया।

स्कूल की शिक्षण समिति के मंत्री श्री प्रदीप जाजू ने मुख्य अतिथि श्रीमती अमिता रेड्डी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। उन्हें तेलुगु में 'सत्यार्थ प्रकाश' और 'भक्त राम' पुस्तकें भी भेंट की गईं।

समारोह में पूर्व पार्षद रामचंद्र राजू, कुमारी भरनी, प्रेमचंद मुनोत, भरत मुनि, अशोक जाजू और अन्य गणमान्य व्यक्ति, पूर्व विद्यार्थी, शिक्षक और कर्मचारी शामिल हुए। श्री मुनोत ने विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए।

कार्यक्रम के अंत में, मुख्य अध्यापिका श्रीमती उमा दुबे ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया और कार्यक्रम की सफलता पर बधाई दी।

# बिहार समाज सेवा संघ ने धूमधाम से मनाया 79वाँ स्वतंत्रता दिवस

**हैदराबाद, 15 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** बिहार समाज सेवा संघ ने हैदरबस्ती, सिकंदराबाद में 79वाँ स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह और देशभक्ति के साथ मनाया। संघ के अध्यक्ष श्री मनीष तिवारी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। ध्वजारोहण के बाद, राष्ट्रगान और वंदे मातरम् के जयघोष से पूरा वातावरण गूंज उठा।

इस कार्यक्रम में संघ के पदाधिकारी और सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद थे, जिनमें चेयरमैन श्री राजू ओझा, सचिव श्री विकास सिंह, कोषाध्यक्ष श्री राधेश्याम प्रजापति, सांस्कृतिक संयोजक श्री दीपक तिवारी, वरिष्ठ सदस्य श्री प्रताप गौरव, और पूर्व अध्यक्ष श्री पप्पू सिन्हा और राकेश सिंह शामिल थे।

इसके अलावा, शहर के जाने-माने वकील और समाज के सदस्य शशि सिन्हा, दिनेश ठाकुर, और अनिल सिंह भी उपस्थित थे।



सांस्कृतिक संयोजक श्री दीपक तिवारी के मार्गदर्शन में बच्चों ने देशभक्ति गीत और नृत्य प्रस्तुत किए। अपने संबोधन में अध्यक्ष श्री मनीष तिवारी ने लोगों को स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करने का सुझाव दिया। सचिव श्री विकास सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें हमारे कर्तव्यों और जिम्मेदारियों की याद दिलाता है, और हमें समानता, सेवा और राष्ट्र निर्माण के लिए लगातार काम करना चाहिए।

चेयरमैन श्री राजू ओझा ने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद किया और कहा कि समाज सेवा ही देश की प्रगति का आधार है।

कार्यक्रम में उपस्थित अन्य सदस्यों में चुन्नू बाबा, विशाल तिवारी, अमित ओझा, कुंदन पांडे, देवा, खुर्शीद, शाकिब, आशीष प्रजापति, रमन यादव, और दिनेश साह भी शामिल थे।

## इस्कॉन मंदिर में मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी



**हैदराबाद, 16 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर, जामबाग के पार्षद राकेश जायसवाल ने आबिड्स स्थित इस्कॉन मंदिर में तेलंगाना भाजपा के अध्यक्ष एन. रामचंद्र राव का स्वागत किया। इस अवसर पर श्री जायसवाल ने उन्हें भगवान कृष्ण की एक मूर्ति भेंट कर सम्मानित किया। इसके बाद, दोनों नेताओं ने भगवान कृष्ण और राधाजी का आशीर्वाद लिया।

इस दौरान गोलकोंडा जिला अध्यक्ष टी. उमा महेंद्र, राजकुमार, कृष्णा अन्ना, अमर सिंह, शैलेंद्र यादव, रघु, राजू, अनिल, जितेंद्र, हरिनाथा और वेंकट रेड्डी सहित कई अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

## पित्ती ट्रस्ट और अग्रवाल सेवा दल का 150वाँ नि:शुल्क मेगा मेडिकल कैम्प 18 को

**हैदराबाद, 16 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** बद्रीविशाल पन्नालाल पित्ती ट्रस्ट और अग्रवाल सेवा दल द्वारा डिसेबल फाउंडेशन ट्रस्ट और इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी हैदराबाद जिला शाखा के सहयोग से एक विशाल निशुल्क चिकित्सा शिविर (मेगा मेडिकल कैंप) का आयोजन किया जा रहा है।

यह 150वाँ निशुल्क मेगा मेडिकल कैंप सोमवार, 18 अगस्त को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक सोमाजीगुडा स्थित संस्कृति राजभवन कम्युनिटी हॉल में होगा।

अग्रवाल सेवा दल के अजीत गुप्ता द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस शिविर में कई तरह की चिकित्सा सेवाएँ उपलब्ध होंगी। जिनमें-

मेडिकवर अस्पताल, सिकंदराबाद: कार्डियोलॉजी, हड्डी रोग, ईसीजी, 2डी इको, बीएमडी (हड्डी घनत्व), बीपी और आरबीएस (रक्त शर्करा) की जाँच की जाएगी।

एलसीएस साधुराम नेत्र अस्पताल, दोमलगुडा: निशुल्क नेत्र जाँच की जाएगी। पात्र मरीजों को मुफ्त चश्मे और मोतियाबिंद के ऑपरेशन की सुविधा दी जाएगी।

सामान्य चिकित्सा एवं दंत चिकित्सा: डॉ. अखिल सुगंधी (रुमेटोलॉजी), डॉ. मीनल खिरैया सुगंधी (मधुमेह), और एसएनआर डेंटल के डॉ. एस. तेजस्वी नवनीत राज और डॉ. एस. निखिल द्वारा दंत चिकित्सा सेवाएँ प्रदान की जाएँगी।

श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति: यहाँ जाँच के बाद पात्र लोगों को निशुल्क कृत्रिम पैर, हेड क्लिप, कैलिपर्स और हाथ दिए जाएँगे। इसके अलावा, डायलिसिस की सुविधा भी उपलब्ध होगी।

शिविर में पंजीकरण सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जाएगा। आयोजकों ने सभी से इस शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आग्रह किया है।

अधिक जानकारी के लिए आप शिविर के संयोजक प्रदीप अग्रवाल, सुधीर गुप्ता, सुरेंद्र गोयल, आईआरसीएस हैदराबाद के चेयरमैन एम. भीमा रेड्डी, डिसेबल फाउंडेशन ट्रस्ट के चेयरमैन डॉ. विजय भास्कर और डॉ. श्रीदेवी से संपर्क कर सकते हैं।

## दादाजी योगा ग्रुप ने मनाया 79वाँ स्वतंत्रता दिवस



**हैदराबाद, 16 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर, दादाजी योगा ग्रुप ने किशन ग्रैंडुएर, कुत्बीगुडा में धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ समारोह का आयोजन किया।

योगाचार्य रतनलाल जाजू ने ध्वजारोहण किया। इस कार्यक्रम मेंश्याम मोदानी, विष्णुवर्धन रेड्डी, प्रीति अग्रवाल, सरला सोनी, भारती काले, रितु पांडे, प्रेमा सोनी, सरोज दीक्षित, चित्रा, प्रतिभा मालपानी, प्रेमलता मोदानी, निर्मला, लशिका सोनी, मीवान सोनी और अन्य सदस्यों ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## हैदराबाद होलसेल आर्ट सिल्क क्लॉथ मर्चेंट्स एसोसिएशन ने मनाया स्वतंत्रता दिवस



**हैदराबाद, 16 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हैदराबाद होलसेल आर्ट सिल्क क्लॉथ मर्चेंट्स एसोसिएशन ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर .एसोसिएशन भवन में ध्वजारोहण समारोह का आयोजन किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया, जिसमें कई अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। इस अवसर पर सभी ने राष्ट्र की स्वतंत्रता और प्रगति का सम्मान करते हुए एक-दूसरे को बधाई दी।

# पचेरी अग्रवाल समिति की सावन की सैर 24 को

**हैदराबाद, 16 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मौसम विभाग की चेतावनी को ध्यान में रखते हुए, पचेरी अग्रवाल समिति ने अपनी 'सावन की सैर' की तारीख में बदलाव किया है। यह सैर जो पहले 15 अगस्त को होनी थी, अब 24 अगस्त 2025 को बीबीनगर स्थित ब्लू थंडर वॉटर पार्क में आयोजित की जाएगी। यह निर्णय चेलपुरा स्थित नवीन गुप्ता के निवास पर कैलाश चंद पचेरिया की अध्यक्षता में हुई एक आपातकालीन बैठक में लिया गया।

इस सावन की सैर के लिए प्रति व्यक्ति शुल्क 700 निर्धारित किया गया है और इसमें समिति के सदस्यों के साथ-साथ उनकी बहनें और बेटियाँ भी आमंत्रित हैं। कार्यक्रम के लिए बस हाई कोर्ट, पोस्ट ऑफिस के पास



से सुबह 8:30 बजे रवाना होगी।

समिति ने अपने सभी सदस्यों से इस आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आग्रह किया है।

टिकट बुकिंग और अधिक जानकारी के लिए, कैलाशचंद पचेरिया, गोविंद राम पचेरिया, ओम प्रकाश पचेरिया, भजनलाल पचेरिया, नरेश सवारियां, और महावीर प्रसाद डोकानिया से संपर्क किया जा सकता है।

बैठक में कैलाश चंद पचेरिया, ओम प्रकाश पचेरिया, गोविंदराम पचेरिया, नवीन गुप्ता, नरेश सवारियां, मनोज पचेरिया, भरत कुमार पचेरिया, गोपाल पचेरिया, गोवर्धन पचेरिया, महावीर प्रसाद डोकानिया, मुकेश पचेरिया, और संजय पचेरिया सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।




खबरें जो सोच बदल दे

# शुभ लाभ

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र




Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 | रविवार, 17 अगस्त, 2025 | हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित | website : https://www.shubhlabhdaily.com | संपादक : गोपाल अग्रवाल | पृष्ठ : 14 | मूल्य-8 रु. | वर्ष-7 | अंक-227

### रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म करने को लेकर अलास्का में मिले पुतिन और ट्रंप

# बात हुई... पर बात बनी नहीं

**वाशिंगटन, 16 अगस्त (एजेंसियां)।** यूक्रेन युद्ध की समाप्ति को लेकर अलास्का में हुए महत्वपूर्ण शिखर सम्मेलन में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच कोई निर्णायक सहमति नहीं बन पाई। हालांकि दोनों शीर्ष नेताओं ने बैठक को काफी लाभदायक बताया। पुतिन ने ट्रंप को अगली बैठक के लिए मास्को आमंत्रित किया जिस पर ट्रंप ने सहमति जताई। इन दोनों नेताओं की मुलाकात पर यूक्रेन सहित दुनियाभर की निगाहें टिकी थीं। अलास्का के एल्मेडॉर्फ-रिचर्डसन सैन्य बेस पर रूस के राष्ट्रपति पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के बीच बंद कमरे में बैठक हुई। जिसमें ट्रंप के साथ मार्को रूबियो, विटकॉफ और पुतिन के साथ सर्गेई लावरोव, वित्त मंत्री एंटोन सिलुआनोव और आर्थिक सलाहकार किरिल दिमित्रिएव भी मौजूद थे। अलास्का में ट्रंप-पुतिन की मुलाकात का भारत ने तहेदिल से स्वागत किया है। भारत सरकार ने कहा, संवाद से ही शांति की राह बनेगी।




- दोनों राष्ट्र प्रमुखों ने दो घंटे 45 मिनट की वार्ता को अहम बताया
- 12 मिनट में प्रेस-वार्ता खत्म, पौने तीन घंटे की वार्ता पर रहे मौन
- अगली वार्ता के लिए पुतिन ने ट्रंप को रूस बुलाया, ट्रंप की सहमति
- भारत ने युद्ध समाप्त करने की पहल का तहेदिल से स्वागत किया

इस बहुप्रतीक्षित बैठक के लिए रूसी राष्ट्रपति पुतिन के अलास्का पहुंचने पर उनका गर्मजोशी भरा स्वागत हुआ। पुतिन के पहुंचने से पहले ही ट्रंप वहां पहुंच चुके थे और पुतिन के पहुंचने के बाद दोनों नेताओं ने एक-दूसरे से हाथ मिलाया। दोनों नेता एक ही कार में सम्मेलन स्थल के लिए रवाना हुए। शांति की खोज की पृष्ठभूमि में आयोजित इस महत्वपूर्ण शिखर सम्मेलन में पिछले तीन साल से भी ज्यादा समय से रूस-यूक्रेन युद्ध की समाप्ति का मुद्दा केंद्रीय था। इन दोनों शीर्ष नेताओं के बीच साल 2019 के बाद यह पहली आमने-सामने की बैठक थी। करीब दो घंटे 45 मिनट की बातचीत के बाद दोनों नेताओं ने कहा कि सम्मेलन में उन्होंने यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने की दिशा में प्रगति की है लेकिन वे ऐतिहासिक शांति समझौते पर नहीं पहुंच पाए।

साझा प्रेस कांफ्रेंस में ट्रंप ने कहा कि उनकी बैठक काफी उपयोगी रही और कई मुद्दों पर सहमति भी बनी। हालांकि कुछ बड़ी बाधाओं के समाधान तक अभी नहीं पहुंचा जा सका है लेकिन उसमें भी प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि जब तक कोई समझौता अंतिम नहीं हो जाता, तब तक कोई समझौता मान्य नहीं होगा। ट्रंप ने यह भी कहा कि वे इस मामले में हुई बातचीत का ब्यौरा यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से भी साझा करेंगे और नाटो से भी उनकी बातचीत होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति ने उम्मीद जताई कि इस मुद्दे पर जल्द ही दोबारा मिलेंगे।

इस दौरान रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने ट्रंप को रूस आने का न्यौता देते हुए कहा कि अगली बार मॉस्को में। जिसके जवाब में ट्रंप ने भी कहा कि वे इसे होते देख सकते हैं। पुतिन ने दोहराया कि यूक्रेन की भौगोलिक स्थिति उनके देश की सुरक्षा के लिए बुनियादी खतरा है। उन्होंने कहा कि सभी प्राथमिक कारणों को खत्म करके ही इस मुद्दे पर स्थायी और दीर्घकालिक समझौते तक पहुंचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन की सुरक्षा सुनिश्चित करने की राष्ट्रपति ट्रंप की बात का वे स्वागत करते हैं और आशा करते हैं कि आज जिन बिंदुओं पर बात हुई है उससे शांति के लक्ष्य तक पहुंचने में मदद मिलेगी। हालांकि 12 मिनट की प्रेस कॉन्फ्रेंस में दोनों नेताओं ने बंद कमरे में हुई दो घंटे 45 मिनट की बातचीत का कोई ब्यौरा नहीं दिया। दोनों नेताओं ने पत्रकारों के किसी भी सवाल का जवाब नहीं दिया। संयुक्त प्रेस वार्ता में पुतिन ने कहा, जब राष्ट्रपति ट्रंप कहते हैं कि अगर वे राष्ट्रपति होते तो यूक्रेन युद्ध कभी शुरू ही नहीं होता तो मैं इससे पूरी तरह सहमत हूं। मुझे भी यकीन है कि ऐसा नहीं होता। मैंने 2022 में पिछली अमेरिकी सरकार के साथ आखिरी बातचीत में यह साफ तौर पर कहा था कि स्थिति को प्वाइंट ऑफ नो रिटर्न यानि युद्ध की ओर नहीं ले जाना चाहिए। मैंने तब सीधे तौर पर कहा था कि ऐसा करना बहुत बड़ी गलती होगी।

यूक्रेन के साथ टकराव में रूस की मांग है कि डोनबास, खेरसॉन से यूक्रेन अपनी सेना हटाए, नाटो की सदस्यता की महत्वाकांक्षा छोड़ अपनी सेना को सीमित करे और उसे पश्चिमी देशों की सैन्य मदद खत्म हो। जबकि यूक्रेन का कहना है कि वह अपनी जमीन नहीं छोड़ेगा। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने बार-बार दोहराया है कि यूक्रेन के बिना कोई शांति समझौता सफल नहीं होगा। पुतिन और ट्रंप की वर्ष 2019 के बाद पहली बार मुलाकात से यूक्रेन में हालात बदलने की उम्मीद जताई जा रही है।

अलास्का में बैठक के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति ने पुतिन को अपनी शक्ति का भी अहसास कराया। पुतिन एंकरोज के एल्मेडॉर्फ-रिचर्डसन सैन्य बेस पर जब ट्रंप से मिल रहे थे तो उनके सिर के ऊपर से अमेरिकी लड़ाकू विमान बी-2 बॉम्बर गुजरे। ▶10 पर

### सुप्रीम कोर्ट के हद से बाहर जाने को लेकर केंद्र ने किया आगाह

# संवैधानिक अराजकता पैदा न होने दें

**नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)।** केंद्र सरकार ने राष्ट्रपति और राज्यपालों पर विधेयकों को मंजूरी देने के लिए समय-सीमा थोपने के खिलाफ चेतावनी दी है। केंद्र सरकार ने कहा है कि इससे देश में संवैधानिक अराजकता पैदा हो सकती है। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने अप्रैल में अपने एक निर्देश में कहा था कि राज्यपाल और राष्ट्रपति, दोनों के पास जेबी-वीटो की शक्तियां नहीं हैं। इस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट से इस मामले को लेकर 14 गंभीर सवाल पूछे थे।



राष्ट्रपति और राज्यपालों को दिया था समय-सीमा का निर्देश

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल एक लिखित निवेदन में कहा कि इस तरह समय-सीमाएं तय करना ऐसा है, जैसा सरकार के किसी अंग द्वारा उन शक्तियों का हड़पना, जो उसमें निहित नहीं हैं। इससे संविधान में उल्लेखित शक्तियों का संतुलन बिगड़ सकता है। सरकार ने चेतावनी दी कि इससे संवैधानिक अराजकता पैदा होगी। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अपने निवेदन में कहा, अनुच्छेद 142 में निहित अपनी असाधारण शक्तियों के बावजूद, सुप्रीम कोर्ट संविधान में संशोधन नहीं कर सकता या संविधान निर्माताओं की मंशा को विफल नहीं कर सकता। तुषार मेहता ने माना कि मौजूदा प्रक्रिया में कार्यान्वयन में कुछ सीमित समस्याएं हैं, लेकिन इसका मतलब ये नहीं है कि राज्यपाल जैसे उच्च पद पर बैठे लोगों से अधिनस्थ जैसा व्यवहार किया जाए। मेहता ने कहा राज्यपाल और राष्ट्रपति के पद राजनीतिक रूप से पूर्ण हैं और लोकतांत्रिक प्रशासन के उच्च आदर्शों का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी कथित चूक का समाधान राजनीतिक और संवैधानिक तंत्र के माध्यम से किया जाना चाहिए, न कि अवांछित न्यायिक हस्तक्षेप के जरिए।

सुप्रीम कोर्ट की 5 जजों की संवैधानिक पीठ 19 अगस्त से इस मामले की सुनवाई करने वाली है। इससे पहले केंद्र सरकार ने कोर्ट में अपना लिखित जवाब दाखिल किया है। केंद्र ने कहा कि ऐसी समय-सीमाएं सरकार के एक अंग द्वारा उन शक्तियों का हड़पना होगा जो उसे नहीं दी गई हैं। सरकार ने कहा कि इसके चलते शक्तियों का पृथक्करण बिगड़ जाएगा। सरकार ने चेतावनी दी कि इसके चलते संवैधानिक अराजकता की स्थिति पैदा होगी। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, अनुच्छेद 142 में निहित अपनी असाधारण शक्तियों के तहत भी सर्वोच्च न्यायालय संविधान में संशोधन नहीं कर सकता या या संविधान बनाने वालों की मंशा के खिलाफ नहीं जा सकता। जब तक संविधान के लिखित नियमों में कोई तय प्रक्रिया मौजूद न हो। राज्यपाल की सहमति की प्रक्रिया लागू करने में कुछ छोटी-मोटी दिक्कतें हो सकती हैं लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि राज्यपाल जैसे ऊंचे पद को घटाकर एक छोटे या अधीनस्थ पद की तरह बना दिया जाए।


मेहता ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि राज्यपाल और राष्ट्रपति के पद अपने आप में पूर्ण राजनीतिक पद हैं और ये लोकतांत्रिक शासन के ऊंचे आदर्शों के प्रतीक हैं। यानि इन्हें सम्पूर्ण राजनीतिक वैधता मिली हुई है। उन्होंने कहा कि अगर कभी इन पदों से जुड़ी कोई गड़बड़ी नजर आती है तो उसका समाधान राजनीतिक और संवैधानिक तरीकों से किया जाना चाहिए न कि अदालत की जरूरत से ज्यादा दखलंदाजी से। ▶10 पर

### देश विभाजन की असलियत बताएगा एनसीईआरटी

# विभाजन के दोषी जिन्ना-कांग्रेस-माउंटबेटन

**नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद ने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के मौके पर एक विशेष पाठ्यक्रम जारी किया है। इस पाठ्यक्रम में भारत के विभाजन के लिए मुहम्मद अली जिन्ना, कांग्रेस और लॉर्ड माउंटबेटन को जिम्मेदार ठहराया गया है।

अगर छात्र भारत-पाकिस्तान विभाजन के इतिहास को बेहतर तरीके से समझना चाहते हैं, तो अब उन्हें यह जानकारी एनसीईआरटी के एक नए पाठ्यक्रम के जरिए मिलेगी। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के मौके पर विशेष पाठ्यक्रम जारी किया है। इस पाठ्यक्रम में बताया गया है कि विभाजन के लिए मुहम्मद अली जिन्ना, कांग्रेस और लॉर्ड माउंटबेटन को जिम्मेदार ठहराया गया है। इस पाठ्यक्रम को विभाजन के अपराधी शीर्षक दिया गया है और इसे कक्षा 6 से 8 और कक्षा 9 से 12 के छात्रों के लिए अलग-अलग रूप में तैयार किया गया है। हालांकि, यह किसी भी कक्षा की पाठ्यपुस्तक का हिस्सा नहीं है, बल्कि यह पूरक शैक्षिक सामग्री के तौर पर पेश किया गया है, जिसे पोस्टर, वाद-विवाद, प्रोजेक्ट्स और चर्चाओं के माध्यम से बच्चों को सिखाया जाएगा।




विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर जारी हुआ विशेष पाठ्यक्रम

एनसीईआरटी द्वारा जारी पाठ्यक्रम में भारत-पाक विभाजन के लिए मुहम्मद अली जिन्ना, कांग्रेस और लॉर्ड माउंटबेटन को जिम्मेदार ठहराया गया है। पाठ्यक्रम के मुताबिक, जिन्ना ने विभाजन की मांग की, कांग्रेस ने इसे स्वीकार किया और माउंटबेटन ने इसे लागू किया। ▶10 पर

### बंगाल में हिंदुओं पर हुई हिंसा को लेकर बनी फिल्म का विरोध

# द बंगाल फाइल्स के ट्रेलर-लॉन्च पर टीएमसी का हंगामा

**कोलकाता, 16 अगस्त (एजेंसियां)।** बंगाल में हिंदुओं पर हुई हिंसा को लेकर फिल्मकार विवेक अग्निहोत्री द्वारा बनाई गई चर्चित फिल्म द बंगाल फाइल्स के ट्रेलर-लॉन्च के दौरान इस्लामिक कट्टरपंथियों और टीएमसी के कार्यकर्ताओं ने हंगामा किया और बिजली के तार काट डाले। विरोधियों ने आयोजकों के साथ हाथापाई भी की। पुलिस ने हंगामा करने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। उल्टा, पुलिस ने कार्यक्रम को ही रोक दिया। फिल्म निर्माता विवेक अग्निहोत्री ने कहा, हमारी आवाज को दबाया जा रहा है। द बंगाल फाइल्स में 1946 में हुए कोलकाता दंगों और नोआखाली नरसंहार को दिखाया जाएगा। फिल्म अपनी रिलीज से पहले ही विवादों में भी घिरी है। फिल्म निर्माता को फिल्म की घोषणा के बाद से ही धमकियां दी जा रही हैं और परेशान किया जा रहा है।



कट्टरपंथियों ने तार काटे, पुलिस ने प्रोग्राम नहीं चलने दिया

विवेक अग्निहोत्री ने एक प्रमुख मूवी थिएटर चैन द्वारा द बंगाल फाइल्स के ट्रेलर लॉन्च कार्यक्रम को रद्द किए जाने पर कहा, मैं जैसे ही अमेरिका से कोलकाता हवाई अड्डे पर पहुंचा तो मुझे पता चला कि सबसे बड़ी मल्टीप्लेक्स श्रृंखलाओं में से एक ने कहा कि वे ऐसा नहीं कर सकते क्योंकि बहुत अधिक राजनीतिक दबाव है और अगर वे ऐसा करते हैं, तो राजनीतिक उथल-पुथल होगी। ▶10 पर

## कार्टून कॉर्नर




## मौसम हैदराबाद

अधिकतम : $26^0$
न्यूनतम : $23^0$

### बादल फटने के बाद आई आपदा से चिशोती गांव बेहाल

# किश्तवाड़ में 70 शव निकाले गए, 75 लापता

**जम्मू, 16 अगस्त (ब्यूरो)।** किश्तवाड़ जिले में मचेल माता यात्रा के दौरान चिशोती गांव में बादल फटने के बाद आई बाढ़ और मलबे में दबने से अब तक 70 लोगों की मौत हो चुकी है। हादसे में अभी भी कई लोगों के शव मलबे में दबे होने की आशंका जताई जा रही है। जम्मू कश्मीर सरकार ने आपदा में मारे गए लोगों के परिजनों को दो-दो लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने और घायलों के इलाज का खर्च वहन करने की घोषणा की है।

किश्तवाड़ में भारी संख्या में श्रद्धालुओं के साथ-साथ बसें, टेंट, लंगर और कई दुकानें थीं, लेकिन बाढ़ में सब कुछ बह गया। प्रशासन लगातार पीड़ितों के मदद में जुटा हुआ है और राहत बचाव कार्य जारी है। एसडीआरएफ, राष्ट्रीय राइफल के जवान, व्हाइट नाइट कोर की मेडिकल टीम, जम्मू-कश्मीर पुलिस, सीआईएसएफ और अन्य एजेंसियां ऑपरेशन में जुटी हैं। इस हादसे में 150 से ज्यादा लोग घायल हैं, जबकि 200 से अधिक लोग लापता बताए जा रहे हैं। करीब 75 के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज की जा चुकी है जिनमें हरियाणा व मध्यप्रदेश के चार-चार लोग भी शामिल हैं।




मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख की आर्थिक मदद

जबकि हिमाचल प्रदेश का भी एक श्रद्धालु लापता है।

इस बीच जम्मू संभाग के किश्तवाड़ में आई बाढ़ के बाद अब भी जम्मू में बारिश का येलो अलर्ट है। मौसम विभाग की ओर से अगले चार दिन जम्मू के लिए आरेंज और येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान तेज बारिश के साथ आंधी-तूफान और बिजली गिरने की संभावना है। 17 और 18 अगस्त के लिए आरेंज और 19-20 अगस्त के लिए जम्मू में येलो अलर्ट है। कल मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला किश्तवाड़ पहुंचे थे। वे स्थानीय लोगों से मिले और हालात का जायजा लिया। आज वे चशोती गांव भी गए। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि करीब 60 शव बरामद हुए हैं। लापता लोगों की संख्या का आकलन किया जा रहा है।

जिस चशोती गांव में यह त्रासदी आई है, उस गांव की आबादी करीब 300 के आस पास है। गांव में 40 से ज्यादा घर हैं तो वहीं इस गांव में 10 से ज्यादा होमस्टे भी हैं। यह गांव किश्तवाड़ शहर से लगभग 90 किमी दूर है। यह जगह पाड्डर घाटी में है। सीएम उमर अब्दुल्ला ने बताया कि किश्तवाड़ के चिशोती इलाके में भीषण आपदा में अब तक 60 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। 70-80 लोग अभी भी लापता हैं। सीएम अब्दुल्ला ने ये भी कहा कि हर संभव मदद का प्रयास कर रहे हैं लेकिन किसी जान की आप कीमत लगा नहीं सकते हैं। ▶10 पर





# 300 से ज्यादा लड़कियों को पछाड़ निधि अग्रवाल बनीं टाइगर श्रॉफ की हीरोइन

बॉलीवुड और दक्षिण भारतीय सिनेमा की चमक-दमक भरी दुनिया में हर साल हजारों नए चेहरों की भरमार होती है, पर इनमें से सिर्फ कुछ ही लोग अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के दम पर दर्शकों के दिलों में अपनी खास जगह बना पाते हैं। इन्हीं में से एक हैं अभिनेत्री निधि अग्रवाल, जिनका सफर एक छोटे शहर की लड़की से बड़े स्क्रीन की चमकदार हीरोइन बनने तक बेहद प्रेरणादायक है। उन्होंने 2017 में रिलीज हुई फिल्म 'मुन्ना माइकल' के जरिए फिल्मी दुनिया में कदम रखा था, लेकिन इस डेब्यू के पीछे की कहानी जितनी फिल्मी लगती है, उतनी ही प्रेरणादायक भी है, क्योंकि निधि को इस रोल के लिए 300 से ज्यादा लड़कियों के बीच से चुना गया था।

निधि का जन्म 17 अगस्त 1993 को हैदराबाद में हुआ, लेकिन उनका बचपन बेंगलुरु में गुजरा। हिंदी भाषी मारवाड़ी परिवार में पली-बढ़ी निधि ने बेंगलुरु के विद्याशिल्प अकादमी से अपनी पढ़ाई की शुरुआत की और बाद में क्राइस्ट यूनिवर्सिटी से बिजनेस मैनेजमेंट की डिग्री हासिल की। बचपन से ही उनकी रुचि डांस में थी। बैले से लेकर कथक और बेली डांस तक, निधि ने हर स्टेप को बड़ी मेहनत और लगन से सीखा। ये डांस का हुनर बाद में उनके अभिनय में जान डालता गया।

फिल्मी दुनिया में कदम रखना आसान नहीं होता। निधि के लिए भी ऐसा था। लेकिन जब 2016 में निर्देशक सब्बीर खान और निर्माता विक्की राजानी ने फिल्म 'मुन्ना माइकल' के लिए हीरोइन की तलाश शुरू की, तो देशभर से 300 से ज्यादा लड़कियों ने ऑडिशन दिया। हर लड़की में कुछ खास था, पर निधि की चमक अलग थी। उनकी आत्मविश्वास भरी आंखें, डांस की सहजता और अभिनय की क्षमता ने उन्हें सबमें सबसे अलग और खास बना दिया। कहा जाता है कि वह फिल्म के लिए टाइगर श्रॉफ की भी पसंद थीं।

2017 में वह 'मुन्ना माइकल' में टाइगर श्रॉफ के साथ जोड़ी बनाती हुई नजर आई। यह फिल्म जब रिलीज हुई, तो निधि ने साबित कर दिया कि वह सिर्फ एक खूबसूरत चेहरा नहीं, बल्कि एक दमदार कलाकार भी हैं। फिल्म को मिले-जुले रिव्यू के बीच भी निधि की एक्टिंग और डांस ने लोगों का दिल जीत लिया। उनके इस बेहतरीन डेब्यू के लिए जी सिने अवॉर्ड में उन्हें 'बेस्ट फीमेल डेब्यूटेंट' का अवॉर्ड भी मिला, जिसने उनके करियर की शुरुआत को और भी मजबूत बनाया।

मुन्ना माइकल के बाद निधि ने साउथ इंडियन फिल्मों की ओर कदम बढ़ाया। 2018 में 'सव्यसाची' से उन्होंने तेलुगु सिनेमा में एंट्री की। इस फिल्म के लिए उन्हें साउथ इंडियन इंटरनेशनल मूवी अवार्ड के लिए नामांकित किया गया। बाद में 'आईस्मार्ट शंकर' और 'कलगा थलाइवन' जैसी फिल्मों में उनके किरदारों ने दर्शकों का दिल जीता और बॉक्स ऑफिस पर भी सफलता मिली।

निधि का टैलेंट सिर्फ फिल्मों तक सीमित नहीं रहा। 2019 में उन्होंने ज्योतिका तंगरी के गाने 'उंगलीच रिंग डाल दे' और बादशाह के 'अहो! मित्रा दी यस है' में अपने अभिनय से सबको प्रभावित किया। 2021 में सोनू सूद के साथ अल्ताफ राजा के गाने 'साथ क्या निभाओगे' में भी उनकी केमिस्ट्री ने खूब तारीफें बटोरीं।

उनकी एक और खास बात यह है कि निधि अपने ब्रांड एंडोर्समेंट्स में भी ईमानदार रही। 2019 में एक फेयरनेस क्रीम का विज्ञापन करने का ऑफर उन्होंने इसलिए ठुकरा दिया कि वह इसे अपने आत्मसम्मान और सिद्धांतों के खिलाफ मानती थीं। हैदराबाद टाइम्स की मोस्ट डिजायरेबल वुमन की लिस्ट में भी निधि ने अपनी जगह बनाई। वह 2019 में 11वें और 2020 में 8वें नंबर पर रहीं।



# झांसी की रानी का किरदार निभाकर मुझे एक नया जन्म मिला : कंगना रनौत

बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना ने शिरडी साईं बाबा के दर्शन किए। इसके बाद उन्होंने अपनी फिल्म 'मणिकर्णिका: द क्वीन ऑफ झांसी' में झांसी की रानी का रोल निभाने को लेकर अपने अनुभव को साझा किया।

एक्ट्रेस कंगना रनौत ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि शिरडी साईं बाबा के दर्शन का मौका मिला। बाबा की आरती की और दर्शन किए। इस क्षेत्र का कायाकल्प पूरी तरह से बदल गया और काफी विकास हुआ। स्वच्छता अभियान यहां पर प्रत्यक्ष रूप से दिखाई देता है।

उन्होंने कहा कि फिल्म 'मणिकर्णिका: द क्वीन ऑफ झांसी' में झांसी की रानी का रोल निभाकर उन्हें एक नया जन्म मिला। वह झांसी की रानी फिल्म से पुनर्जीवित हुईं। फिल्म इंडस्ट्री ने जो मेरी इमेज खराब कर रखी थी, उसमें भी परिवर्तन आया।

कंगना रनौत ने आगे कहा कि इस फिल्म के जरिए उन्हें देश और आजादी के संघर्ष के बारे में जानने को मिला। स्कूल में छोटे-छोटे बच्चे झांसी की रानी पर कार्यक्रम करते हैं और झांसी की रानी का किरदार निभाते हैं तो यह देखकर बहुत अच्छा लगता है। हमारी वीरांगनाओं पर और फिल्म बननी चाहिए।

उन्होंने लोगों से अपील की कि जब भी आप अपने बच्चों के साथ दिल्ली आएं तो प्रधानमंत्री संग्रहालय में जो लाइट एंड साउंड शो होता है, उसे जरूर देखें। इस लाइट एंड साउंड शो में अलग-अलग वीरांगनों की कहानियां हैं, जिन्हें मैंने आवाज दी है।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से देश को संबोधित किया था। इस मौके पर अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर पीएम के भाषण को शानदार बताया। उन्होंने कहा, क्या स्पीच है। साथ ही उन्होंने देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं भी दीं।

# मेलबर्न में अभिषेक को अवॉर्ड मिलने पर भावुक हुए अमिताभ बच्चन

## कहा- तुमने विरासत को आगे बढ़ाया



महानायक अमिताभ बच्चन ने अभिषेक बच्चन को मेलबर्न फिल्म फेस्टिवल में आई वांट टू टॉक के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिलने पर बधाई दी और इस खास मौके पर अपने ब्लॉग के जरिए दिल की भावनाएं जाहिर की। अमिताभ ने अपने ब्लॉग में एक फोटो पोस्ट की, जिसमें अभिषेक हाथों में ट्रॉफी पकड़े हुए मुस्कुरा रहे हैं। साथ ही एक मैगजीन कवर भी पोस्ट किया गया, जिसमें टैगलाइन थी- द बच्चन ब्लूप्रिंट।

ब्लॉग की शुरुआत करते हुए अमिताभ ने लिखा, मैं इस पूरी दुनिया का सबसे खुशकिस्मत पिता हूं। अभिषेक ने मेहनत, ईमानदारी और कभी हार न मानने वाले रवैये के साथ अपने दादाजी की विरासत को आगे बढ़ाया है।

उन्होंने लिखा, अभिषेक ने कभी हालात से हार नहीं मानी। लोग चाहे जितना गिराने की कोशिश करें, वह हर बार मेहनत से खड़े हुए और पहले से भी ऊंचे उठे।बिग बी ने कविता की चंद लाइनें लिखी, तुम मुझे जितना गिराओगे, मैं अपने परिश्रम से फिर खड़ा होऊंगा और ऊंचा खड़ा होऊंगा। समय लगा लेकिन तुमने हार नहीं मानी। अपने बल पर दुनिया को तुमने दिखा दिया।

इस मौके पर अमिताभ ने अपने पिता की एक कविता को याद किया और लिखा, मैंने समंदर से सीखा है जीने का सलीका, चुपचाप से बहना और अपनी मौज में रहना। उन्होंने कहा कि अभिषेक ने भी यही रास्ता अपनाया, बिना किसी दिखावे के, बस अपने काम से अपनी पहचान बनाई।

ब्लॉग में अमिताभ ने आगे कहा कि कुछ साल पहले जब उन्होंने एक फिल्म में अभिषेक के अभिनय की तारीफ की थी, तो कुछ लोग हंसने लगे थे... बोले कि एक पिता अपने बेटे की जरूरत से ज्यादा तारीफ कर रहा है।

उन्होंने लिखा, लोगों ने मेरा मजाक उड़ाया, लेकिन आज वही लोग तालियां बजा रहे हैं। अब समय ने जवाब दे दिया है। अभिषेक की मेहनत और कला को दुनिया ने पहचाना है। जो लोग पहले हंसते थे, अब सम्मान दे रहे हैं।

ब्लॉग पोस्ट के आखिर में अमिताभ ने लिखा, जीत ही सबसे बड़ा जवाब होती है। और तुमने वो जीत हासिल की है। चुपचाप रहना और अपनी मौज में बहना, यही असली राज है। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार सिर्फ अभिषेक के लिए नहीं, पूरे परिवार के लिए एक बड़ी खुशी है।

# इंडियन आर्मी में जाना चाहती थीं भूमि पेडनेकर की मां, इस वजह से अधूरी रह गई इच्छा



बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर अपनी मां का एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो से पता चला है कि उनकी मां सुमित्रा हुड्डा देश की सेवा करना चाहती थीं, वो इंडियन आर्मी में जाना चाहती थीं, लेकिन उनकी ये इच्छा अधूरी रह गई।

इस वीडियो को शेयर करते हुए भूमि पेडनेकर ने लिखा, मां जब फैक्ट्री जा रही थीं तो उनका एक भावुक होते हुए वीडियो मैंने बनाया। इस वीडियो में वह बता रही हैं कि वो इंडियन आर्मी में जाना चाहती थीं।

इस वीडियो में भूमि की मां सुमित्रा पेडनेकर कहती नजर आ रही हैं, 70 की हो गई हूं, मैं अपने देश को बहुत प्यार करती हूं। हमारे समय में लड़कियों को इंडियन आर्मी में सर्विस नहीं मिलती थी। मेडिकल को छोड़कर किसी अन्य विभाग में महिलाएं यहां सेवा नहीं देती थीं, मैंने इसके लिए लड़ाई लड़ी, क्योंकि मैं एक पैराट्रूपर थी। मैंने दो रिपब्लिक डे परेड में हिस्सा लिया था। जबकि इसमें लोगों को एक भी बार जाने का मौका नहीं मिलता।उन्होंने आगे कहा, मैंने इसके लिए अधिकारियों के सामने आवाज भी उठाई। मैंने उनसे पूछा कि आप हमें इंडियन आर्मी में क्यों नहीं ले जाते हैं। हमारी ट्रेनिंग का क्या फायदा। हमने इतनी कड़ी ट्रेनिंग की है। जैसा की आप जानते हो कि एक पैराट्रूपर के रूप में आपको कड़ी मेहनत करनी होती है और रिपब्लिक डे के लिए सेलेक्ट होना भी बड़ा मुश्किल होता है। मैंने तब सेना के वरिष्ठ अधिकारियों से कहा कि इतनी मेहनत का क्या फायदा। लेकिन, अब मैं खुश हूं कि अब महिलाओं को भी आर्मी में सेवा के लिए शामिल किया जा रहा है और ये हमारी आर्मी का बहुत अहम हिस्सा है। तीनों सेनाओं में उन्हें जगह मिल रही है। ये बहुत अच्छा है और मैं इसको लेकर बहुत खुश हूं।

भूमि पेडनेकर ने इस पोस्ट में बताया कि मैं बचपन से ही उनके (मां) और अपने पिता के ऐसे समय की कहानियां सुनती रही हूं जब अवसर कम थे, लेकिन इससे उनके देश के प्रति सपनों और प्रेम पर कोई असर नहीं पड़ा। उनके लिए भारत हमेशा सर्वोपरि था। मुझे भारत के प्रति प्रेम उनसे विरासत में मिला है और मैं अपनी राष्ट्रीयता को सम्मान की निशानी मानती हूं।

# बर्फी के लिए जॉइन की थी वर्कशॉप डायरेक्टर को दी थीं गालियां: प्रियंका चोपड़ा



बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा को हाल ही में फिल्म 'हेड ऑफ स्टेट' में देखा गया था। शनिवार को उन्होंने सोशल मीडिया पर बताया कि कैसे उन्हें 'बर्फी' के लिए कास्ट किया गया था। साथ ही बताया कि 'बर्फी' की 'झिलमिल' उनके यादगार किरदारों में से एक है। उन्होंने एक वीडियो शेयर किया। इसमें 'बर्फी' के सीन दिखाई दे रहे हैं। इस फिल्म को अनुराग बसु ने डायरेक्ट किया था। साथ ही, उन्होंने शेयर किया कि कैसे वो ये रोल लगभग खोने वाली थीं।

प्रियंका ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, जनवरी 2009 में मैं न्यूयॉर्क में 'अंजाना अंजानी' की शूटिंग कर रही थी। तब रणबीर कपूर ने उनकी नई फिल्म 'बर्फी' के बारे में बताया, जिसे अनुराग बसु बना रहे थे। मैं भी उनके काम की तारीफ करती हूं। उन्होंने मुझे जब झिलमिल का रोल ऑफर किया तो मैं बहुत खुश हुई। हम मुंबई में उनके घर पर मिले, तब मैं सजी-धजी एक कार्यक्रम से लौटी थी, पर उन्होंने मुझे देखा और कहा कि वो झिलमिल के रूप में उन्हें सोच नहीं पा रहे हैं, पर हम फिर भी 5 दिन की वर्कशॉप के लिए तैयार हो गए। उन्होंने आगे बताया कि इस वर्कशॉप के दौरान उनकी कितनी बुरी हालत हो गई थी। उन्होंने कहा, हमने खुद को रिसर्च में डुबो दिया, पढ़ना, वीडियो देखना, बच्चों के साथ मीटिंग जो ऑटिज्म से पीड़ित थे और आराम नगर के ऑफिस में एक्सरसाइज करते थे। एक दिन उन्होंने मुझे कहा कि मैं उस पर गंदी हिंदी गालियां बरसाऊं। शर्मिंदा होकर, मैंने फिर भी कोशिश की; यह मजेदार था, और इसने मुझे मेरे कम्फर्ट जोन से बाहर निकाला। और फिर 'बसु-स्टाइल' अभ्यास के बाद, झिलमिल का जन्म हुआ। अधिकतर बर्फी-झिलमिल के सीन बिना तैयारी के किए गए थे।

प्रियंका ने कहा, सर ने एक आइडिया शेयर किया और हमने उस पर काम शुरू कर दिया। यह मेरे पिताजी के सेट पर मुझसे मिलने के आखिरी दिनों में से एक था। बर्फी!, मेरी सबसे अनमोल फिल्मों में से एक है। रवि वर्मन की सिनेमैटोग्राफी बेस्ट थी। खूबसूरत इलियाना डिक्रूज ने श्रुति को एक अद्भुत रूप दिया, रणबीर एक स्टार की तरह चमके, और अनुराग सर शानदार, सौम्य और चंचल थे। उनकी कहानी कहने की कला जादुई है। 'बर्फी' अनुराग बसु की सिनेमा को लिखे गए एक लव लेटर की तरह है, जिसे भारत की तरफ से ऑस्कर के लिए भेजा गया था, लेकिन दुर्भाग्यवश ये कोई अवॉर्ड न जीत सकी।

# सूर्य गोचर सिंह राशि में, तुला-धनु की होगी जमकर कमाई, जानिए सभी राशियों पर प्रभाव और उपाय



सूर्य गोचर सिंह राशि में होने जा रहा है। लगभग एक महीने में गोचर करने वाले सूर्य ग्रह 17 अगस्त को अपनी स्वराशि सिंह में प्रवेश करेंगे, जो अभी कर्क में विराजमान हैं। सूर्य के गोचर को संक्रांति के रूप में भी जाना जाता है। चूंकि सूर्य को शुभ ग्रह का दर्जा प्राप्त है और सूर्य को ज्योतिष में सभी ग्रहों का राजा माना जाता है। ऐसे में सूर्य गोचर काफी अहम होता है। इस पर भी जब कोई ग्रह स्वराशि में जाता है तो उसके प्रभाव में और बढ़ोतरी होती है। ऐसे में सिंह राशि में गोचर के बाद सूर्य का प्रभाव और बढ़ेगा। इसके साथ ही महीने के अंत में सिंह राशि में बुध के गोचर के बाद बुधादित्य योग भी बनेगा। ऐसे में सूर्य गोचर कुछ राशियों के लिए बेहद शुभ रहने वाला है जबकि कुछ राशियों को थोड़े उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ेगा।

**मेष राशि, मिश्रित परिणाम मिलेंगे**

सूर्य गोचर मेष राशि वालों को मिलेजुले परिणाम देने वाला रहेगा। करियर में आपको अड़चनों का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन आप आत्मविश्वास और साहस से बाधाओं को अवसरों में बदल पाएंगे। क्रिएटिव लोगों को फायदा होगा। प्रेम जीवन में अहंकार से बचें। शांत रहें वरना आपको निजी जीवन में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

**उपाय: सूर्य देव को नियमित रूप से अर्घ्य दें।**

**वृषभ राशि, पार्टनरशिप में होगा लाभ**

वृषभ राशि के जातकों को इस दौरान पार्टनरशिप में फायदा हो सकता है। अपने खर्चों को कंट्रोल करें। सोच समझकर निवेश करें। नेतृत्व करने के लिए यह समय बढ़िया है। आपके मान सम्मान में बढ़ोतरी होगी। परिवार में आपके अशांति हो सकती है। बेवजह के गुस्से से बचें। माता की तरफ से आपको स्नेह और सहायता मिलेगी।

**उपाय: जरूरतमंदों को भोजन करना शुभ होगा।**

**मिथुन राशि, आर्थिक रूप से होगा फायदा**

मिथुन राशि के जातकों को करियर में लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आप उत्साह के साथ काम करेंगे। आप पेशेवर जिंदगी में जोखिम भरे फैसले ले पाएंगे। आपको आर्थिक रूप से लाभ होगा। सामाजिक जीवन में आपकी ख्याति बढ़ेगी। किसी यात्रा पर जा सकते हैं। यात्रा आपके लिए लाभकारी रहेगी। सरकारी कार्यों में आ रहीं अड़चनें दूर होंगी।

**उपाय: पिता या पितातुल्य लोगों का सम्मान करें और उन्हें खीर का सेवन कराएं।**

**कर्क राशि, पद-प्रतिष्ठा का लाभ मिलेगा**

सूर्य का गोचर कर्क राशि के जातकों को लाभ दिलाएगा। रोजगार की तलाश में जुटे जातकों को पद और प्रतिष्ठा का लाभ मिलेगा। आपकी सामाजिक स्थिति में सुधार होगा। मान सम्मान में इजाफा होगा। आर्थिक रूप से आपको फायदा हो सकता है। हालांकि आप बातचीत में संयमित रहें। बेवजह का अभिमान करने से बचें। इससे छवि को नुकसान पहुंचेगा।

**उपाय: सूर्य मंत्रों का नियमित जाप करें।**

**सिंह राशि, संपत्ति में कर सकते हैं निवेश**

सिंह राशि वालों के लिए यह समय बेहतरीन रहने वाला है। इस समय आपकी नेतृत्व क्षमता में निखार आएगा। आप ऊर्जावान महसूस करेंगे। इससे आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। अपने कौशल और निर्णय क्षमता से लोगों को प्रभावित करेंगे। संपत्ति में निवेश कर सकते हैं। प्रेम संबंधों के लिहाज से समय अनुकूल रहने वाला है।

सिंह राशि के लिए सूर्य गोचर के उपाय: आदित्य हृदय स्तोत्र का पाठ करें और गुड़ का परहेज करें।

कन्या राशि, खर्चों को नियंत्रण में रखें

कन्या राशि के जातकों के संबंधों में इस अवधि में सुधार होगा। विद्यार्थी वर्ग को इस समय सफलता मिल सकती है। बस आप अप्रत्याशित चीजों से बचने का प्रयास करें। आपके खर्चों में बढ़ोतरी हो सकती है। इसके साथ ही कानूनी पचड़े आपके सामने आ सकते हैं। नियमों का पालन करें। रोजगार में बदलाव कर सकते हैं।

कन्या राशि के लिए सूर्य गोचर के उपाय: रोजाना मंदिर जाएं और अपने ईष्ट देव की पूजा करें।

तुला राशि, प्रमोशन मिलने के आसार

तुला राशि के जातकों के लिए सूर्य गोचर शुभ रहने वाला है। आपको कार्यक्षेत्र में प्रमोशन मिल सकता है। सैलरी में भी बढ़ोतरी हो सकती है। आपके मान सम्मान में इजाफा होगा। यही नहीं आपकी मनोकामना पूरी हो सकती है जिससे आपका मन फूले नहीं समाएगा। कारोबार में लाभ के बड़े मौके मिल सकते हैं। जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा।

**उपाय: तामसिक चीजों के सेवन से बचें। आपके लिए लाभकारी होगा।**

**वृश्चिक राशि, बड़ी सफलता मिल सकती है**

सूर्य गोचर के दौरान वृश्चिक राशि के जातकों को करियर में नए मौके मिलेंगे। आपके काम से वरिष्ठ अधिकारी प्रसन्न होंगे। इसके साथ ही आपके संबंधों में भी मजबूती आएगी। विरोधी पक्ष आपका कुछ नहीं कर पाएगा। हालांकि इस दौरान गुस्सा करने से बचें। आलोचना को सकारात्मक तरीके से लें। ये समय आपको बड़ी सफलता दिला सकता है।

**उपाय: शनिवार के दिन काले कपड़ों का दान करें।**

**धनु राशि, भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा**

धनु राशि के जातकों के लिए सूर्य गोचर शुभ रहने वाला है। आपको इस दौरान भाग्य का जबरदस्त लाभ मिलेगा। करियर में आप नई ऊंचाइयां हासिल करेंगे। कमाई के भी आपको अच्छे मौके मिलेंगे। विदेश में पढ़ाई करने का मन बना रहे लोगों के लिए यह समय अनुकूल रहने वाला है। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आपकी मेहनत रंग लाएगी। आपको सफलता मिलेगी।

**उपाय: नमक का सेवन करने से बचें। रविवार को बिल्कुल न खाएं।**

**मकर राशि, चुनौतियों का धैर्यपूर्वक करें सामना**

मकर राशि के जातकों के लिए सूर्य गोचर कठिन समय लेकर आ सकता है। आपको इस समय करियर में कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। इस वजह से आपको मानसिक रूप से बेचैनी हो सकती है। वरिष्ठ लोगों से विवाद करने से बचें। हालांकि इस दौरान आपको पैतृक संपत्ति का लाभ मिल सकता है। लेकिन खर्चों को कंट्रोल में रखें।

**उपाय: गुस्सा करने से बचें और सूर्य चालीसा का पाठ करें।**

**कुंभ राशि, बड़ा जोखिम उठाने से बचें**

सूर्य गोचर कुंभ राशि के लिए कारोबार के लिहाज से अच्छा रहने वाला है। इस अवधि में व्यापारियों को लाभ हो सकता है। आपके कारोबार में विस्तार हो सकता है। हालांकि इस दौरान बड़ा जोखिम लेने से बचें। नौकरीपेशा जातकों को सफलता प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ सकती है। आपको दोस्तों और सहकर्मियों का पूरा सहयोग मिलेगा।

**उपाय: रविवार के दिन नमकीन वस्तुओं का परहेज करें।**

**मीन राशि, विवादों से दूर रहें**

मीन राशि वालों को सूर्य गोचर की अवधि में कार्यक्षेत्र में लाभ होगा। आपके काम की तारीफ होगी। उच्च अधिकारी आप पर भरोसा जताएंगे। आपके उनके साथ संबंध अच्छे होंगे, लेकिन प्रतिस्पर्धा वाले कार्यों में सफलता के लिए आपको अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है। सेहत का ख्याल रखें। किसी भी तरह के विवाद से दूरी बनाकर रखें।

**उपाय: बंदरों को खाने के लिए कुछ दें।**

# राधाष्टमी 31 को मनाई जाएगी जानें पूजा मुहूर्त और विधि





हिंदू धर्म में हर पर्व और त्योहार का अपना अलग और विशेष महत्व होता है। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के बाद राधा अष्टमी का पर्व बहुत विशेष तरह से मनाया जाता है। राधा अष्टमी को भगवान कृष्ण की अर्धाङ्गिनी देवी राधा के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। हर वर्ष राधा अष्टमी का यह पर्व भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि पर मनाया जाता है। साल 2025 में किस दिन मनाया जाएगा यह पर्व जानते हैं इस व्रत को रखने की तिथि। राधा अष्टमी को राधा अष्टमी या राधा जयंती के नाम से भी जाना जाता है।

**राधा अष्टमी 2025 तिथि**

राधा अष्टमी के दिन अष्टमी तिथि की शुरुआत 30 अगस्त, 2025 को रात 10:46 बजे होगी।

अष्टमी तिथि समाप्त 1 सितंबर, 2025 को 12:57 मिनट पर होगी।

राधा अष्टमी 31 अगस्त, 2025 रविवार को मनाई जाएगी।

इस दिन मध्याह्न समय सुबह 11:05 से लेकर दोपहर 01:38 मिनट तक रहेगा।

राधा अष्टमी के दिन भक्त व्रत करते है। राधा अष्टमी के दिन देवी राधा की पूजा मध्याह्न काल यानी दोपहर के समय की जाती है। राधा अष्टमी का पर्व हर साल अगस्त या सितंबर के महीने में रखा जाता है। श्री कृष्ण और राधा जी का नाम हमेशा एक साथ लिया जाता है। यानि श्री कृष्ण जन्मोत्सव के 15 दिन के बाद राधा अष्टमी का पर्व मनाया जाता है। इस दिन खास राधा रानी की पूजा-अर्चना और आराधना की जाती है। मान्यता है इस दिन राधा रानी का अवतरण हुआ था। इस दिन राधा जी को उनकी प्रिय चीजों का भोग लगाया जाता है।

**राधा अष्टमी 2025 पूजन विधि**

इस दिन सुबह नहाकर व्रत का संकल्प लें।

राधा रानी की मूर्ति चौकी पर स्थापित करें।

राधा रानी का पूरा श्रृंगार करें, उन्हें नए वस्त्र पहनाएंऔर तिलक करें।

राधा अष्टमी व्रत कथा पढ़ें

राधा रानी के मंत्रों का जाप करें।

अंत में आरती करें और दान पुण्य जरूर करें।

# जीवन में बेहतर इंसान बनने के लिए हमेशा याद रखें गीता के यह 6 उपदेश



जन्माष्टमी का पर्व आज देशभर में मनाया जा रहा है। इस खास दिन को भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। श्री कृष्ण ने गीता के उपदेश अर्जुन को महाभारत युद्ध के दौरान दिए थे। ऐसा इसलिए किया था क्योंकि अर्जुन युद्ध करने से हिचकिचा रहे थे। वह अपने परिवार के खिलाफ युद्ध नहीं करना चाहते थे। इसीलिए श्री कृष्ण के उन्हें कर्म, ज्ञान और भक्ति के बारे में बताया।

भगवान कृष्ण का एक प्रमुख उपदेश है कि हमें हमेशा अपना कर्म अच्छे से करना चाहिए फल की चिंता नहीं करनी चाहिए। गीता में इसपर एक श्लोक लिखा गया है कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन, मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते सङ्गोऽस्त्वकर्मणि इसका अर्थ है कि हमें अपने काम को ईमानदारी से करना चाहिए और उसके परिणाम के बारे में सोचने की बजाय अपने काम पर ध्यान देना चाहिए।

**आज के काम को कल पर न टालें**

श्रीमद् भगवत गीता में श्री कृष्ण ने यह बताया है कि हमें कभी भी अपना आज का काम कल पर या किसी और पर नहीं डालना चाहिए। अपने काम को समय रहते पूरा करना चाहिए ऐसे लोगों को ही सफलता प्राप्त होती है अन्यथा आप जीवन भर सफलता प्राप्त करने के लिए भागते रहेंगे।

**अपने ऊपर विश्वास रखें**

गीता में इस बात पर विशेष जोर दिया गया है कि हमें सदैव अपने ऊपर विश्वास रखना चाहिए। हमें अपनी क्षमताओं को पहचानना चाहिए और फिर आगे बढ़ना चाहिए। हर व्यक्ति में अलग-अलग क्षमताएं होती है हमें अपनी क्षमताओं को पहचानना चाहिए और विश्वास करना चाहिए।

**मन को नियंत्रण में रखें**

गीता में यह उपदेश दिया गया है हमें अपने मन को नियंत्रण में रखकर चलना चाहिए। इस बात को श्री कृष्ण ने अर्जुन को बताया है कि अपना ध्यान अपने कर्मों पर रखकर हमें फल की चिंता ना करते हुए। शांत मन से अपने काम को करना चाहिए और मन को भागने से रोकना चाहिए।

**हमेशा सत्य के मार्ग पर चलना**

श्री कृष्ण का यह उपदेश सबसे महत्वपूर्ण है कि हमें हमेशा सत्य की राह पर चलना चाहिए। सत्य का मार्ग आपको जीवन में हर वो चीज दिला सकता है जो आपके लिए नहीं भी बनी होती। सत्य वो मार्ग है जिस पर चलकर आप हर हारी हुई जंग को भी जीत सकते हैं।

**भगवान पर अटूट विश्वास**

श्री कृष्ण ने गीता में यह उपदेश दिया है कि हमें भगवान के प्रति प्रेम और समर्पण का भाव रखना चाहिए। ईश्वर पर विश्वास रखने से मन को शांति मिलती है। इसलिए भगवान पर अपना विश्वास बनाए रखें।

# जिस लड़की की कुंडली में होता है यह योग पति होता है अमीर, रानी जैसा मिलता है सुख



ज्योतिष शास्त्र में किसी भी जातक की जन्मकुंडली को देखकर उसके भविष्य, जीवन और स्वभाव के बारे में पता लगाया जाता है। कुछ लोगों की कुंडली में कभी-कभी इतने शुभ योग बनते हैं कि वे जीवनभर धनवान ही बने रहते हैं। वहीं, कभी कुछ योग ऐसे भी होते हैं कि व्यक्ति का जीवन समस्याओं से भरा रहता है। लेकिन हम आपको ऐसे योग के बारे में बताने जा रहे हैं, जो अगर किसी लड़की की कुंडली में मौजूद हो तो उसे पति ज्यादा धनवान मिलता है। साथ ही, मायका हो या ससुराल हर जगह ये रानी जैसा ही सुख उठाती हैं और जीवन में खूब पैसा कमाती हैं।

**राज्य पूजित राजयोग-** विशेष रूप से यह राजयोग महिलाओं के लिए बहुत शुभ होता है। अगर किसी स्त्री की कुंडली के सप्तम भाव का स्वामी कोई शुभ ग्रह जैसे- गुरु, शुक्र, बुध या चंद्रमा हो तो राज्य पूजित राजयोग बनता है। इस योग के बनने से लड़की का शादी के बाद का जीवन बहुत ही खुशहाल होता है और उन्हें धनवान पति प्राप्त होता है। इन स्त्रियों के जीवनसाथी भाग्यशाली होते हैं और किसी भी क्षेत्र में उच्च पद पर होते हैं। ऐसे में शादी के बाद इन लड़कियों को अपने पति के द्वारा सुख-संपत्ति और ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है। साथ ही, ये लड़कियां जीवनभर रानी जैसा सुख उठाती हैं और इनके पति भी बहुत प्रभावशाली होते हैं।

**चंद्र मंगल योग-** अगर किसी लड़की की कुंडली में सप्तम भाव में चंद्र मंगल योग की युति बन रही हो और खास तौर पर चंद्रमा कर्क, मेष या मकर राशि में हो तो ऐसी स्त्रियां बहुत भाग्यशाली होती हैं। इन्हें विवाह के बाद अपने पति के द्वारा हर प्रकार का सुख प्राप्त होता है। साथ ही, यह खुद भी अपने करियर में खूब तरक्की हासिल करती हैं और इन्हें जीवन में कभी भी धन की कमी नहीं होती है। इन लड़कियों के जीवनसाथी की तरक्की कभी घटती नहीं, बल्कि दिन पर दिन बढ़ती ही जाती है। ऐसे में शादी से पहले और बाद का जीवन इनका बहुत अच्छा होता है और ये लड़कियां खूब धनवान बनती हैं। अगर कुंडली में यह योग बने तो स्त्री बिजनेस में भी बड़ी सफलता हासिल करती है।

**मालव्य योग-** यह शुक्र से बनने वाला राजयोग होता है, जो स्त्रियों में विशेष रूप से कारक है। अगर शुक्र किसी लड़की के विवाह स्थान यानी सप्तम भाव में उच्च राशि में जैसे- तुला, वृषभ या मीन राशि में हो तो मालव्य योग बनता है। इन लड़कियों का वैवाहिक जीवन बहुत सुखी होता है। साथ ही, ये लग्जरी लाइफ जीती हैं और अपने जीवन में कुछ बड़ा कर सकती हैं। कुंडली में इस योग के बनने से स्त्रियों को जीवनसाथी भी बहुत अमीर मिलता है, जिसके चलते विवाह के बाद ये रानी जैसा सुख उठाती हैं और प्रकार की खुशियां इन्हें प्राप्त होती है

**शश राजयोग-** अगर कुंडली में शनि सप्तम भाव में हो तो शश राजयोग बनता है। इस योग के किसी स्त्री के कुंडली में बनने से उन्हें शादी के बाद बहुत खुशनुमा जीवन मिलता है। साथ ही, जीवन में कभी भी धन-वैभव की कमी नहीं होती है। ऐसी स्त्रियों के पति परंपरावादी होते हैं, जिन्हें नियम कानून का पालन सख्ती से करना पसंद होता है।

# संतान सप्तमी 30 को मनाई जाएगी

## जानें महत्व, तिथि और शुभ मुहूर्त, संतान सुख के लिए किया जाने वाला विशेष व्रत



हिंदू पंचांग में भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को संतान सप्तमी कहा जाता है। यह व्रत खासतौर पर संतान की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य और समृद्धि के लिए किया जाता है। माना जाता है इस दिन विधि-विधान से व्रत-पूजा करके अपने बच्चों के जीवन से संकट दूर कर सकते हैं।भाद्रपद मास की शुक्ल पक्ष सप्तमी को संतान सप्तमी का व्रत किया जाता है। यह व्रत विशेष रूप से संतान सुख, उनकी लंबी उम्र और उज्ज्वल भविष्य के लिए रखा जाता है। मान्यता है कि इस दिन सच्चे मन से व्रत करने से संतान का स्वास्थ्य, भाग्य और जीवन खुशियों से भर जाता है।

संतान सप्तमी व्रत आस्था, भक्ति और प्रेम का प्रतीक है। सही विधि से व्रत करने पर संतान सुख, खुशहाल जीवन और पारिवारिक समृद्धि का आशीर्वाद मिलता है। संतान सप्तमी सिर्फ एक व्रत नहीं, बल्कि माता-पिता के अपने बच्चों के प्रति प्रेम और चिंता का प्रतीक है। श्रद्धा और विश्वास से किया गया यह व्रत संतान को दीर्घायु, स्वास्थ्य और सुखमय जीवन प्रदान करता है।

**संतान सप्तमी 2025 तिथि और शुभ मुहूर्त**

तिथि: 30 अगस्त 2025, शनिवार

सप्तमी तिथि प्रारंभ: 29 अगस्त, रात 8:25 बजे

सप्तमी तिथि समाप्त: 30 अगस्त, रात 10:46 बजे

पूजा का शुभ मुहूर्त: सुबह 11:05 बजे से दोपहर 12:47 बजे तक

इस दिन सूर्योदय के समय स्नान-ध्यान कर व्रत का संकल्प लें और पूजा में शिव-पार्वती के साथ भगवान श्रीकृष्ण का भी ध्यान करें।

**व्रत का महत्व**

संतान सप्तमी व्रत का सीधा संबंध संतान की रक्षा और उन्नति से है। मान्यता है कि इस व्रत को करने से माता-पिता की गोद कभी सूनी नहीं रहती। विवाहित दंपति संतान प्राप्ति के लिए और माता-पिता संतान के दीर्घायु के लिए यह व्रत करते हैं।

**पूजा विधि**

सुबह स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण करें और व्रत का संकल्प लें।

पूजा स्थान पर भगवान शिव, माता पार्वती की प्रतिमा स्थापित करें।

घर के पूजा स्थान में भगवान सूर्य की प्रतिमा या चित्र स्थापित करें।

भगवान सूर्य को अर्घ्य दें और सप्त धान्य, लाल फूल, अक्षत अर्पित करें।

माता सत्वती और सप्तमातृका का पूजन करें।

चंदन, अक्षत, पुष्प, दीपक, धूप और नैवेद्य अर्पित करें।

संतान सप्तमी व्रत कथा का श्रवण करें और संतान सुख की प्रार्थना करें।

शाम को सूर्यास्त के बाद व्रत का पारण करें।

व्रत पूरा होने पर ब्राह्मण या जरूरतमंद को भोजन और वस्त्र दान दें।

**पौराणिक कथा**

कहानी के अनुसार, एक समय राजा की पत्नी की सात संतानें थीं, लेकिन सभी की अल्पायु में मृत्यु हो गई। दुखी होकर रानी ने एक साधु से उपाय पूछा। साधु ने उन्हें भाद्रपद शुक्ल सप्तमी को माता सत्वती का व्रत करने की सलाह दी। रानी ने पूरी श्रद्धा से व्रत किया, जिसके बाद उन्हें एक स्वस्थ और दीर्घायु पुत्र प्राप्त हुआ। तब से यह व्रत संतान की रक्षा और आयु वृद्धि के लिए किया जाने लगा।

**ज्योतिषीय मान्यता**

ज्योतिष में सप्तमी तिथि सूर्यदेव को समर्पित मानी जाती है। सूर्य जीवनदाता और आरोग्य के देवता हैं, इसलिए इस दिन व्रत और पूजा से नकारात्मक ग्रह दोष शांत होते हैं और बच्चों के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। जिनकी कुंडली में पितृ दोष या संतान सुख में बाधा हो, उनके लिए यह व्रत विशेष फलदायी है।

**संतान सुख के उपाय**

संतान सप्तमी पर पीपल के पेड़ में जल अर्पित करें और संतान की लंबी उम्र की कामना करें।

छोटे बच्चों को भोजन कराएं और उन्हें लाल वस्त्र भेंट दें।

सूर्यदेव को गुड़ और गेहूं का भोग लगाएं।

# मंचेरियाल में राजस्थानी प्रवासियों की ट्रेन ठहराव की मांग





## प्रशासन और नेताओं से कोई ठोस निष्कर्ष नहीं

**मंचेरियाल, 16 अगस्त 2025 (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मंचेरियाल जिले में रहने वाले राजस्थानी प्रवासी अपने गृह राज्य राजस्थान जाने के लिए ट्रेन सुविधा की कमी से जूझ रहे हैं। उन्हें मंचेरियाल रेलवे स्टेशन से सीधे ट्रेन न मिलने के कारण बल्लारशा, कागजनगर, या नागपुर जैसे अन्य स्टेशनों पर जाना पड़ता है। इस समस्या को हल करने के लिए प्रवासियों ने हाल ही में शुरू हुई चेन्नई-भगत की कोठी ट्रेन (20626/20625) के मंचेरियाल स्टेशन पर ठहराव की मांग की है, लेकिन कई प्रयासों के बावजूद कोई ठोस परिणाम नहीं मिला।

प्रवासियों ने इस मुद्दे को उठाने के लिए सबसे पहले मंचेरियाल स्टेशन मास्टर से संपर्क किया। स्टेशन मास्टर ने उन्हें सिकंदराबाद स्थित रेलवे जीएम कार्यालय में प्रस्ताव भेजने की सलाह दी। इसके बाद प्रवासियों ने सिकंदराबाद जाकर जीएम कार्यालय में ट्रेन ठहराव के लिए ज्ञापन सौंपा। महीनों इंतजार के बाद भी कोई प्रगति नहीं हुई। जब उन्होंने दोबारा सिकंदराबाद में पूछताछ की, तो उन्हें बताया गया कि इस प्रस्ताव पर प्रक्रिया चल रही है।

कुछ समय बाद, जब सिकंदराबाद जीएम मंचेरियाल के दौरे पर आए, प्रवासियों ने उनसे फिर इस मुद्दे पर बात की। जीएम ने पुनः यही जवाब दिया कि प्रक्रिया चल रही है और सुझाव दिया कि वे जिले के सांसद से अनुमति पत्र लें। प्रवासियों ने तुरंत जिले के सांसद जी. वामसी कृष्णा से संपर्क किया। सांसद ने उनकी बात सुनी, पत्र स्वीकार किया, और आश्वासन दिया कि वे इस मामले में मदद करेंगे। सांसद द्वारा दिया गया पत्र लेकर प्रवासी फिर से जीएम कार्यालय पहुंचे, लेकिन वहां भी उन्हें वही जवाब मिला कि प्रक्रिया चल रही है।

जब इस दिशा में भी कोई प्रगति नहीं हुई, तो प्रवासियों ने मंचेरियाल के भाजपा कार्यालय में जाकर स्थानीय नेता वेराबेली रघुनाथ से मदद मांगी। भाजपा नेता ने भी आश्वासन दिया, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। बार-बार के आश्वासनों और प्रक्रियाओं के बावजूद कोई निष्कर्ष न निकलने से प्रवासी निराश और नाराज हैं।

प्रवासियों का कहना है कि चुनाव के समय नेता वोट मांगने तो आते हैं, लेकिन जनता की समस्याओं के समाधान के लिए कोई गंभीर प्रयास नहीं करते। उनका आरोप है कि सांसद, मंत्री और विधायक केवल झूठे वादे करके जनता को गुमराह करते हैं। इस ज्ञापन और प्रयासों में मंचेरियाल के प्रवासी कृष्णा सोलंकी, शांतिलाल माली, अशोक परमार, गोविंद पटेल और भाजपा कार्यकर्ता राकेश रेनवा शामिल रहे।

प्रवासियों ने अब ठोस कार्रवाई की मांग की है और चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो वे आगे और सख्त कदम उठाने को मजबूर होंगे।

# यदाद्रि भुवनगिरी में भाजपा जिला महासचिव के रूप में कडुरी अचैया की नियुक्ति



**यदाद्रि भुवनगिरी, 16 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** यदाद्रि भुवनगिरी जिले के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के जिला अध्यक्ष उत्कुरी अशोक गौड़ ने कडुरी अचैया को जिला महासचिव के रूप में नियुक्ति पत्र सौंपा। इस अवसर पर कडुरी अचैया ने पार्टी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि वे इस जिम्मेदारी को पूरे समर्पण के साथ निभाएंगे और पार्टी को मजबूत करने के लिए अथक प्रयास करेंगे।

नियुक्ति के दौरान कडुरी अचैया ने कई प्रमुख नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने विशेष रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष पशम भास्कर अन्ना, जिन्होंने उनके चुनाव का समर्थन किया, प्रदेश महासचिव पदमती जगनमोहन रेड्डी, राज्य परिषद सदस्य राचा श्रीनिवास, सुरवी श्रीनिवास, यारीगुट्टा मंडल अध्यक्ष गुंटुपल्ली माहेश्वरी सत्यनारायण, और जिला पदाधिकारी गोपाल बिक्षापति कतुरी मधु को धन्यवाद दिया।

कडुरी अचैया ने कहा, मैं इस नियुक्ति के लिए सभी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। मैं पार्टी के प्रति अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा के साथ निभाऊंगा और यदाद्रि भुवनगिरी जिले में भाजपा को और मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास करूंगा।

यह नियुक्ति जिले में भाजपा की संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने और पार्टी की स्थिति को और सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# मंचेरियाल जिले के गांवों में भारी बारिश पुलिस ने लोगों को सतर्क रहने को कहा



**मंचेरियाल, 16 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मंचेरियाल जिले के कोटापल्ली मंडल में भारी बारिश हो रही है बारिश के कारण नदियां और छोटे नाले उफान पर हैं गोदावरी और प्राणहिता नदियों में नया पानी प्रवेश करने के साथ नदियों में प्रवाह हर घंटे बढ़ रहा है इस बीच भारी बारिश के कारण कोटापल्ली पुलिस को सतर्क कर दिया गया है चेन्नूर ग्रामीण सीआई बंसीलाल और कोटापल्ली एसआई राजेंद्र ने प्राणहिता और गोदावरी जलग्रहण क्षेत्रों में लोगों को सलाह दी है कि वे नदियों की ओर मछली पकड़ने न जाएं और नदियों, नालों, तालाबों और नालों को पार करने की कोशिश न करें। बिजली दुर्घटनाओं के खतरे के कारण लोगों को बिजली के तारों खंभों और ट्रांसफार्मर के करीब नहीं जाना चाहिए और पशुपालकों को सावधान रहना चाहिए कि वे अपने मवेशियों के साथ जंगलों और नालों को पार न करें।मिट्टी की दीवारों पुराने घरों और जर्जर घरों में रहने वालों को तुरंत सुरक्षित इलाकों में चले जाना चाहिए कोटापल्ली के उप-निरीक्षक राजेंद्र ने कोटापल्ली मंडल के नक्कलपल्ली गाँव की ओर जाने वाली सड़क पर खड्डों के पूर्वानुमान के कारण यात्रियों को इस मार्ग पर अपनी यात्रा स्थगित करने की सलाह दी है उन्होंने कहा कि आपात स्थिति में वे तुरंत कोटापल्ली पुलिस से संपर्क करें उन्होंने लोगों से अफवाहों पर विश्वास करने के बजाय सतर्क रहने और अधिकारियों के निर्देशों का पालन करने का आग्रह किया।

# यूरिया की कमी के लिए केंद्र जिम्मेदार : डी.श्रीधर बाबू

**मंचेरियाल, 16 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** आईटी और उद्योग मंत्री डी. श्रीधर बाबू ने तेलंगाना में यूरिया की कमी के लिए केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराया है राज्य सरकार ने कृषि सीजन शुरू होने पर यूरिया की कमी की संभावना के बारे में केंद्र को पहले ही सूचित कर दिया था तथा राज्य की आवश्यकताओं का विवरण भी प्रस्तुत कर दिया गया था।मंत्री ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा बार-बार अनुरोध के बावजूद केंद्र सरकार ने राज्य को पर्याप्त मात्रा में यूरिया की आपूर्ति नहीं की है हालांकि विपक्षी दल यह दावा करते हुए हंगामा कर रहे हैं कि कृत्रिम कमी पैदा की गई है आंध्र प्रदेश के साथ जल-बंटवारे के मुद्दे पर श्रीधर बाबू ने स्पष्ट किया कि तेलंगाना के जल अधिकारों से समझौता करने का कोई सवाल ही नहीं उठता राज्य, अतिरिक्त जल के उपयोग के नाम पर आंध्र प्रदेश को कोई भी परियोजना बनाने की अनुमति नहीं देगा उन्होंने कहा कि तेलंगाना ऐसी किसी भी परियोजना को अस्वीकार कर देगा जो राज्य



के हितों को नुकसान पहुंचा सकती है उन्होंने केंद्र सरकार से जल बंटवारे पर स्पष्टता प्रदान करने का आग्रह किया केंद्र सरकार से तेलंगाना की परियोजनाओं को मंजूरी देने की मांग करते हुए उन्होंने कहा कि बीआरएस और भाजपा दोनों ने दस साल बर्बाद कर दिए है अधिवक्ता वामन राव और उनकी पत्नी की हत्या के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि मृतक के पिता के अनुरोध के आधार पर सर्वोच्च न्यायालय ने सीबीआई जांच का आदेश दिया था उन्होंने आगे कहा वकील दंपति की हत्या के पीछे कई प्रभावशाली लोगों का हाथ है मुझे पूरा विश्वास है कि सीबीआई जाँच में असली अपराधी बेनकाब होंगे मैं शुरू से ही इसकी माँग करता रहा हूँ।

# राजस्थानी शिक्षा समिति ने धूम-धाम से मनाया 79वाँ स्वाधीनता दिवस समारोह





**निजामाबाद, 16 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** शहर की प्रमुख शिक्षण संस्था राजस्थानी शिक्षा समिति द्वारा संचालित सभी शिक्षण संस्थाओं हरिचरण मारवाड़ी हिन्दी विद्यालय हिन्दी माध्यम, आदर्श हिन्दी विद्यालय अंग्रेजी माध्यम, आदर्श हिन्दी महाविद्यालय जूनियर एवं डिग्री कॉलेज एवं अक्षरधाम विद्यालय का संयुक्त रुप से राष्ट्रपति मार्ग स्थित हरिचरण मारवाड़ी हिन्दी विद्यालय प्रांगण में 79वाँ स्वाधीनता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया । इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप हरिचरण शिक्षा ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं समाजसेवी वेदप्रकाश मित्तल उपस्थित हुए ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य द्वार पर संस्था के पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य, ट्रस्टी एवं शिक्षण प्रमुखों द्वारा किया गया तथा एनसीसी कैडेटों द्वारा सलामी दी गयी । इसी क्रम में विद्यालय प्रांगण में स्थित माँ सरस्वती की पूजा अर्चना, दानवीर सेठ श्री हरिचरणजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के पश्चात् राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण मुख्य अतिथि के करकमलों से किया गया ।

ध्वजारोहण के बाद माननीय मुख्य अतिथि वेदप्रकाशजी मित्तल का स्वागत संस्था के कायर्वाहक अध्यक्ष विनय कुमार सोनी, कार्यक्रम के सभापति विनय कुमार सोनी का कार्यक्रम संयोजक गोविन्दप्रसाद झँवर, हरिचरण शिक्षा ट्रस्ट के ट्रस्टी पूनमचन्द गुप्ता का मंत्री श्रीवल्लभ सारड़ा, ट्रस्टी पवन कुमार केडिया का कोषाध्यक्ष श्रीराम सोनी, ट्रस्टी ओमनारायण अट्टल का उपमन्त्री पवन कुमार मुन्दडा, ट्रस्टी कमलकिशोर इन्नाणी का हिन्दी माध्यम के प्रधानाध्यापक आनन्द उपाध्याय ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत सत्कार किया गया । इसी क्रम में संस्था के कार्यवाहक अध्यक्ष विनय कुमार सोनी ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया जिसमें उन्होंने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, हरिचरण शिक्षा ट्रस्ट के समस्त न्यासियों, राजस्थानी शिक्षा समिति के समस्त पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों एवं साधारण सभा के सदस्यों सहित सभी उपस्थित शहर के नागरिकगणों, पालकों एवं विद्यार्थियों का कार्यक्रम में स्वागत किया । तत्पश्चात् संस्था के मानद मंत्री श्रीवल्लभ सारड़ा ने विद्यालयों में बढ़ती संख्या को देखते हुए स्व. भिक्कूलालजी व्यास, स्व. मदनलालजी पारीक, स्व. ओमप्रकाशजी तिवाड़ी, मधुसूदनजी अग्रवाल, सीतारामजी पाण्डे, ओमनारायणजी अट्टल, कमलकिशोरजी दायमा एवं वर्तमान में संस्था के अध्यक्ष श्यामसुन्दरजी अग्रवाल एवं उनकी टीम आदि शिक्षा प्रेमियों द्वारा भवन एवं कक्षाओं का निर्माण करने पर आभार व्यक्त किया । कार्यक्रम संयोजक गोविन्दप्रसाद झँवर ने मुख्य अतिथि का जीवन परिचय प्रस्तुत किया जिसके पश्चात् मुख्य अतिथि वेदप्रकाश मित्तल ने अपने संबोधन के माध्यम से सभी उपस्थितों को 79वें स्वाधीनता दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए संस्था द्वारा संचालित की जा रही सभी शिक्षण संस्थाओं के उत्तरोत्तर प्रगति की कामना व्यक्त की । साथ ही उन्होंने बताया कि मैं अपनी पूरी शिक्षा दीक्षा इसी विद्यालय से पूरी कर आज मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित होने अपने आप में गौरव महसूस कर रहा हूँ । सभी विद्यार्थियों से उन्होंने आग्रह किया कि आप सभी इस विद्यालय में प्रदान की जा रही शिक्षा को अच्छे से ग्रहण कर अपने विद्यालय एवं परिवार का नाम रौशन करें ।

इसके पश्चात् सभी शिक्षण संस्थाओं के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए । सांस्कृतिक कार्यक्रम हिन्दी माध्यम के अध्यापिका ज्योति चाण्डा, श्रवंती, अखिला, पीईटी राजकुमार, अंग्रेजी माध्यम के अध्यापक गंगलता, भावना, मणि कुमार, अक्षरधाम विद्यालय की अध्यापक सरस्वती, भक्ति, श्रवंती, दीक्षा आदि के निर्देशन में प्रस्तुत मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए गए । इसके पश्चात् विगत दसवी कक्षा की परीक्षा में प्रथम स्थान पर आने वाले हिन्दी माध्यम के छात्र लक्ष्मी शर्मा, अंग्रेजी माध्यम की छात्र जी. शुभदीप, अक्षरधाम की छात्र गोविन्द कदम को नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया । इसी क्रम में संस्था द्वारा संचालित विद्यालय एवं कॉलेज के अध्ययन कर चुके विद्यार्थी जिन्होंने अपनी आगामी शैक्षणिक सफलता प्राप्त किए है, जो हालही में माननीय राज्यपाल जिष्णुदेव वर्मा के हाथों एमबीए की पढ़ाई में विश्वविद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने पर गोल्डमेडल द्वारा सम्मानित किए गए जिनमें सोनल व्यास, पूजा उपाध्याय, वैष्णवी उपाध्याय एवं डिग्री कॉलेज के विद्यार्थी सीए. रुपेश इन्नाणी, सीए निकिता तोष्णीवाल, सीए. नन्दिनी जोशी, सीएस शैलेन्द्र व्यास का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया ।

इसी के अन्तर्गत हरिचरण मारवाड़ी हिन्दी विद्यालय प्रांगण में नव-निर्मित भवन के अनुदानकर्ताओं बालकिशन अग्रवाल (के.आर.), भगवानदास घनश्यामदास उपाध्याय, श्रीराम सीताराम जाजू, श्यामसुन्दर बालकिशन बंग, दूलीचन्द कैलाश गोयंका, ओट्टरी क्लब, हरिचरण विद्यालय एसएससी बैच 2002, हरिचरण विद्यालय डिग्री बैच 1980 एवं एसएससी बैच 1975 को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया । साथ ही भवन निर्माण में अपना अभूतपूर्व सहयोग प्रदान करने वाले इंजीनियर श्याम राठी, निलेश अग्रवाल, धीरज मालू एवं अभिषेक अग्रवाल को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया ।

कार्यक्रम के अन्त में माननीय मुख्य अतिथि वेदप्रकाश मित्तल को संस्था के कार्यवाहक अध्यक्ष विनय कुमार सोनी एवं मंत्री श्रीवल्लभ सारड़ा ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया । संस्था के उपमंत्री पवन मुन्दड़ा के आभार प्रदर्शन एवं कार्यक्रम संयोजक गोविन्द झँवर के सफल संयोजन में कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ ।इस अवसर पर संस्था के कार्यकारिणी सदस्य अशोक कुमार मालू, जुगलकिशोर जाजू, रामेश्वर तोतला, श्रीकांत झँवर, अनिल कुमार मुन्दड़ा, राजेंद्र पाण्डे, घनश्याम उपाध्याय, पवन कुमार बंग, रमेश कुमार राठी, गौरीशंकर दायमा, सतीश कुमार व्यास, गोविन्द पारीक, श्यामसुन्दर तिवाड़ी, सीताराम पाण्डे सहित पाँचों शिक्षण प्रमुख, अध्यापक व प्राध्यापकगण, विद्यार्थी एवं शहर के संभ्रांत नागरिकगण उपस्थित थे ।

# उच्च न्यायालय के फैसले के बाद अगले महीने स्थानीय निकाय चुनाव होने की संभावना

## आरक्षण पर स्पष्टता का अभाव

**मंचेरियाल, 16 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** उच्च न्यायालय ने स्थानीय निकाय चुनाव तीन महीने के भीतर कराने का आदेश दिया है लेकिन खबर है कि सरकार अगले महीने (सितंबर) के अंत तक इन्हें कराने की तैयारी कर रही है ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि पहले नझढउ या चझढउ चुनाव होंगे और फिर सरपंच चुनाव, इस पर काफ़ी चर्चा हो रही है किसी भी गाँव में पहले से ही पार्टीवार कड़ी प्रतिस्पर्धा चल रही है हर जगह चर्चा का विषय बना हुआ है लेकिन आरक्षण पर अभी भी कोई स्पष्टता नहीं होने के कारण चुनाव स्थगित होने की आशंका भी बनी हुई है जब गाँव अच्छे होंगे तभी देश अच्छा होगा इस महान विचार के साथ तेलंगाना केसीआर सरकार ने स्थानीय निकायों को मजबूत किया है



इसने पंचायत राज और नगरपालिका अधिनियमों में संशोधन किया है यह बदली हुई परिस्थितियों और आज के समाज के अनुकूल नए कानून लेकर आई है नए कानूनों के बाद पूर्व में तय किए गए आरक्षण दस साल तक लागू रह सकते है इसका मतलब है कि चूँकि पंचायत चुनाव छह साल पहले हुए थे इसलिए इस बार भी वही आरक्षण जारी रह सकता है लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि कांग्रेस सरकार पुराने आरक्षण को जारी रखेगी या नए तरीके से आगे बढ़ेगी एक तरफ चर्चा है कि इसके साथ चुनाव होंगे दूसरी तरफ अनिश्चितता है कि आरक्षण पर स्पष्टता की कमी के कारण चुनाव स्थगित हो जाएंगे

लेकिन हाईकोर्ट के आदेशों के बाद अगले महीने के अंत तक चुनाव होना तय माना जा रहा है इसी के साथ सरपंच और एमपीटीसी के दावेदार अभी से गाँवों में हलचल मचा रहे है वे चुनाव मैदान में उतरने और जीतने के लिए एक-दूसरे से होड़ लगा रहे हैं गाँवों में चुनावी सरगर्मी शुरू हो गई है क्योंकि हर पार्टी के दो-तीन दावेदार एक-दूसरे से होड़ लगा रहे है और उनकी मेहनत पर पानी फिर रहा हैसरपंच एमपीटीसी और जेडपीटीसी की दौड़ में खड़े होने के इच्छुक उम्मीदवार अभी से लोगों के बीच घूमने लगे हैं कुछ आर्थिक रूप से मजबूत नेता स्थानीय युवाओं और जाति-बिरादरी के बुजुर्गों को लुभाने में लगे हैं कुछ लोग गाँवों में जाति-बिरादरी के प्रभावशाली लोगों को बुलाकर सबको अपनी ओर मोड़ रहे हैं वे जाति के हिसाब से समीकरणों का आकलन कर रहे हैं पिछले आषाढ़ महीने में वनभोज वड़ा पोचम्मा बोनाला उत्सव और मदिरा का आयोजन करके अपनी ऊर्जा बढ़ाने वाले उम्मीदवार अब श्रावण महीने का भी उसी हद तक उपयोग कर रहे हैं। वे किसी भी घर में खुलेआम घूम रहे हैं मानो वे ही कोई शुभ कार्य या उत्सव करा रहे हों और काम करवाने में अग्रणी भूमिका निभा रहे हो कुछ लोग अभी से पैसे जमा कर रहे हैं यह सोचकर कि चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद पैसों का जुगाड़ करना मुश्किल हो जाएगा जैसे-जैसे सरपंच चुनाव लड़ने वालों के नाम फैल रहे हैं वे गाँवों में प्रचार कर रहे हैं कि वे चुनाव लड़ेंगे और उन्हें फलां पार्टी से टिकट मिलेगा वे लगातार बड़े नेताओं पूर्व विधायकों विधानसभा क्षेत्र प्रभारियों और अध्यक्षों के संपर्क में हैं और टिकट पाने की कोशिश कर रहे हैं।

# किनवट और आसपास के क्षेत्रों में भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त





**किनवट, 16 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** किनवट और उसके आसपास के क्षेत्रों में 15 अगस्त के बाद शुरू हुई भारी बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। पिछले 20 घंटों में 102 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जिससे कई इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गई है।

भारी बारिश के कारण, किनवट-गोकुंदा सड़क पर नालियों का पानी सड़कों पर आ गया, जिससे आवागमन में काफी परेशानी हुई। शहर के कई घर जलमग्न हो गए। एक खाली स्कूल बस पानी के तेज बहाव में बह गई, हालांकि इसमें कोई हताहत नहीं हुआ।

विधायक भीमराव केराम ने बाढ़ प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के निर्देश दिए, जिसके बाद प्रशासन ने बचाव कार्य शुरू किया। गोशाला में भी पानी भरने से गायों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

शहर के कई इलाकों में जलभराव हुआ है, जिनमें गंगानगर, गोशाला, साईबाबा मंदिर, गजानन महाराज मंदिर, शिव मंदिर, मनसब योग साधना केंद्र, अयप्पा स्वामी मंदिर, नालागड़ा, बाबा रमजान, और मोमीनपुरा शामिल हैं।

इस आपदा का सबसे बड़ा खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ा है। कई किसानों की जमीन और खेत का कटाव हो गया है, जिससे उनकी बोई हुई फसलें बह गईं। विधायक भीमराव केराम ने कृषि विभाग और राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे किनवट और माहुर दोनों तहसीलों में हुए नुकसान का तुरंत पंचनामा करें।

भाजपा के युवा नेता एडवोकेट प्रतीक केराम, पूर्व नगराध्यक्ष आनंद मच्छेवार, युवा नेता संदेश केराम, शहर मंडल अध्यक्ष स्वागत आयनेनीवार, शिवा क्यातमवार और अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और लोगों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। पुलिस निरीक्षक देवीदास चोपड़े अपनी टीम के साथ विभिन्न इलाकों में स्थिति का जायजा ले रहे हैं और राहत कार्यों की निगरानी कर रहे हैं।

# आज का राशिफल

**मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ**

आज के दिन का काम जल्दी ही निपट जाएगा. आपको किसी मामले में बड़ा निर्णय लेना पड़ सकता है. आप अपने दोस्तों के साथ बाहर जाकर कुछ ख़ुशी के पल बिता सकते हैं. कुछ जरूरी चीजें आपको फायदे दिला सकती हैं. इस राशि के कारोबारियों को किसी से जरूरी मुलाकात करनी पड़ सकती है. धन के मामले में स्थिति ठीक रहेगी. परिवारजनों के लिए समय निकालेंगे. उनकी सलाह आपके लिये महत्वपूर्ण रहेगी. शिव जी का पंचाक्षर मंत्र जप करें ।

**वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो**

आज व्यस्तता ज्यादा रहेगी थकावट भी रहेगी.परन्तु सफलता भी हैं कार्यक्षेत्र में सम्मान मिल सकता है. मेहनत से धन कमा लेंगे. जो काम पिछले कई दिनों से अधूरे पड़े थे, वे निपट सकते हैं. नए एग्रीमेंट या नए संबंध बनने की संभावना है. समय अच्छा है. कई क्षेत्रों में आप एक साथ सक्रिय भी रहेंगे. आगे बढ़ने के लिए आपको अपने जीवन में कुछ बदलाव करने पड़ सकते हैं. विवाह सम्बन्ध मे बाधा रहेगी , दुर्गा जी का मंत्र जप करें।

**मिथुन – क,कि,कृ,घ,ड़,छ,के,को,ह**

आज कार्य सिद्ध होंगे आप मे उत्साह भरपूर रहेगा। राजनीति या सामाजिक कार्यों से जुड़े लोग कई बैठकों आदि में भाग लेंगे. आपको सम्मान मिलेगा और कुछ नई जिम्मेदारी भी मिल सकती है. आप जटिल समस्याओं का समाधान पाएंगे. वित्त में किए गए प्रयास वांछित परिणाम देंगे. पुराना भुगतान भी मिल सकता है. प्रतिद्वंद्वी और प्रतियोगी आपको नुकसान नहीं पहुंचा पाएंगे. आप शुभ स्वास्थ्य का आनंद लेंगे. आप में से कुछ के लिए प्रेम सम्बन्ध का आरम्भ हो सकता है. बच्चों के साथ शाम के वक्त समय जरुर बिताए ।

**कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो**

आज हनुमानजी को चमेली के तेल का दीप प्रज्वलित करें काम पूरे होंगे खर्च पर नियंत्रण रखें. किसी दूर के रिश्तेदार के यहाँ से अचानक आया कोई संदेश पूरे परिवार के लिए रोमांचक रहेगा. उलझे हुए काम सुलझाने के लिए स्थितियां आपके फेवर में हो सकती है. आपके सोचने के तरीके में बदलाव हो सकता है. दोस्तों से समय पर मदद मिल सकती है. शाम तक पूरे काम निपट जांएगे आप रिलैक्स महसूस करेंगे।

**सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे**

अपनी माता पिता का जरुरी कार्य पहले पूरा करेंगे. आप किसी समारोह में जाने की प्लानिंग भी कर सकते हैं. ऑफिस में माहौल थोड़ा गंभीर रह सकता है. आपको अपने बॉस की बातों को ध्यान से सुनने के बाद ही अपनी कोई राय देनी चाहिए. आज आपको थोड़ा आलस्य भी महसूस हो सकता है. आपको अपना खान-पान हेल्दी रखना चाहिए. कुछ मामलों में आप थोड़े भावुक भी हो सकते हैं. छोटी कन्या को दूध की मिठाई जरुर दें।

**कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो**

आज व्यापार मे निवेश करना बढ़ीया रहेगा । अपने से निचले स्तर के कर्मचारियों से सहयोग मिलेगा. आपकी मुलाकात खास लोगों से हो सकती है. आपको नियमित कामकाज से कुछ समय के लिए छुटकारा मिल सकता है. आपकी ज्यादातर परेशानियां खत्म होने के योग हैं. जिस काम को आप अधूरा समझ रहे हैं, वह पूरा हो जाएगा. बड़े लोगों से सहयोग मिल सकता है. आपको फायदा भी हो सकता हैं काम से फूर्सत मिलते ही आराम करें नये काम का बोझ मत डालें।

**तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते**

आज व्यापार का लिए समय अनुकूल है साझेदारी भी कर सकते हैं भविष्य मे लाभदायक रहेगा अगर आप नौकरी के लिए परीक्षा या प्रतियोगिता या साक्षात्कार में उपस्थित होते हैं तो आपको सफलता मिलेगी. सामाजिक गतिविधियों में आपकी रुचि होगी. परिवार में कोई धार्मिक समारोह या कोई अन्य उत्सव मनाया जा सकता है. लंबी दूरी की यात्रा फायदेमंद साबित होगी. यात्रा पर प्रस्थान करने से पहले दही का सेवन जरुर करें।

**वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू**

आज छात्रों का दिन अच्छा और सफलता वाला रहेगा नये कोर्स मे सफलता भी मिलेगी सही दिशा में ईमानदारी से उठाए गए क़दम निश्चित तौर पर लाभ देंगे. रोज़मर्रा की ज़रूरतें पूरी न होने से आपके वैवाहिक जीवन में तनाव संभव है. ध्यान रखें आज किसी अनजान शख्स से सलाह ना लें. बेहतर होगा आप उनसे बातचीत करके अपनी समस्या का समाधान करने का प्रयास करें.मछलियों को आटा डाले मानसिक शान्ति मिलेगी।

**धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे**

आज धन का लाभ बनेगा आय के स्रोत बढ़ेंगे । शाम को जीवनसाथी के साथ घूमने जरुर जाए . इससे आपके रिश्तों के बीच नजदीकियां बढ़ेंगी. नए लोगों से मुलाकात होने से आपको बड़े फायदे होंगे. आपके सोचे हुए काम पूरे होंगे. आज छात्रों के अंदर कॉम्पिटिशन के प्रति जागरूकता पैदा होगी. करियर में तरक्की के योग बन रहे हैं. बिजनेस में आपको बड़ा मुनाफा होगा. आपका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ रहेगा. लक्ष्मी जी को पद्मपुष्प चढाए ।

**मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि**

व्यापार के लिए समय आज अनूकूल नही हैं विचार प्रूवक निवेश करें कर्ज लेने से बचें पैसा भी रुक सकता है. दिन की शुरुआत ठीक नहीं रहेगी. न चाहते हुए भी पैसा खर्चा हो सकता है. परिवार के लोग आपको किसी कठिन स्थिति में डाल सकते हैं. आज आप अपनी प्लानिंग गुप्त रखें. किसी से शेयर नहीं करें. रिश्तों के क्षेत्र में भी कुछ कठिन स्थितियां बन सकती हैं. वाद-विवाद में उलझ सकते हैं. कामकाज में सुस्ती का माहौल रहेगा. डिनर हल्का लेवें स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द**

आज मौसमी बीमारियों से परिवार के बच्चे परेशान रहेंगे घर मे गाय के धूप को जलाए . किन्तु भौतिक समृद्धि की स्थिति बहुत फायदेमंद होगी और आपको विभिन्न स्रोतों से लाभ होगा. आपके कुछ शत्रु मित्र के रूप में आपके घेरे में रह सकते हैं. लेकिन आप उन्हें नियंत्रित करने में सक्षम होंगे. आपके पेशेवर क्षेत्र में आपको प्रशंसा मिलेगी और सामाजिक रूप से आप अधिक लोकप्रिय हो जाएंगे. किसी मित्र के यहां शाम का वक्त बितेगा ।

**मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची**

अपनी दिनचर्या मे बदलाव लाना होगा जिससे उन्नति होगी स्वास्थ्य अनुकूल रहेगा परेशानियों से स्थायी निजात मिलेगा स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा. विवाद न करें. किसी बड़े समूह में भागीदारी आपके लिए दिलचस्प साबित होगी. लेन-देन के मामले सुलझने से राहत मिलेगी. व्यापार में नए अनुबंध हो सकते हैं. यात्रा का योग नही हैं फिलहाल यात्रा टालदें । छात्रों को सफलता बन रही हैं अध्यापक शिक्षक पूरा सहयोग करेंगे।

## आज का पंचांग

दिनांक : 17 अगस्त 2025 , रविवार
विक्रम संवत : 2082
मास : भाद्रपद,कृष्ण पक्ष
तिथि : नवमी रात्रि 07:26 तक
नक्षत्र : रोहिणी रात्रि 03:18 तक
योग : व्याघात रात्रि 01:40 तक
करण : तैतिल प्रातः 08:30 तक
चन्द्रराशि : वृषभ
सूर्योदय : 05:59 , सूर्यास्त 06:40 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 06:07, सूर्यास्त 06:39 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 05:59 , सूर्यास्त 06:32 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 05:51 , सूर्यास्त 06:31 ( विजयवाडा )

**शुभ चौघड़िया**

चल : 07:30 से 09:00
लाभ : 09:00 से 10:30
अमृत : 10:30 से 12:00
शुभ : 01:30 से 03:00
राहुकाल : सायं 04:30 से 06:00
दिशाशूल : पश्चिम दिशा
उपाय : गुड खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष : गोगा नवमी , संक्रांति पुण्यकाल सूर्योदय से दोपहर 12:43 तक

* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *



पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com

# कानून-व्यवस्था पर मुख्यमंत्री सैनी का सख्त संदेश: अपराधियों को मिट्टी में मिला दिया जाएगा



**चंडीगढ़, 16 अगस्त (एजेंसियां)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राज्य में कानून-व्यवस्था को लेकर एक कड़ा संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश की जनता को सुरक्षित माहौल देने के लिए प्रतिबद्ध है और कानून-व्यवस्था से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा, अगर कोई कानून व्यवस्था को बिगाड़ेगा, चाहे वह कितना ही बड़ा व्यक्ति हो, उसे बख्शा नहीं जाएगा। कोई भी व्यक्ति अगर अपराध करेगा तो उसको मिट्टी में मिला दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में नशा तस्करों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि अगर किसी गांव, मोहल्ले या शहर के वार्ड में नशा बिकता है तो स्थानीय लोग तुरंत सरकार के पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं, जिसके बाद नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि सूचना देने वालों का नाम गुप्त रखा जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार लोगों के स्वास्थ्य के प्रति गंभीर है और उन्हें इलाज के लिए प्राइवेट अस्पतालों में न जाना पड़े, इसके लिए 10 जिला स्तरीय सरकारी अस्पतालों को विकसित किया जा रहा है, जिनका उद्घाटन जल्द ही किया जाएगा। एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर वोटों की चोरी का निराधार आरोप लगाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बिना वजह इस मुद्दे को उठा रही है और उनका यह झूठ अब नहीं चलेगा।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने डॉ. बीआर अंबेडकर के संविधान को तार-तार किया है, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भ्रष्टाचार के सारे रास्ते बंद कर दिए हैं, जिससे कांग्रेस बौखला गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब लोगों को सशक्त और आर्थिक रूप से मजबूत करने का काम किया है और आज गरीब व्यक्ति आत्मविश्वास के साथ देश की प्रगति में अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहा है।

## मुख्यमंत्री सैनी की व्यापारियों को राहतः हरियाणा में बिनौला मशीन की फीस आधी

**कुरुक्षेत्र, 16 अगस्त (एजेंसियां)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राज्य के व्यापारियों के लिए एक बड़ी घोषणा की है। उन्होंने बिनौला मशीन पर व्यापारियों से ली जाने वाली एकमुश्त फीस को ₹42,000 से घटाकर ₹21,000 कर दिया है। यह घोषणा उन्होंने कुरुक्षेत्र में हरियाणा ऑयल मिल्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बातचीत के दौरान की। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि सरकार प्रदेश के विकास में योगदान देने वाले व्यापारियों के साथ हमेशा कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। उन्होंने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। मल्टी आर्ट कल्चर केंद्र, कुरुक्षेत्र में आयोजित इस बैठक में व्यापारियों ने मुख्यमंत्री का पगड़ी पहनाकर सम्मान किया और उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया। बैठक में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा और पूर्व मंत्री असीम गोयल सहित हरियाणा ऑयल मिल एसोसिएशन के कई पदाधिकारी भी मौजूद थे।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर मुख्यमंत्री सैनी कुरुक्षेत्र में, बोले
# त्यौहार भाईचारे का संदेश देते हैं



**चंडीगढ़, 16 अगस्त (एजेंसियां)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेशवासियों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व की बधाई दी और कहा कि यह त्योहार हमारी संस्कृति और संस्कारों से जुड़ा है, जो हमें एकजुटता और भाईचारे का संदेश देता है। मुख्यमंत्री शनिवार को कुरुक्षेत्र में गुर्जर धर्मशाला में आयोजित एक समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुरुक्षेत्र वही पवित्र भूमि है, जहां भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया था। गीता का ज्ञान, जो कर्म के महत्व और धर्म की रक्षा का संदेश देता है, आज भी हमारे जीवन में प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर एक ऐसे समाज का निर्माण करें, जहां कोई भेदभाव न हो और सभी लोग प्यार व सम्मान से रहें।

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के सिद्धांत पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि विकास के साथ-साथ संस्कृति का संरक्षण भी जरूरी है, जिसके लिए कुरुक्षेत्र में श्रीकृष्ण महोत्सव और अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव जैसे आयोजन किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने गुर्जर समाज की मांग पर घोषणा करते हुए कहा कि वे धर्मशाला के रास्ते को लेकर केंद्रीय रेल मंत्री से मिलेंगे। उन्होंने धर्मशाला को जनसेवा के कार्यों के लिए ₹51 लाख की ग्रांट देने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि समाज द्वारा रखी गई अन्य मांगों को भी हरियाणा सरकार द्वारा पूरा किया जाएगा।

# जेजेपी कार्यकर्ताओं के पार्टी बदलने का झूठा प्रचार न करे इनेलाः रजनी मलिक




**चंडीगढ़, 16 अगस्त (एजेंसियां)।** जननायक जनता पार्टी ने झूठी ज्वाइनिंग करवाने के लिए इनेलो की कड़ी आलोचना की है। दरअसल बीते दिनों इनेलो महिला प्रदेश प्रभारी ने जेजेपी की सोनीपत से पूर्व महिला जिला अध्यक्ष सरोज बेनीवाल को इनेलो में शामिल करवाने का झूठा प्रचार किया था। खुद सरोज बेनीवाल ने इसका खंडन करते हुए कहा है कि वे जेजेपी में थी और जेजेपी में ही रहेंगी। उन्होंने कहा कि इनेलो ने उन पर सामाजिक दबाव बनाने की जरूर कोशिश की थी, लेकिन उन्होंने जेजेपी नहीं छोड़ी है। सरोज बेनीवाल ने कहा कि वे मजबूती के साथ जेजेपी के साथ खड़ी है और निरंतर पार्टी की नीतियों का प्रचार-प्रसार करके महिलाओं को जेजेपी से जोड़ रही हैं।

वहीं जेजेपी की महिला प्रदेश अध्यक्ष रजनी मलिक ने कहा कि झूठ को बड़ा प्रोजेक्ट करके दिखाना इनेलो की पुरानी आदत है और इससे हमारे मजबूत कार्यकर्ता पर कोई असर नहीं पड़ता। उन्होंने कहा कि इनेलो नेताओं को जनता को भ्रमित करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए क्योंकि पब्लिक समझदार है। रजनी मलिक ने कहा कि जेजेपी में महिलाओं की हिस्सेदारी को सदा प्रमुखता मिली है और अब आगे भी संगठन नवनिर्माण में महिलाओं की बढ़-चढ़कर भागीदार पर जेजेपी फोकस कर रही है।

उन्होंने कहा कि महिलाओं को जेजेपी से जोड़ने के लिए वे खुद और जेजेपी महिला प्रभारी किरण पूनिया निरंतर फील्ड में एक्टिव है। रजनी मलिक ने कहा कि सभी 22 जिलों में महिलाओं के साथ बैठकें जारी है। इसी कड़ी में 18 अगस्त को रेवाड़ी और 19 अगस्त को रोहतक में जेजेपी महिला विंग कार्यक्रम करेगी। इससे पहले भिवानी और महेंद्रगढ़ में महिला कार्यकर्ताओं एवं वरिष्ठ जिला पदाधिकारियों के साथ बैठकें की गई।

# मनीषा हत्याकांड से दहला हरियाणा हुड्डा ने सरकार पर साधा निशाना



**बहादुरगढ़, 16 अगस्त (एजेंसियां)।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने मनीषा हत्याकांड को लेकर प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि इस घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है और हर परिवार अपनी बहन-बेटियों की सुरक्षा को लेकर चिंतित है। हुड्डा ने दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है, ताकि भविष्य में कोई अपराधी ऐसी वारदात को अंजाम देने की हिम्मत न कर सके। बहादुरगढ़ में पत्रकारों से बातचीत के दौरान हुड्डा ने कहा कि बहादुरगढ़ समेत पूरे प्रदेश में कानून-व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि अपराधी बेखौफ घूम रहे हैं और पुलिस प्रशासन की लापरवाही साफ दिख रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस को शिकायत मिलने के बावजूद उसने समय रहते कार्रवाई नहीं की, जिससे मनीषा की जान चली गई।

हुड्डा ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश में सत्ता में बैठे लोगों को जनता की सुरक्षा से कोई लेना-देना नहीं है। वे केवल इवेंटबाजी और सत्तासुख में डूबे हुए हैं। उन्होंने कहा कि एक जिम्मेदार विपक्ष के रूप में कांग्रेस लगातार सरकार को कानून-व्यवस्था की बदहाली के प्रति आगाह करती रही है, लेकिन सरकार ने इसे नजरअंदाज किया है।

उन्होंने केंद्र सरकार के सामाजिक प्रगति सूचकांक का हवाला देते हुए कहा कि हरियाणा देश का सबसे असुरक्षित राज्य बन गया है। उन्होंने एन-सीआरबी के आंकड़ों का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश में हर दिन 4 से 5 हत्याएं, 5 से 6 दुष्कर्म और दर्जन भर अपहरण की घटनाएं होती हैं, लेकिन सरकार इन आंकड़ों को नजरअंदाज कर रही है। हुड्डा ने कहा कि सरकार का यही उदासीन रवैया आम जनता के लिए जान-माल का खतरा साबित हो रहा है।

# कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने वीरांगनाओं को किया सम्मानित

**पाली, 16 अगस्त (एजेंसियां)।** स्वतंत्रता दिवस समारोह पाली में हर्षोल्लास, उमंग व गरिमामय माहौल के साथ मनाया गया। मुख्य समारोह बांगड़ स्टेडियम में हुआ। इसमें मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने ध्वज-ारोहण कर परेड का निरीक्षण किया। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ बजरंग सिंह ने राज्यपाल का अभिभाषण का पठन किया। कैबिनेट मंत्री कुमावत ने वीरांगनाओं व विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त प्रतिभाओं, लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित किया। साथ ही देश की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान करने वाले वीरों की वीरांगनाओं एवं विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त सराहनीय कार्य करने वाली कुल 64 प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र व कैप्टन ऋषिराज सिंह के परिवार सहति 5 भूतपूर्व सैनिकों व पांच लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित किया।

## सीएम भजनलाल शर्मा ने श्री गोविंद देव जी मंदिर में की पूजा-अर्चना



**जयपुर, 16 अगस्त (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर सपत्नीक जयपुर के आराध्य देव गोविन्द देव जी मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना की तथा प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं आमजन की खुशहाली की प्रार्थना की। इस मौके पर सीएम ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के उपदेश हर युग में प्रासंगिक एवं पथ प्रदर्शक हैं। भगवान श्रीकृष्ण ने निष्काम कर्म करने, अन्याय का प्रतिकार करने तथा जरूरतमंद लोगों के कल्याण के लिए सदैव समर्पित रहने का संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों का आह्वान किया कि वे भगवान श्रीकृष्ण के महान आदर्शों को आत्मसात करें और देश-प्रदेश की प्रगति में सहभागी बनने का संकल्प लें।

# आरजीएचएस जल्द ला रहा विभिन्न आय वर्गों के लिए उदयपुर, बारां, बूंदी और धौलपुर में नई आवासीय योजना

**जयपुर, 16 अगस्त (एजेंसियां)।** राजस्थान आवासन मण्डल राज्य सरकार की बजट घोषणा 2025-26 की क्रियान्विति में इसी माह प्रदेश के विभिन्न जिलों- पनेरियों की मादड़ी जिला उदयपुर, अटरू जिला बारां , नैनवा जिला बूंदी और बाड़ी रोड़ धौलपुर में विभिन्न आय वर्गों के लिए नई आवासीय योजनाएं लॉन्च करने जा रहा है।




इन योजनाओं के अंतर्गत फ्लैट्स और स्वतंत्र आवास दोनों प्रकार के विकल्प उपलब्ध होंगे, जिससे ई डब्लू एस, एलआईजी और मध्यम आय वर्गों के परिवारों को किफायती, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण आवास उपलब्ध कराया जा सकेगा। उल्लेखनीय है कि बाड़मेर में भी मण्डल जल्द नवीन आवासीय योजना शुरू करेगा जिसकी तैयारी चल रही है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व और विकसित राजस्थान की परिकल्पना को साकार करते हुए हाउसिंग बोर्ड द्वारा लाई जा रही योजनाएं अपने आवास का सपना देख रहे प्रदेशवासियों के लिए एक बड़ा तोहफा साबित होगी। इन योजनाओं में आधुनिक सुविधाओं से युक्त आवासीय परिसर, हरित क्षेत्र, सामुदायिक भवन, पार्किंग और जल-संरक्षण जैसे प्रावधान भी किए गए हैं, जिससे नागरिकों को संपूर्ण और संतुलित जीवनशैली प्राप्त हो सके।

आवासन आयुक्त डॉ रश्मि शर्मा ने कहा कि , राजस्थान आवासन मण्डल आमजन के अपने आवास के सपने को साकार करने के लिये अविराम प्रयासरत है। हमारा उद्देश्य है कि राज्य सरकार की मंशानुसार प्रदेश के हर नागरिक को समयबद्ध तरीके से गुण-वत्तापूर्ण और किफायती आवास उपलब्ध कराया जाए जिसके लिए हम प्रतिबद्ध हैं ।

# भजनलाल ने अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर उन्हें अर्पित की श्रद्धांजलि



**जयपुर, 16 अगस्त (एजेंसियां)।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।इस अवसर पर श्री शर्मा ने मुख्यमंत्री निवास पर श्री वाजपेयी के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी और कहा कि श्री वाजपेयी ने दूरदर्शी नेतृत्व और मजबूत निर्णयों के माध्यम से देश के चहुंमुखी विकास को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।उन्होंने कहा कि श्री वाजपेयी ओजस्वी वक्ता और कुशल राजनेता के रूप में सदैव याद किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री निवास के अधिकारी-कर्मचारी भी मौजूद थे।

### भगवान श्रीकृष्ण के 5252वें जन्मोत्सव पर योगी ने कहा

# बृजक्षेत्र में लौटेगा द्वापर युग

## 646 करोड़ की 118 विकास परियोजनाओं की घोषणा






**मथुरा, 16 अगस्त (एजेंसियां)।** भगवान श्रीकृष्ण के 5252वें जन्मोत्सव के पावन अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को मथुरा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मथुरा के डैम्पियर नगर स्थित पांचजन्य सभागार में आयोजित पूज्य साधु-संतों के सम्मान समारोह में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने मथुरा-वृंदावन को करीब 646 करोड़ रुपए की लागत वाली 118 विकास परियोजनाओं की सौगात दी और बृजक्षेत्र के समग्र विकास के लिए 30 हजार करोड़ रुपए की नई कार्ययोजना की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि पांच हजार वर्षों के पौराणिक इतिहास के हम साक्षी बन रहे हैं। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर देश और दुनिया से भक्त यहां भक्तिमय भाव के साथ एकत्रित हुए हैं। मथुरा की पावन माटी और इसके रज-रज में श्रीकृष्ण बसे हैं। ऐसी भक्ति दुनिया में कहीं और मिलना दुर्लभ है। इस पवित्र भूमि को कोटि-कोटि नमन। सभी को जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षों से उन्हें मथुरा में रंगोत्सव और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी जैसे आयोजनों में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। उन्होंने भारत को आध्यात्मिकता और आधुनिक विकास के संगम के रूप में स्थापित करने की बात कही, जिसकी प्रेरणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलती है। सीएम योगी ने कहा कि पूरी दुनिया भारत की आध्यात्मिक विरासत पर शोध के लिए उत्सुक है। जब भी विश्व को संकट से उबरना होगा, भारत की आध्यात्मिक विरासत ही स्थायी शांति और सौहार्द का मार्ग प्रशस्त करेगी।

मुख्यमंत्री ने बृजक्षेत्र के समग्र विकास के लिए 30 हजार करोड़ रुपए की नई कार्ययोजना की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह कार्ययोजना मथुरा, वृंदावन, बरसाना और गोकुल जैसे तीर्थ स्थलों को द्वापर युग की स्मृतियों से जोड़ेगी। उन्होंने कहा, हमारी सरकार पूज्य संतों की भावनाओं का सम्मान करने और बृजक्षेत्र को संवर्धित करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम उन कार्यों को संभव बना रहे हैं, जिन्हें कभी असंभव माना जाता था। उन्होंने काशी विश्वनाथ धाम और अयोध्या में भव्य राम मंदिर का उदाहरण देते हुए कहा कि 10 साल पहले इनकी कल्पना भी असंभव लगती थी, लेकिन आज ये साकार हो चुके हैं। काशी में जहां पहले 50 श्रद्धालु एक साथ दर्शन नहीं कर पाते थे, वहां आज 50 हजार श्रद्धालु एक साथ दर्शन कर सकते हैं। अयोध्या में भव्य राम मंदिर त्रेतायुग की स्मृति को जीवंत कर रहा है। इसी तरह, विंध्यवासिनी धाम में भी भव्य कॉरिडोर का निर्माण पूरा हो चुका है।

मुख्यमंत्री ने गंगा की निर्मलता और अविरलता का उदाहरण देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गंगा आज स्नान और आचमन योग्य हो चुकी है। उन्होंने कहा, 2019 के प्रयागराज कुम्भ में 67 करोड़ श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई थी। उसी तरह, डबल इंजन सरकार यमुना की अविरलता और निर्मलता के लिए पूरी ईमानदारी से काम कर रही है। उन्होंने बरसाना में रोपवे सुविधा का जिक्र करते हुए कहा कि यह बुजुर्गों के लिए बड़ी राहत है।

उन्होंने कहा, विकास का यही लाभ है कि हम श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए लगातार काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के उद्देश्य को याद करते हुए कहा कि उनका अवतार सज्जनों के संरक्षण और दुष्टों के संहार के लिए हुआ था। उन्होंने युद्धभूमि को धर्मभूमि में बदल दिया। योगी ने कहा, श्रीकृष्ण की निष्काम कर्म की प्रेरणा हमें ताकत देती है। जब तक यह प्रेरणा हमारे बीच है, कोई हमारा बाल भी बांका नहीं कर सकता। उन्होंने भारत की आजादी के 78 वर्ष पूरे होने का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने स्वतंत्रता के शताब्दी महोत्सव (2047) के लिए नए संकल्प रखे हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश विधानसभा में हुई 24 घंटे की चर्चा का जिक्र करते हुए कहा कि 2047 तक उत्तर प्रदेश को समृद्ध और विकसित बनाने के लिए समाज और सरकार को मिलकर काम करना होगा।

मुख्यमंत्री ने मथुरा-वृंदावन के लिए 646 करोड़ रुपये की 118 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इसमें 80 परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया जिनकी लागत करीब 273 करोड़ रुपए है। वहीं 38 परियोजनाओं का शिलान्यास मुख्यमंत्री ने किया, जिनकी लागत करीब 373 करोड़ रुपए है। इन परियोजनाओं में परिक्रमा मार्गों का सौंदर्यीकरण, प्रवेश द्वार, कुंडों का जीर्णोद्धार, श्रद्धालुओं की सुविधा, कनेक्टिविटी, जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी परियोजनाएं शामिल हैं।

उन्होंने पांचजन्य सभागार में भजन-कीर्तन और श्रीकृष्ण लीलाओं के आयोजन को भक्तिमय माहौल का हिस्सा बताया। मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों और संतों के प्रयासों की सराहना की, जिनके सहयोग से बृजक्षेत्र के विकास के प्रस्ताव स्वीकृत हुए। उन्होंने कहा कि सरकार और समाज मिलकर भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित और संवर्धित करने के लिए कटिबद्ध हैं।

# सीएम योगी आदित्यनाथ ने सनातन के संरक्षण पर दिया जोर



**मथुरा, 16 अगस्त (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मस्थान पहुंचकर दर्शन किए और देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं को संबोधित किया। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के धर्म पथ पर चलने का आह्वान करते हुए लोकमंगल और राष्ट्र मंगल के लिए कार्य करने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान सनातन धर्म की विरासत के संरक्षण और आधुनिक विकास के बीच संतुलन बनाने की बात कही, साथ ही अपनी सरकार की उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला।

सुबह करीब 11.50 बजे श्रीकृष्ण जन्मस्थान पहुंचे मुख्यमंत्री योगी ने सबसे पहले ठाकुर केशवदेव और माता योगमाया के दर्शन किए। इसके बाद उन्होंने गर्भ गृह में श्रीकृष्ण चबूतरे की पूजा- अर्चना की। भागवत भवन के दर्शन के बाद, उन्होंने श्रद्धालुओं से भरे परिसर में अपना संबोधन दिया। मुख्यमंत्री ने वृंदावन बिहारी लाल और जय श्री राधे के जयकारे लगाए, जिससे पूरा परिसर गूंज उठा। उन्होंने श्री कृष्ण के 5252 वें जन्मोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह ब्रजभूमि भगवान विष्णु के पूर्ण अवतार श्रीकृष्ण की लीलाओं की भूमि है, और यह हम सबका सौभाग्य है कि भगवान के कई अवतारों ने उत्तर प्रदेश की भूमि को कृतार्थ किया है। उन्होंने कहा कि अयोध्या से लेकर मथुरा तक, ये स्थान हमारी आध्यात्मिक विरासत के प्रतीक हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले आठ- नौ वर्षों से उन्हें जन्माष्टमी और बरसाना के रंगोत्सव में शामिल होने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने बताया कि उनकी सरकार ने मथुरा, वृंदावन, बरसाना, गोकुल, बलदेव, गोवर्धन और राधा कुंड जैसे स्थानों को तीर्थ के रूप में पुन: स्थापित करने का संकल्प लिया है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में चल रही डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई कि वे आध्यात्मिक विरासत के संरक्षण और श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए आधुनिक विकास पर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने काशी विश्वनाथ धाम और अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर का उदाहरण देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश अपनी आध्यात्मिक विरासत और अत्याधुनिक विकास के लिए देश और दुनिया में एक नया प्रतिमान स्थापित कर रहा है।

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गौ संरक्षण के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गौ माता सनातन धर्म के प्रतीकों में से एक है। उन्होंने बताया कि उनकी सरकार निराश्रित गोवंश के संरक्षण के लिए कार्य कर रही है, और जो किसान गौ पालन करते हैं, उन्हें 1500 प्रति माह दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में 16 लाख से अधिक गोवंश का संरक्षण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने लोगों से जाति, क्षेत्र या भाषा के नाम पर देश को कमजोर करने वाली प्रवृत्तियों से सावधान रहने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले जवानों का सम्मान करना और सामाजिक एकता के लिए कार्य करना हमारा संकल्प होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब तक सनातन धर्म का ध्वज दुनिया का मार्गदर्शन करता रहेगा, तब तक विश्व बंधुत्व, शांति और सौहार्द का भाव बना रहेगा।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के पंच प्रण का उल्लेख किया, जिसमें गुलामी के अंशों को पूरी तरह से समाप्त करना, स्वदेशी को जीवन का मंत्र बनाना, विरासत का संरक्षण करना, देश के जवानों का सम्मान करना और सामाजिक एकता के लिए कार्य करना शामिल है। उन्होंने काशी विश्वनाथ धाम और अयोध्या में भव्य राम मंदिर के निर्माण का उदाहरण देते हुए कहा कि इन परियोजनाओं ने देश की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को पुनर्जीवित किया है। उन्होंने कहा कि विंध्यवासिनी धाम में बन रहा कॉरिडोर भी श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने ब्रज क्षेत्र के विकास के लिए कार्यरत ब्रज तीर्थ विकास परिषद की सराहना की और कहा कि यह परिषद माननीय जनप्रतिनिधियों के मार्गदर्शन में इस क्षेत्र को विकास के नित नए प्रतिमानों की ओर ले जा रही है। उन्होंने कहा कि यह हमारा कर्तव्य है कि हम 5000 वर्ष से अधिक की इस पौराणिक विरासत को आधुनिक विकास की प्रक्रिया से जोड़ें। उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें उन दुष्प्रवृत्तियों से सावधान रहना होगा जो देश को कमजोर करने की कोशिश करती हैं। अपने संबोधन के अंत में, मुख्यमंत्री ने गंगा, यमुना, गौ माता, गायत्री और तीर्थों जैसे सनातन धर्म के प्रतीकों का सम्मान करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ये सभी हमारी पहचान हैं और इनका संरक्षण हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने एक बार फिर सभी को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की बधाई दी और उनके साथ श्री केशव देव महाराज की जय, श्री कृष्ण कन्हैया की जय, श्री राधे रानी की जय, श्री यमुना मैया की जय और भारत माता की जय के नारे लगाए

### भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

# अटल जी का व्यक्तित्व और कृतित्व प्रेरणादायक: योगी

**लखनऊ, 16 अगस्त (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर शनिवार को लोकभवन स्थित अटलजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान सीएम योगी ने उनकी स्मृतियों को नमन किया। इसके साथ ही सीएम योगी ने स्वाधीनता संग्राम सेनानी, महान वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया।

मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी को नमन करते हुए कहा कि श्रद्धेय अटल जी का छह दशक लंबा राजनीतिक जीवन भारतीय राजनीति को नई दिशा देने वाला रहा। उन्होंने भारत के जीवन मूल्यों और आदर्शों को सर्वोपरि रखते हुए यह दिखाया कि देश के भीतर विकास का मॉडल कैसा होना चाहिए और वैश्विक मंच पर भारत और भारतीयता की प्रतिष्ठा कैसे सुनिश्चित की जा सकती है। सत्ता पक्ष हो या विपक्ष, अटल जी ने सदैव इन मूल्यों का ध्यान रखा और अपने प्रभावी नेतृत्व से उन्हें साकार रूप दिया। उत्तर प्रदेश के लिए यह सौभाग्य का विषय है कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने यहीं से अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की। वर्ष 1957 में बलरामपुर संसदीय सीट से पहली बार सांसद बने। इसके बाद लखनऊ का यह विशेष सौभाग्य रहा कि अटल जी पांच बार लगातार लखनऊ संसदीय सीट से चुने गए और प्रधानमंत्री के रूप में देश की संसद में पहुंचे। कुल 10 बार वे लोकसभा सदस्य और दो बार राज्यसभा सदस्य रहे। अटल जी का स्मरण न केवल वर्तमान पीढ़ी के लिए प्रेरणा है बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए भी मार्गदर्शन है। उनकी पुण्यतिथि पर प्रदेशवासियों ने उनकी स्मृतियों को नमन करते हुए उन्हें अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वीरांगना अवंतीबाई लोधी की 195वीं जयंती पर उन्हें नमन करते हुए अनेक योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी साझा की। वीरांगना अवंती बाई लोधी ने भारत की स्वाधीनता के लिए तानाशाही पूर्ण शासन के खिलाफ बड़ा संघर्ष किया और मातृभूमि के लिए अपना बलिदान दिया। उनका यह अदम्य साहस और बलिदान हर भारतवासी के लिए प्रेरणा है। डबल इंजन की सरकार ने उनके प्रति श्रद्धा और सम्मान व्यक्त करते हुए बदायूं में पीएसी की एक नई बटालियन की स्थापना की है, जिसे वीरांगना अवंती बाई लोधी के नाम से समर्पित किया गया है। यह बटालियन प्रदेश की बेटियों को समर्पित है। इसके साथ ही वहां उनकी प्रतिमा की स्थापना का कार्यक्रम भी आगे बढ़ाया जा रहा है। सरकार ने मातृशक्ति के प्रति सम्मान दिखाते हुए कई कदम उठाए हैं। झांसी में रानी लक्ष्मीबाई के नाम पर केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना हुई, जबकि बांदा में महारानी दुर्गावती के नाम पर मेडिकल कॉलेज का नामकरण किया गया। प्रदेश में तीन नई बटालियन लखनऊ में वीरांगना ऊदा देवी, गोरखपुर में वीरांगना झलकारी बाई और बदायूं में वीरांगना अवंतीबाई लोधी के नाम पर स्थापित की।

सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की स्मृतियों को बनाए रखने के लिए प्रदेश में कामकाजी महिलाओं के लिए 7 श्रमजीवी छात्रावासों के निर्माण का कार्यक्रम भी चल रहा है। ये छात्रावास महिलाओं को सुरक्षित आश्रय और रोजगार में आगे बढ़ने की प्रेरणा देंगे। पिछले आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश पुलिस में 2,19,000 से अधिक भर्ती हुई है, जिसमें 20 प्रतिशत पद बेटियों के लिए आरक्षित रखे गए। आज बड़ी संख्या में प्रदेश की बेटियां मिशन शक्ति अभियान को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही हैं। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जन्मशताब्दी महोत्सव पर भी डबल इंजन सरकार ने अनेक रचनात्मक कार्यक्रम आगे बढ़ाए हैं।

### साध्वी उमा भारती ने शाहजहांपुर का नाम बदलने की मांग की

# शाहजहांपुर नाम गुलामी का प्रतीक है: उमा भारती



**बरेली, 16 अगस्त (एजेंसियां)।** भाजपा की वरिष्ठ नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री साध्वी उमा भारती ने उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले का नाम बदलने की मांग की है। साध्वी ने कहा कि शाहजहांपुर नाम गुलामी का प्रतीक है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील है कि वे यह नाम बदल दें। साध्वी ने बरेली के आंवला में वीरांगना अवंतीबाई लोधी की जयंती पर उनकी प्रतिमा का अनावरण किया और शाहजहांपुर नाम बदलने की मांग की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी से अनुरोध है कि इसके लिए कोई नया नाम प्रस्तावित कर दें। गुलामी के दौर की याद दिलाने वाले किसी व्यक्ति के नाम पर जिले का नाम रहे यह अच्छा नहीं है। दोबारा यह नाम सुनना भी नहीं चाहती।

उमा भारती ने कहा कि भाजपा ने लोधी समाज से दो-दो मुख्यमंत्री दिए हैं। लोधी समाज पहला समाज था जिसने भाजपा को प्लेटफॉर्म दिया है। इसके पहले भाजपा की छवि पिछड़ों के हितैषी के रूप में नहीं थी। लोधी समाज ने भाजपा को मंच दिया, जिसकी वजह से भाजपा अपना विस्तार कर सकी। भाजपा ने लोधी समाज का सम्मान रखा तो लोधियों ने भाजपा का मान रखा। लोधियों को ना चापलूसी आती है और ना साजिश करनी आती है। उन्होंने कहा कि अभी हम मथुरा और काशी के लिए कोर्ट में अर्जी दिए हैं। सुनवाई हो रही है। कोर्ट का आदेश हम मानेंगे। हमारे इष्ट के जन्मस्थान के लिए प्रमाण मांगा जा रहा है। कहा कि मीरबाकी ने हमारी विरासत पर कील ठोकने का काम किया था। अस्मिता का अपमान करने के लिए ढांचे को गिरा कर वहां इबादतघर बनाया था। हमने राष्ट्रीय अस्मिता को बचाने के लिए भव्य मंदिर का निर्माण कर फिर से गौरव को लौटाने का काम किया। कल्याण सिंह बब्बर शेर थे, जिन्होंने रामभक्तों का संरक्षण किया, अपनी सत्ता की चिंता नहीं की।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि जाति के नाम पर हिंदू समाज को बांटने का बड़ा षड्यंत्र चल रहा है। हमें इन चक्करों में नहीं पड़ना है। हिंदू समाज को मजबूत करने के लिए पिछड़ों और दलितों को आगे आना होगा। समाज और सत्ता में उन्हें बराबर की भागीदारी देनी होगी। सत्ता, समाज और शासन में निर्णायक भागीदारी के लिए अटल बिहारी वाजपेयी ने बहुत काम किया था। इस मौके पर केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि वीरांगना अवंतीबाई लोधी बचपन में खेल खिलौनों से नहीं तलवार से ही खेला करती थीं। उन्होंने अपनी आखिरी सांस तक राज्य और राज्य के लोगों के लिए लड़ाई लड़ी। लोधी समाज धोखा तो खा लेगा लेकिन धोखा नहीं देगा। लोधी समाज मेहनतकश समाज है। इतिहासकारों ने अवंतीबाई लोधी के साथ अन्याय किया है। हमारे शहीदों के साथ उन्होंने अन्याय किया है। आज समाज को क्रांतिकारियों की गौरव गाथा को जन-जन तक ले जाना है। गुलामी के चिन्हों को मिटाने का काम सरकार कर रही है, हम सबको एक साथ आकर इसका समर्थन करना चाहिए और महापुरुषों का मान बढ़ाने का काम करना है।

कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि वीरांगना अवंतीबाई लोधी की जयंती पर आंवला में उनकी भव्य प्रतिमा का अनावरण उमा भारती ने किया है। यह क्षेत्रवासियों के लिए गौरव की बात है। उन्होंने आंवला में सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों का भी विवरण दिया। कहा कि लोधी समाज सबको साथ लेकर चलने वाला संगठन है। जिसने देश और प्रदेश के विकास में अपना अतुलनीय योगदान दिया है। लोधी समाज ने देश की राजनीति को नई दिशा देने का काम किया है।

# यूपी आज से शुरू हुई सालाना फास्टैग की सुविधा

### तीन हजार देकर 200 बार पार कर सकेंगे टोल

**लखनऊ, 16 अगस्त (एजेंसियां)।** सालाना फास्टैग की सुविधा 15 अगस्त की आधी रात से शुरू हो गई है। वार्षिक फास्टैग से एक साल में 200 बार टोल प्लाजा से निकला जा सकता है। यदि 365 दिन से पहले 200 बार टोल पार कर लिया तो फास्टैग को दोबारा रिचार्ज कराना पड़ेगा। यह सुविधा निजी चार पहिया वाहनों को ही मिलेगी। टोल प्लाजा कर्मियों को इसका प्रशिक्षण भी दिया गया।

लखनऊ शहर के आसपास के टोल से औसतन 15000 कारें, जीप, वैन निकलती हैं। इनमें से लगभग एक हजार चार पहिया वाहन टैक्सी कोटे के और शेष निजी वाहन होते हैं। कमोबेश इतने ही इन श्रेणियों के निजी वाहन कानपुर-प्रयागराज राजमार्ग, कानपुर-सागर राजमार्ग, कानपुर-लखनऊ राजमार्ग से निकलते हैं। चेचिस नंबर से फास्टैग बनवाने वालों को गाड़ी नंबर दर्ज कराना अनिवार्य होगा। जिनमें यह नंबर नहीं है, उन्हें वार्षिक फास्टैग की सुविधा नहीं मिलेगी।

एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर पंकज यादव ने बताया कि निजी वाहन मालिक राजमार्ग यात्रा एप से अभी वार्षिक फास्टैग की प्री बुकिंग करा सकेंगे। उनके फास्टैग 15 अगस्त को रात 12 बजते ही एक्टिवेट हो गए होंगे। एक बार टोल प्लाजा क्रॉस करते ही वाहन मालिक के पास इसका मैसेज और शेष सुविधा की जानकारी एसएमएस से मिल जाएगी। वार्षिक फास्टैग निजी वाहन की विंड शील्ड पर चिपकाना अनिवार्य है। ऐसा न करने पर उसे ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा। ऐसे राष्ट्रीय एक्सप्रेसवे जहां वाहन एक टोल प्लाजा से प्रवेश कर दूसरे में निकलते हैं और बीच में किसी अन्य रास्ते से वाहन आने की सुविधा नहीं है, वहां प्रवेश और निकासी को एक ही टोल प्लाजा क्रासिंग के रूप में गिना जाएगा।

# मारवाड़ी युवा मंच पर्ल महिला शाखा ने अनाथ बच्चों के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस



**हैदराबाद, 15 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मारवाड़ी युवा मंच की पर्ल महिला शाखा ने 79वां स्वतंत्रता दिवस आश्रय बालतेजस्सू रेनबो होम के अनाथ बच्चों के साथ बड़े उत्साह और देशभक्ति के माहौल में मनाया।

शाखा मंत्री सुमन घोड़ेला द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, कार्यक्रम का आयोजन शाखा अध्यक्षा शीतल जैन की देखरेख में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण और राष्ट्रगान के साथ हुई, जिसमें सभी बच्चों ने गर्व के साथ भाग लिया।

इस अवसर पर, लगभग 300 बच्चों के लिए अंगदान – महादान विषय पर एक चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। बच्चों ने अपनी रचनात्मकता और भावनाओं को रंगों के माध्यम से व्यक्त किया। प्रतियोगिता के बाद, पर्ल शाखा की सदस्य और प्रांतीय अंगदान संरक्षण प्रमुख कला गांधी ने बच्चों को प्रेरित करते हुए संदेश दिया, जीते जी अंगदान, जाते-जाते नेत्रदान।

कार्यक्रम के समापन पर, शाखा की ओर से बच्चों को मिठाइयाँ और फ्रूटी दी गईं, जिससे उनके चेहरों पर मुस्कान आ गई। बच्चों ने शाखा का आभार व्यक्त किया।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पूनम बोहरा, पुष्पा कोठारी, अंजू जैन, ममता जैन और ललिता लोहार का विशेष योगदान रहा।

अंत में, शाखा की कोषाध्यक्ष दिव्या घोड़ेला ने सभी बच्चों, शिक्षकों और सदस्यों का धन्यवाद किया।

# अग्रवाल समाज रानी सती दादी महिला शाखा ने मनाया स्वतंत्रता दिवस



**हैदराबाद, 16 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

अग्रवाल समाज की रानी सती दादी महिला शाखा, घासी बाजार ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गवर्नमेंट हाई स्कूल, चार महल, पुराना पुल में झंडारोहण किया।

इस कार्यक्रम के दौरान, शाखा की सदस्यों ने स्कूल के बच्चों को कुछ उपयोगी सामग्री भी भेंट की। झंडारोहण के समय स्कूल की प्रधानाध्यापिका और अन्य अध्यापिकाएं भी उपस्थित थीं।

इस अवसर पर, महिला शाखा की अध्यक्ष रिंकू गर्ग, उपाध्यक्ष हेमा अग्रवाल, मंत्री मोनिका अग्रवाल, सह-मंत्री सुशीला केडिया, केंद्रीय समिति सदस्य कविता गोयल, और कार्यकारिणी सदस्य सीमा अग्रवाल, पूनम तुलसियान, चित्रा अग्रवाल सहित अन्य सदस्य मौजूद थीं।

# अत्तापुर में नन्हे बच्चे तिरंगे के रंग में रंगे



**हैदराबाद, 16 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अत्तापुर में नन्हे बच्चों की माताओं ने अपने बच्चों को तिरंगे के रंगों वाले कपड़े पहनाकर आजादी के जश्न को और भी खुशनुमा बना दिया।बच्चों के नाम हैं त्रिविक्रमा शर्मा, स्वरूपा शर्मा, सूर्यवंश शर्मा, ध्रुव शर्मा, यामी शर्मा और मोक्षिता शर्मा।अत्तापुर स्थित अपने निवास पर नेहा शर्मा, सोनू शर्मा, अंजलि शर्मा और अनिशा शर्मा ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर स्वतंत्रता दिवस मनाया।

# माधव ऑटिज्म फाउंडेशन ने मनाया स्वतंत्रता दिवस

**हैदराबाद, 16 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** माधव ऑटिज्म फाउंडेशन ने कवाडीगुडा स्थित सुमन ऑटिज्म सेंटर के परिसर के समीप 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एक भव्य ध्वजारोहण समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर गांधीनगर पुलिस स्टेशन के एसीपी यादगिरी, एसएचओ किरण, डीआई वेंकटेश, माधव ऑटिज्म फाउंडेशन की संस्थापक और अध्यक्ष डॉ. सुमन सराफ, सेंटर के थेरेपिस्ट, कर्मचारी, विशेष बच्चे, उनके अभिभावक, और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण के साथ हुई, जिसके बाद राष्ट्रगान गाया गया। यह आयोजन विशेष बच्चों और उनके परिवारों के लिए एकता, देशभक्ति, और सामाजिक समावेशन का संदेश देने वाला रहा। डॉ. सुमन सराफ ने अपने संबोधन में स्वतंत्रता के महत्व और विशेष बच्चों के लिए समाज में समान अवसरों की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य न केवल विशेष बच्चों के लिए शिक्षा और चिकित्सा प्रदान करना है, बल्कि उन्हें समाज की मुख्यधारा में शामिल करना भी है। यह स्वतंत्रता दिवस हमें सभी के लिए समानता और सम्मान की प्रेरणा देता है।



गांधीनगर पुलिस स्टेशन के अधिकारियों ने भी इस अवसर पर माधव ऑटिज्म फाउंडेशन और सुमन ऑटिज्म सेंटर के प्रयासों की सराहना की। एसीपी यादगिरी ने कहा, ऐसे आयोजन समाज में जागरूकता और समावेशिता को बढ़ावा देते हैं। हम सभी को विशेष बच्चों के कल्याण के लिए एकजुट होकर काम करना चाहिए।

कार्यक्रम में विशेष बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत गीत और अन्य गतिविधियों में भाग लिया, जिसने सभी उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। सेंटर के थेरेपिस्ट और कर्मचारियों ने बच्चों के साथ मिलकर इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अभिभावकों ने भी फाउंडेशन के प्रति आभार व्यक्त किया और इस तरह के आयोजनों को समाज के लिए प्रेरणादायी बताया।

माधव ऑटिज्म फाउंडेशन और सुमन ऑटिज्म सेंटर की ओर से सभी उपस्थित लोगों को धन्यवाद दिया गया। यह आयोजन न केवल स्वतंत्रता दिवस का उत्सव था, बल्कि विशेष बच्चों और उनके परिवारों के लिए एकजुटता और सशक्तिकरण का प्रतीक भी रहा।

# तेरापंथ महिला मंडल ने कन्या सुरक्षा सर्कल पर किया ध्वजारोहण




**हैदराबाद, 16 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशानुसार, 15 अगस्त को बोलाराम गवर्नमेंट स्कूल में स्थित कन्या सुरक्षा सर्कल पर एक गरिमामय ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती बी. सुनीता ने महिला मंडल के सदस्यों का हार्दिक स्वागत किया। इस अवसर पर रूबी दुगड़ ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ दीं। महिला मंडल की सदस्यों शांताजी बैद और तेरापंथ कन्या मंडल की प्रेरणा सुराणा ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर माहौल को देशभक्ति की भावना से भर दिया। स्कूल के बच्चों ने भी अपनी मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया।कार्यक्रम के दौरान लगभग 200 बच्चों को बिस्किट वितरित किए गए और पूरे स्कूल स्टाफ के लिए अल्पाहार की व्यवस्था की गई।इस कार्यक्रम में तेरापंथ कन्या मंडल प्रभारी रूबी दुगड़, बोलाराम महिला मंडल की अध्यक्ष संगीता सुराणा, और सदस्याएँ स्नेहा बाटिया, शारदा कातरेला, दमयंती सुराणा उपस्थित थीं। इसके अलावा, कन्या मंडल की संयोजिका सुरभि बोथरा, पूर्वा सुराणा, प्रेक्षा सुराणा और हितवी कातरेला भी मौजूद थीं।इस आयोजन की सफलता में अनिल जी कातरेला का विशेष सहयोग सराहनीय रहा।यह कार्यक्रम केवल देशभक्ति का उत्सव नहीं था, बल्कि सेवा, संस्कार और एकता के संकल्प को भी मजबूत करने वाला था।

# कच्छी भवन में 79वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित



**हैदराबाद, 16 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

श्री कच्छी मित्र मंडल द्वारा संचालित शांति प्राइमरी स्कूल ने कच्छी भवन के प्रांगण में 79वाँ स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर ध्वजारोहण और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया।

इस समारोह में समाज के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे, जिनमें मंडल के ट्रस्टी सुशील कापड़िया, उपाध्यक्ष केशवजीभाई छेड़ा, और करेस्पोंडेंट विपुल निशर शामिल थे।

इनके साथ ही, दिनेश गोसर, मनोज नागड़ा, पराग मारू, रतिलाल छेड़ा, कल्पना कापड़िया, योगेश गोसर, पूनम देढिया, दिपेन सावला और अन्य सदस्यों ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया।

# अग्रवाल समाज मलकपेट शाखा ने धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस



**हैदराबाद, 16 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

अग्रवाल समाज मलकपेट शाखा ने 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। शाखा के अध्यक्ष पंकज कुमार संघी ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ दीं और 'भारत माता की जय' के जयघोष के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

इस अवसर पर, शाखा की युवा मोर्चा ने एक तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया। यह रैली मलकपेट के हनुमान मंदिर के पास से शुरू हुई, जिसे केंद्रीय समिति के उपाध्यक्ष रूपेश अग्रवाल और कोषाध्यक्ष अचल गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।रैली को रवाना करते हुए, रूपेश अग्रवाल ने राष्ट्रभक्ति के प्रति युवा मोर्चा के प्रयासों की सराहना की, जो पिछले 10 वर्षों से लगातार तिरंगा बाइक रैली निकाल रहे हैं। रैली में 70-80 युवाओं ने भाग लिया और 'भारत माता की जय' के नारे लगाते हुए शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए बंजारा हिल्स स्थित अग्रसेन चौक पहुँचे।यह रैली अग्रवाल समाज मलकपेट शाखा के युवा मोर्चा के उत्साह और नई पीढ़ी में अपने देश के प्रति गहरे लगाव को दर्शाती है।इस कार्यक्रम में अध्यक्ष पंकज कुमार संघी, उपाध्यक्ष अशोक कुमार अग्रवाल, मंत्री प्रदीप बंसल, कोषाध्यक्ष सत्यनारायण मोदी, और अन्य कई पदाधिकारी तथा युवा मोर्चा के सदस्य उपस्थित थे।

# हिंदी प्रचार सभा और मुफिद-उल-अनाम बालिका विद्यालय में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**हैदराबाद, 16 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

हिंदी प्रचार सभा, हैदराबाद और मुफिद-उल-अनाम बालिका विद्यालय, याकुतपुरा में 79वाँ स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। दोनों स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में कानूनी सलाहकार और वरिष्ठ वकील जे. वेंकटराम नरसिंहा रेड्डी ने मुख्य अतिथि के रूप में ध्वजारोहण किया।

हिंदी प्रचार सभा के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जे. वेंकटराम नरसिंहा रेड्डी ने कहा कि जिस तरह भारत प्रगति कर रहा है, उसी तरह हिंदी प्रचार सभा को भी नई ऊंचाइयों को छूना चाहिए। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में हमारे सेनानियों के योगदान को याद किया और कहा कि उनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।



उन्होंने दक्षिण भारत में हिंदी की भूमिका पर भी जोर दिया और बताया कि स्वतंत्रता से पहले हिंदी प्रचार सभा की स्थापना स्वतंत्रता आंदोलन का ही एक हिस्सा थी। उन्होंने कहा कि तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और महाराष्ट्र जैसे दक्षिणी राज्यों में सभा के कार्यों ने राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत किया और स्वतंत्रता आंदोलन को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने दृढ़ता से कहा कि जब तक भारत रहेगा, हिंदी की प्रगति भी जारी रहेगी।

इस अवसर पर, तेलंगाना हिंदी प्रचार सभा के अध्यक्ष के. रामचंदर ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी और कहा कि हमारी उन्नति हिंदी की उन्नति में ही निहित है।

मुफिद-उल-अनाम बालिका विद्यालय में भी जे. वेंकटराम नरसिंहा रेड्डी ने ध्वजारोहण किया। विद्यालय की छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्होंने सभी का मन मोह लिया।

इस कार्यक्रम में हिंदी प्रचार सभा की संचालन समिति के सदस्य श्रीमती विजया वाघमोडे, तेलंगाना हिंदी प्रचार सभा के अध्यक्ष के. रामचंदर, कार्यालय मंत्री के. वेंकटेश्वर, रजिस्ट्रार नामदेव वाघमोडे, सी. शिवलिंगम, माया पाण्डेय, सी. विनोद कुमार और मुफिद-उल-अनाम बालिका विद्यालय की प्रधानाध्यापिका माधुरी टोंगे और अलका सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित थीं।

इन आयोजनों ने हिंदी के महत्व और स्वतंत्रता दिवस की भावना को एक साथ जोड़कर एक यादगार उत्सव का माहौल बनाया।

# तेरापंथ युवक परिषद ने मनाया आजादी का अमृत महोत्सव

**हैदराबाद, 15 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

आचार्य श्री महाश्रमण जी की शिष्या साध्वी श्री डॉ. गवेषणा श्री जी के सानिध्य में, तेरापंथ युवक परिषद (तेयुप), हैदराबाद और जैन तेरापंथ वेलफेयर सोसाइटी, सिकंदराबाद ने मिलकर 79वाँ स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया। यह कार्यक्रम डी.वी. कॉलोनी स्थित जैन तेरापंथ भवन में आयोजित किया गया।

समारोह की शुरुआत साध्वी श्री जी के मंगल पाठ से हुई। इसके बाद, तेयुप अध्यक्ष राहुल गोलछा, उपाध्यक्ष ललित लूनिया, मंत्री नीरज सुराणा, और अन्य पदाधिकारियों सहित सभी उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से ध्वजारोहण किया और राष्ट्रगान का गायन किया।इस अवसर पर, देश की स्वतंत्रता का सम्मान करते हुए, डी.वी. कॉलोनी के जीएचएमसी कर्मचारियों, भवन के सफाई कर्मचारियों और स्टाफ सदस्यों को आवश्यक वस्तुएं और नाश्ता वितरित किया गया।इस आयोजन में महिला मंडल की अध्यक्ष नमिता सिंघी और अन्य कई गणमान्य व्यक्ति भी विशेष रूप से उपस्थित थे।इस 'अमृत महोत्सव' कार्यक्रम को सफल बनाने का श्रेय किशोर मंडल प्रभारी अरिहंत गुजारनी, प्रतीक बंबोली, खुशाल भंसाली, और किशोर मंडल संयोजक जय पींचा और उनकी टीम के अथक प्रयासों को जाता है। सभी को उनकी कड़ी मेहनत के लिए बधाई और शुभकामनाएँ दी गईं।





79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर, काचीगुड़ा स्थित एसवी बसंत अपार्टमेंट में एक समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती माधवी लता ने ध्वजारोहण किया।अपार्टमेंट के निवासियों – उषा, बालकिशन, संदीप, मंजूषा, नीलम, गौतम, सचिन, वैशाली, इंदु, अनुज और अन्य ने उनका स्वागत किया। इस दौरान निवासियों ने श्रीमती माधवी लता के विचारों को सुना।
यह समारोह देशभक्ति और सामुदायिक भावना का एक अच्छा उदाहरण था।




# एसएंडपी ने भारत की क्रेडिट रेटिंग बढ़ाकर 'बीबीबी किया, रेटिंग 19 साल बाद पहली बार सुधारी गई

**नई दिल्ली,16 अगस्त (एजेंसियां)।**

साख निर्धारण एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने भारत की क्रेडिट रेटिंग 'बीबीबी-से बढ़ाकर 'बीबीबी कर दी है। यह रेटिंग 19 साल बाद पहली बार सुधारी गई है और इसे स्थिर परिदृश्य के साथ रखा गया है। एजेंसी ने इस सुधार के पीछे मजबूत आर्थिक वृद्धि, राजकोषीय मजबूती के लिए सरकार की प्रतिबद्धता और महंगाई नियंत्रण में बेहतर मौद्रिक नीतियों को प्रमुख कारण बताया है। एसएंडपी ने कहा है कि भारत दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है।

पिछले पांच-छह वर्षों में सरकारी खर्च की गुणवत्ता में भी सुधार हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत को 'मृत अर्थव्यवस्था' कहने और भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत तक शुल्क लगाने की घोषणा के बावजूद एसएंडपी ने माना कि अमेरिकी शुल्क का भारतीय अर्थव्यवस्था पर कोई बड़ा नकारात्मक प्रभाव नहीं होगा, क्योंकि भारत की 60 प्रतिशत आर्थिक वृद्धि घरेलू खपत पर निर्भर है और व्यापार पर निर्भरता कम है। इस रेटिंग सुधार से भारत को अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कर्ज़ लेने में आसानी होगी, जिससे कर्ज़ की लागत कम होगी। एसएंडपी ने यह भी कहा कि सरकार की सतर्क राजकोषीय और मौद्रिक नीतियां आने वाले 24 महीनों में रेटिंग को और मजबूत बनाएंगी। एसएंडपी ने वित्त वर्ष 2025-26 तक भारत के सामान्य सरकारी घाटे को सकल घरेलू उत्पाद के 7.3 प्रतिशत से घटाकर 6.6 प्रतिशत करने का अनुमान लगाया है। एजेंसी ने भारत की आर्थिक वृद्धि दर को भी 6.5 प्रतिशत से बढ़कर अगले तीन वर्षों में औसतन 6.8 प्रतिशत तक पहुंचने की संभावना जताई है। यह रेटिंग सुधार भारत की आर्थिक स्थिरता और विकास के प्रति वैश्विक निवेशकों का विश्वास बढ़ाने वाला कदम माना जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### आईआरबी इंफास्ट्रक्चर ने पहली तिमाही में मुनाफे में 44.6 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की




**नई दिल्ली।** देश की अग्रणी हाईवे विकास कंपनी आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर्स लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में शानदार वित्तीय प्रदर्शन दर्ज किया है। कंपनी का शुद्ध मुनाफा इस तिमाही में 202.4 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही के 140 करोड़ रुपये से 44.6 प्रतिशत अधिक है। इस मजबूती का मुख्य कारण टोल कलेक्शन में वृद्धि को बताया गया है। आईआरबी और उसके प्राइवेट आईएनवीआईटी ने इस तिमाही में टोल से कुल 1,680 करोड़ रुपये की आय हासिल की, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही के 1,555 करोड़ रुपये से लगभग 8 प्रतिशत ज्यादा है। कुल आय भी 13 प्रतिशत बढ़कर 2,099 करोड़ रुपये रही, जो पिछले साल 1,853 करोड़ रुपये थी। मजबूती का मुख्य कारण टोल कलेक्शन में वृद्धि एबिडेटा में भी 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 952 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। हालांकि, मार्जिन पिछले साल के 46.25 प्रतिशत से थोड़ा कम होकर 45.35 प्रतिशत रहा। कंपनी के बोर्ड ने वित्त वर्ष 2026 के लिए 7 प्रतिशत का अंतरिम डिविडेंड यानी 0.07 रुपये प्रति शेयर घोषित किया है। इसके लिए रिकॉर्ड डेट 29 अगस्त 2025 निर्धारित की गई है और डिविडेंड का भुगतान 12 सितंबर 2025 तक किया जाएगा। आईआरबी का ऑपरेशन और मेंटेनेंसऑर्डर बुक भी मजबूत रहा और यह 30,900 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जिसमें प्राइवेट आईएनवीआईटी से पब्लिक आईएनवीआईटी में एसेट ट्रांसफर के बाद करीब 3,100 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी शामिल है। कंपनी के सीएमडी ने कहा कि 80,000 करोड़ रुपये के मजबूत एसेट बेस के चलते कंपनी को टोल ग्रोथ में फायदा हो रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि भारत की मजबूत जीडीपी ग्रोथ और सरकार के पीपीपी मॉडल पर जोर से आईआरबी आगामी प्रोजेक्ट्स के जरिए नई ऊंचाइयां हासिल करने के लिए तैयार है।

### अमेरिका में जुलाई में थोक कीमतों में अप्रत्याशित तेजी रही



**नई दिल्ली।** अमेरिका में जुलाई महीने में थोक स्तर पर कीमतों में उम्मीद से कहीं ज्यादा बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिससे सितंबर में फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की संभावना प्रभावित हो सकती है। अमेरिकी श्रम सांख्यिकी ब्यूरो की रिपोर्ट के मुताबिक, प्रोड्यूसर प्राइस इंडेक्स जुलाई में 0.9 फीसदी बढ़ा, जबकि विशेषज्ञों का अनुमान सिर्फ 0.2 फीसदी था। खाद्य और ऊर्जा क्षेत्र को छोड़कर कोर पीपीआई भी 0.9 फीसदी बढ़ा, जो अनुमानित 0.3 फीसदी से काफी अधिक है। वार्षिक आधार पर, हेडलाइन पीपीआई 3.3 फीसद बढ़ी है, जो फरवरी के बाद सबसे बड़ी 12 महीने की वृद्धि है और फेडरल रिजर्व के 2 फीसदी मुद्रास्फीति लक्ष्य से कहीं ऊपर है। इस बढ़ोतरी में सेवाओं की कीमतें मुख्य कारण रही हैं, जो जुलाई में 1.1 फीसदी बढ़ी, मार्च 2022 के बाद सबसे बड़ी मासिक उछाल। व्यापार सेवाओं के मार्जिन भी 2 फीसदी बढ़े, जिसमें मशीनरी और उपकरणों के थोक कारोबार में 3.8 फीसदी की वृद्धि शामिल है। रिपोर्ट के बाद अमेरिकी शेयर बाजार में वायदा गिर गया, जबकि अल्पावधि ट्रेजरी यील्ड में तेजी आई। फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की संभावना प्रभावित हो सकती है इससे बाजार में फेडरल रिजर्व की आगामी नीतियों को लेकर अनिश्चितता बढ़ गई है।

### 1 अक्टूबर, 2025 से यूपीआई पेमेंट में होगा बड़ा बदलाव

**मुंबई।** अगर आप फोनपे, गूगलपे, पेटीएम जैसे यूपीआई एप का इस्तेमाल करते हैं, तब 1 अक्टूबर, 2025 से यूपीआई पेमेंट से जुड़े एक महत्वपूर्ण बदलाव पर ध्यान दें। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने यूपीआई ट्रांजैक्शन को और सुरक्षित बनाने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। इसके तहत 1 अक्टूबर से, एनपीसीआई पर्सन-टू-पर्सन (पी2पी) कलेक्ट रिक्वेस्ट की सुविधा को बंद कर रहा है। यह वह फीचर है जिससे कोई व्यक्ति यूपीआई के ज़रिए किसी दूसरे व्यक्ति से पैसे की मांग कर सकता था। हालांकि, इस फीचर को दोस्तों से पैसे वापस लेने या बिल शेयर करने के लिए बनाया गया था, धोखेबाज इसका गलत इस्तेमाल करने लगे थे। वे फर्जी रिक्वेस्ट भेजकर लोगों से अनजाने में पैसे निकलवा लेते थे। इस बदलाव का मकसद इसतरह की धोखाधड़ी को पूरी तरह से रोकना है। केंद्र सरकार का मकसद लगातार बढ़ रही धोखाधड़ी के मामलों पर रोक लगाना है। क्योंकि साइबर फ्राड के केस दिनोंदिन बढ़ते जा रहे है। धोखाधड़ी में फंसकर हजारों लोग अपनी जीवन भर की कमाई गंवा रहे है।

# सेंसेक्स और निफ्टी में लगातार 6 हफ्तों की गिरावट के बाद आई तेज मजबूती

**निवेशकों के मनोबल में सुधार हुआ और बाजार की स्थिरता की उम्मीद बढ़ी**

**मुंबई,16 अगस्त (एजेंसियां)।**

पिछले कई हफ्तों से जारी भारी उतार-चढ़ाव के बाद शेयर बाजार ने इस सप्ताह सकारात्मक रुख अपनाया है। स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) के कारण बाजार केवल चार दिन खुला, लेकिन इस छोटे कारोबारी सप्ताह में सेंसेक्स और निफ्टी ने गिरावट के बाद मजबूती दिखाई है। 6 हफ्तों की लगातार गिरावट के बाद यह बाजार के लिए राहत की खबर है। सोमवार को विदेशी निवेशकों के भरोसे और अमेरिकी बाजारों में तेजी के कारण शुरुआती कारोबार में बाजार हरियाली से रंगा। बीएसई सेंसेक्स 104.84 अंक की बढ़त के साथ 79,962.63 पर खुला और अंतत: 746.29 अंकों की जोरदार बढ़त के साथ 80,604.08 पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी भी 55.85 अंक की तेजी के साथ 24,419.15 पर खुला और 221.75 अंक ऊपर 24,585.05 पर बंद हुआ। मंगलवार को हालांकि बाजार में उतार-चढ़ाव देखे गए। सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 66.28 अंक ऊपर खुला लेकिन अंत में 368.49 अंक गिरकर 80,235.59 पर बंद हुआ।

निफ्टी ने भी 42.85 अंक बढ़कर कारोबार शुरू किया, पर अंत में 97.65 अंक गिरावट के साथ 24,487.40 पर बंद हुआ। बुधवार को अमेरिका में स्थिर मुद्रास्फीति के आंकड़ों से वैश्विक बाजारों में तेजी आई, जिसका असर भारत के बाजारों पर भी पड़ा। सेंसेक्स 304.32 अंक की बढ़त के साथ 80,539.91 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी ने 131.95 अंक की तेजी दर्ज की और 24,619.35 पर बंद हुआ। गुरुवार को भी बाजार में सकारात्मक रुख कायम रहा। एचडीएफसी बैंक, टीसीएस जैसे प्रमुख शेयरों में खरीदारी ने सेंसेक्स को 57.75 अंक बढ़ाकर 80,597.66 पर और निफ्टी को 11.95 अंक ऊपर 24,631.30 पर बंद कराया। इस तरह, निवेशकों के मनोबल में सुधार हुआ है और बाजार की स्थिरता की उम्मीद बढ़ी है। अगले हफ्तों में वैश्विक आर्थिक हालात और घरेलू नीतिगत फैसलों पर नजर बनी रहेगी, जो बाजार के रुख को प्रभावित कर सकते हैं।



### भारत-आसियान मुक्त व्यापार समझौते की समीक्षा बैठक अक्टूबर में



**नई दिल्ली।** भारत और आसियान देशों के बीच चल रहे मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की समीक्षा वार्ता का अगला दौर अक्टूबर 2025 में इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में आयोजित किया जाएगा। वाणिज्य मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी बयान के अनुसार, यह बैठक 6-7 अक्टूबर को होगी और इसकी मेजबानी मलेशिया करेगा। यह समीक्षा आसियान-भारत वस्तु व्यापार समझौते को अधिक प्रभावी, सरल और व्यापार के लिए अनुकूल बनाने के उद्देश्य से की जा रही है। समीक्षा के माध्यम से दोनों पक्ष व्यापार प्रक्रिया को बेहतर बनाने, गैर-शुल्क बाधाओं को कम करने और व्यापार सुविधा को बढ़ाने पर जोर दे रहे हैं। आसियान भारत का एक प्रमुख व्यापार भागीदार है, जिसकी हिस्सेदारी भारत के वैश्विक व्यापार में लगभग 11 प्रतिशत है। वर्ष 2024-25 में भारत-आसियान द्विपक्षीय व्यापार 123 अरब डॉलर तक पहुंच गया है, जो दोनों पक्षों के बीच मजबूत आर्थिक संबंधों को दर्शाता है।

# बिहार में उद्योग लगाने बड़ा आर्थिक पैकेज दिया जाएगा: नीतीश



**नई दिल्ली,16 अगस्त (एजेंसियां)।**

**बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जन्माष्टमी के मौके पर नई आर्थिक पहल की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि अब बिहार में उद्योग लगाने वाले उद्यमियों को विशेष आर्थिक पैकेज दिया जाएगा। इसका मकसद राज्य में उद्योगों को बढ़ावा देना और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करना है। नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए बताया कि सरकार द्वारा कैपिटल सब्सिडी, ब्याज सब्सिडी और जीएसटी प्रोत्साहन राशि को दोगुना करने का फैसला लिया गया है। इसके अलावा, उद्योग स्थापित करने के लिए सभी जिलों में जमीन की व्यवस्था की जाएगी।**

**1 करोड़ युवाओं को रोजगार का लक्ष्य घोषित किया**

जो उद्योग ज्यादा रोजगार देंगे, उन्हें मुफ्त में भी जमीन दी जाएगी। राज्य सरकार उद्योगों के लिए आवंटित भूमि से जुड़ी विवादों को खत्म करने के लिए भी कदम उठाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये सभी सुविधाएं अगले छह महीने के भीतर लागू कर दी जाएंगी। इसके अलावा, और भी कई प्रावधान किए गए हैं जो उद्यमियों के लिए मददगार साबित होंगे। यह योजना बिहार में आर्थिक विकास को गति देने के साथ-साथ युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक होगी। नीतीश कुमार ने यह भी बताया कि 2020 में 'सात निश्चय-2' योजना के तहत 50 लाख युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य पूरा किया जा चुका है। अब सरकार अगले पांच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को रोजगार देने का संकल्प लेकर आगे बढ़ रही है। इस पहल के तहत स्वरोजगार और उद्योग लगाने वालों को कई प्रकार की सहूलियतें दी जाएंगी, जिससे राज्य में रोजगार के व्यापक अवसर पैदा होंगे। यह कदम बिहार को उद्योग के मामले में आत्मनिर्भर बनाने और युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### संवैधानिक ...

सरकार ने बताया कि अनुच्छेद 200 और 201 राज्यपाल और राष्ट्रपति को यह अधिकार देते हैं कि वे किसी बिल पर विचार करने में पूरी स्वतंत्रता रखें और उन्हें किसी निश्चित समय सीमा का पालन करना जरूरी नहीं है। समय सीमा न होना जानबूझ कर और सोच-समझकर संविधान में रखा गया एक विशेष नियम है। संविधान में कोई ऐसी प्रक्रिया नहीं बताई गई है जिससे बिना संविधान में बदलाव किए इन सीमाओं को लागू कर सके। संविधान में बदलाव करना केवल संसद की विशेष शक्ति है जो अनुच्छेद 368 के तहत ही किया जा सकता है।

राज्यपाल के खिलाफ तमिलनाडु सरकार की याचिका पर दिए गए अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने सलाह दी थी कि राष्ट्रपति को तीन महीने के भीतर राज्यपालों द्वारा भेजे गए लंबित विधेयकों पर फैसला ले लेना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने 8 अप्रैल दिए फैसले में सुझाव देते हुए कहा था, हम यह सलाह देते हैं कि राष्ट्रपति को राज्यपाल द्वारा उनके विचार के लिए भेजे गए विधेयकों पर तीन महीने के भीतर फैसला लेना जरूरी है। पीठ ने कहा कि इस समय सीमा से ज्यादा की देरी होने पर उचित कारण देने होंगे और इस बारे में संबंधित राज्य को सूचित करना होगा। राज्यों को भी सहयोगात्मक होना चाहिए और विधेयक को लेकर उठाए जा रहे सवालों के उत्तर देकर सहयोग करना चाहिए और केंद्र सरकार द्वारा दिए गए सुझावों पर तेजी से विचार करना चाहिए। इस पर काफी विवाद हुआ और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट से 14 सवाल किए थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शीर्ष अदालत से संविधान के अनुच्छेद 200, 201, 361, 143, 142, 145 (3) और 131 से जुड़े कुछ अहम सवाल पूछे थे। इन सवालों का जवाब देने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने 5 जजों की एक संवैधानिक पीठ बनाई है। राष्ट्रपति ने संविधान के अनुच्छेद 143 (1) के तहत सुप्रीम कोर्ट के पास ये सवाल भेजे थे। अनुच्छेद 143 (1) राष्ट्रपति को कानूनी और सार्वजनिक महत्व के मामलों में सुप्रीम कोर्ट की राय लेने की इजाजत देता है।

### बात हुई....

इसके बाद पुतिन ने आसमान की ओर देखा। बी-2 बॉम्बर विमान हवाई सुरक्षा में प्रवेश करने तथा कठोर लक्ष्यों पर सटीक हमला करने में सक्षम है। अमेरिका ने ईरान पर इसी लड़ाकू विमान से हमला किया था। लेकिन दूसरी तरफ पुतिन के स्वागत में कोई कमी नहीं छोड़ी। अलास्का एयरबेस पर पुतिन के लिए खास रेड कारपेट बिछाया गया था। ट्रंप ने यहां काफी देर पुतिन का इंतजार भी किया। इससे पहले जब पुतिन अपने विमान से उतरने वाले थे तो अमेरिकी सैनिक घुटने के बल बैठकर उनके लिए रेड कारपेट सही करते नजर आए। यूक्रेन की स्टेट एजेंसी फॉर रेस्टोरेशन एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के पूर्व प्रमुख मुस्तफा नईम ने तस्वीर पोस्ट की और लिखा कि घुटने टेकने को फिर से महान बनाओ।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वार्ता को बहुत अच्छा बताया। उन्होंने वार्ता को 10 में से 10 अंक दिए। ट्रंप ने कहा कि यह मुलाकात बहुत गर्मजोशी भरी रही। पुतिन एक मजबूत इंसान हैं, वह इन सब मामलों में बेहद सख्त हैं, लेकिन यह मुलाकात दो बेहद अहम देशों के बीच बहुत गर्मजोशी भरी रही। मुझे लगता है कि हम समझौते के काफी करीब हैं। अब देखिए, यूक्रेन को इसके लिए राजी होना ही होगा। अगर दोनों पक्ष राजी हो जाते हैं तो दोनों देश हर सप्ताह हजारों मौतों को रोक सकते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को अपनी पत्नी मेलानिया ट्रंप का पत्र सौंपा। इसमें यूक्रेन और रूस में बच्चों की दुर्दशा का मुद्दा उठाया गया था। उनके पत्र में युद्ध के दौरान बच्चों के अपहरण का उल्लेख था।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रेस वार्ता में कहा, हम देख सकते हैं कि राष्ट्रपति ट्रंप और उनकी सरकार यूक्रेन संघर्ष को सुलझाने के लिए गंभीर प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने इस मामले की जड़ों को समझने की कोशिश की है, जो हमारे लिए अहम है। पुतिन ने कहा कि यूक्रेन की स्थिति रूस की सुरक्षा के लिए एक मूलभूत खतरा बन गई है। लेकिन अगर युद्ध को स्थायी रूप से खत्म करना है तो संघर्ष के मूल कारणों को दूर करना जरूरी होगा। उन्होंने कहा कि हम कई बार कह चुके हैं कि रूस की वैध सुरक्षा चिंताओं को ध्यान में रखा जाना चाहिए और यूरोप तथा पूरी दुनिया में सुरक्षा का एक न्यायसंगत संतुलन बहाल किया जाना चाहिए। अलास्का से रवाना होने से पहले ट्रंप ने कहा कि युद्धविराम के मामले में आगे की जिम्मेदारी यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की की है कि वे इसे पूरा करें, लेकिन उन्होंने ये भी कहा कि इसमें यूरोपीय देशों देशों की भी कुछ भागीदारी होगी। उधर, व्हाइट हाउस ने बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अलास्का में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के बाद यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से बात की। ट्रंप ने नाटो नेताओं से भी फोन पर लंबी बात की।

अलास्का में ट्रंप-पुतिन की मुलाकात का भारत ने तहेदिल से स्वागत किया है। भारत सरकार ने कहा, संवाद से ही शांति की राह बनेगी। भारत के विदेश मंत्रालय ने अलास्का शिखर सम्मेलन का स्वागत किया और अमेरिका तथा रूस के बीच हुई वार्ता को शांति की दिशा में अहम बताया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, वार्ता में हुई प्रगति की भारत सराहना करता है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की यह पहल वैश्विक शांति की दिशा में एक अहम कदम है। भारत इस वार्ता में हुई प्रगति की सराहना करता है और मानता है कि आगे का रास्ता केवल संवाद और कूटनीति से ही निकल सकता है। मौजूदा समय में पूरी दुनिया की नजर यूक्रेन युद्ध पर है और सभी चाहते हैं कि इस संघर्ष का जल्द से जल्द अंत हो। भारत की हमेशा से यही नीति रही है कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। उन्होंने दोहराया कि बातचीत और आपसी समझ ही शांति का सबसे बड़ा माध्यम है।

### विभाजन के...

इसके साथ ही इसमें पंडित जवाहरलाल नेहरू का जुलाई 1947 में दिया गया एक ऐतिहासिक भाषण भी शामिल किया गया है, जिसमें उन्होंने कहा था, विभाजन बुरा है, लेकिन एकता की कीमत चाहे जो भी हो, गृहयुद्ध की कीमत उससे कहीं ज्यादा होगी। यह उद्धरण उस समय की राजनीतिक और सामाजिक स्थिति को स्पष्ट रूप से दर्शाता है, जब देश कठिन फैसलों के मोड़ पर खड़ा था।

पाठ्यक्रम में बताया गया है कि विभाजन के दौरान करीब 6 लाख लोग मारे गए और 1.5 करोड़ से अधिक लोग विस्थापित हुए। ये तथ्य अक्सर स्कूली किताबों में पूरी तरह नहीं बताए जाते थे। इसके अलावा, पाठ्यक्रम में यह भी बताया गया है कि विभाजन ने देश की एकता को खंडित किया, पंजाब और बंगाल की अर्थव्यवस्था को तबाह किया और जम्मू-कश्मीर को सामाजिक और आर्थिक अस्थिरता की ओर धकेला, जो आगे चलकर आतंकवाद का कारण बना। एनसीईआरटी के अनुसार, यह पाठ्यक्रम शैक्षिक परियोजनाओं, पोस्टरों, रोल-प्ले, निबंध और समूह चर्चा जैसे रचनात्मक तरीकों से पढ़ाया जाएगा। यह पाठ्यक्रम न केवल छात्रों को इतिहास की सच्चाई से अवगत कराएगा, बल्कि उन्हें सोचने की दिशा भी देगा।

### द बंगाल फाइल्स...

इसलिए हमने एक अन्य मल्टीप्लेक्स से बात की, उन्होंने भी कहा कि माफ कीजिए सर, बहुत अधिक राजनीतिक दबाव है, हम ऐसा नहीं कर सकते। अगर हमें यह शुरू से पता होता, तो हम इतनी सारी टीमों और अभिनेताओं को लेकर यहां क्यों आते और इतना पैसा क्यों खर्च करते। विवेक अग्निहोत्री ने कहा, जब फिल्म बंगाल पर आधारित है तो इसका ट्रेलर भी तो यहीं लॉन्च होना चाहिए। मैं भी हार मानने वालों से नहीं हूं। फिल्म का ट्रेलर थिएटर की जगह होटल के बैंक्वेट हॉल में रिलीज हुआ। ऐसा पहली बार हो रहा है। लेकिन मैं जानना चाहता हूं हमारी आवाज दबाने की कोशिश क्यों हो रही है।

निर्देशक ने अधिकारियों से अपने ट्रेलर लॉन्च कार्यक्रम को रद्द करने का कारण पूछते हुए कहा, एक तरफ मेरे खिलाफ कई एफआईआर दर्ज की जा रही हैं। सत्ताधारी पार्टी के सदस्य ऐसा कर रहे हैं। ऐसा नहीं है कि कोई आम आदमी ऐसा कर रहा है। वे लोग ऐसा कर रहे हैं। जब हमने फिल्म की घोषणा की थी तब खुद मुख्यमंत्री ने धमकी दी थी कि हम बंगाल फाइल्स को यहां प्रवेश नहीं करने देंगे। तो सरकार किस बात से डर रही है? इस फिल्म में क्या मुद्दा है?

उल्लेखनीय है कि द ताशकंद फाइल्स और द कश्मीर फाइल्स के बाद अब फिल्म निर्देशक विवेक अग्निहोत्री द बंगाल फाइल्स लेकर आए हैं। इस फिल्म में 1946 में बंगाल में हुए दंगों के दर्द को दिखाया गया है। आज उसी फिल्म का ट्रेलर रिलीज होना था, जिसे पुलिस ने रोक दिया। बाद में उसे एक होटल में रिलीज किया गया। 3 मिनट 32 सेकंड के इस ट्रेलर में हिंदुओं के साथ किए गए खून-खराबे और दंगे के रोंगटे खड़े करने वाले सीन हैं। इसमें एक ओर आजादी से पहले 1946 में हुए दंगों की कहानी दिखाई जा रही है तो दूसरी ओर मौजूदा वक्त में उन घटनाओं को लेकर हो रही जांच और छानबीन को दिखाया गया है। ट्रेलर में महात्मा गांधी और जिन्ना के भी किरदार नजर आए हैं। द कश्मीर फाइल्स में अनुपम खेर ने महात्मा गांधी का किरदार निभाया है। मिथुन चक्रवर्ती, पल्लवी जोशी और दर्शन कुमार भी फिल्म में अहम भूमिका में हैं।

### किश्तवाड़ में ...

मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने शनिवार को इस त्रासदी से प्रभावित इलाकों का दौरा किया और पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि, 70 से 80 लोग अभी भी लापता हैं। ये नंबर बदलता रहेगा।

जब मैं वहां से वापस आ रहा था तो खबर आई कि डैम साइट पर एक लाश मिली है। ये बादल फटने के बाद सैलाब में बह गए थे। हालात अभी काफी मुश्किल हैं। वे कहते थे कि हमारी कोशिश है कि जितना हो सके रेस्क्यू का काम हम करेंगे। हम ये भी कोशिश करेंगे कि जितने लोग लापता हैं, उनकी रिकवरी हो। उसके बाद राहत एवं पुनर्वास का काम हो।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, रविवार, 17 अगस्त, 2025

गोवत्स फाउण्डेशन
हैदराबाद
(Reg. No. 224/2013)
सभी वैष्णवों एवं सनातनियों से विशेष अनुरोध है कि वे अपनी कमाई का नहीं बल्कि अपने दैनिक खर्च, वैवाहिक खर्च, जन्म दिन, वैवाहिक वर्षगाँठ एवं मंगल प्रसंगों पर होने वाले खर्च का 1% अपनी गोमाता की रक्षा, सेवा व चारा – आहार के लिए योगदान दें।
जय गो माता – जय गोपाल
9849467807
9246532277
Scan for Donation

# श्री शिव महापुराण कथा : पं. प्रदीप मिश्रा ने बताया गणेश विवाहोत्सव का महत्व

**हैदराबाद, 16 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** शमशाबाद रोड, गगनपहाड़, प्रेस्टीज सिटी मेन गेट के सामने स्थित पूरन सन्स फार्म्स में रामनिवास ब्रिजगोपाल भूतड़ा परिवार द्वारा आयोजित श्री शिव महापुराण कथा के चौथे दिन (16 अगस्त 2025) अंतरराष्ट्रीय कथावाचक और भागवत भूषण पंडित प्रदीप जी मिश्रा (सीहोर वाले) ने कथा का महात्म्य और श्री गणेश विवाहोत्सव का महत्व विस्तार से बताया। इस भव्य आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया, और पूरा क्षेत्र भक्ति और शिव भक्ति के रंग में सराबोर रहा।

पंडित प्रदीप मिश्रा ने अपने प्रवचन में श्री गणेश के विवाहोत्सव की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भगवान गणेश, जो विघ्नहर्ता और प्रथम पूज्य देवता हैं, का विवाह माता सिद्धि और बुद्धि के साथ हुआ, जो क्रमशः सिद्धियों (आध्यात्मिक शक्तियों) और बुद्धि (ज्ञान) का प्रतीक हैं। यह विवाह न केवल एक पौराणिक घटना है, बल्कि यह जीवन में संतुलन, बुद्धिमत्ता, और समृद्धि का संदेश देता है।

पंडित जी ने कहा, गणेश जी का विवाहोत्सव हमें सिखाता है कि जीवन में सफलता और सिद्धि तभी प्राप्त होती है, जब हम बुद्धि और धैर्य के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करते हैं। गणेश जी की पूजा से हर कार्य में बाधाएं दूर होती हैं और जीवन में सुख-समृद्धि आती है। उन्होंने श्रद्धालुओं को गणेश जी की कृपा प्राप्त करने के लिए नियमित रूप से गणेश मंत्र जप और बेलपत्र अर्पण करने की सलाह दी।



उन्होंने यह भी बताया कि गणेश विवाहोत्सव का पाठ करने से वैवाहिक जीवन में सुख-शांति और परिवार में एकता बनी रहती है। यह कथा विशेष रूप से उन लोगों के लिए लाभकारी है, जो अपने जीवन में बाधाओं का सामना कर रहे हैं या जिनके विवाह में देरी हो रही है। पंडित जी ने जोर देकर कहा कि एक लोटा जल और सच्ची श्रद्धा से भगवान शिव और गणेश की पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

उन्होंने कहा कि शिव महापुराण का पाठ जीवन में सकारात्मक ऊर्जा, साहस, और ज्ञान प्रदान करता है, और यह अवसर सभी के लिए दुर्लभ है।

चौथे दिन की कथा में पंडित प्रदीप मिश्रा ने शिव महापुराण की महिमा का वर्णन करते हुए भगवान शिव और पार्वती के पवित्र बंधन के साथ-साथ गणेश जी के जीवन की प्रमुख घटनाओं को रोचक और सरल शब्दों में प्रस्तुत किया। उनकी वाणी ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया, और पूरा पंडाल 'हर हर महादेव' और 'गणपति बप्पा मोरया' के जयघोष से गूंज उठा।

आयोजन में रामनिवास ब्रिजगोपाल भूतड़ा परिवार के सदस्यों-ब्रिजगोपाल भूतड़ा, आलोक भूतड़ा, रामनिवास भूतड़ा, दीपाली, गौरव-के साथ-साथ अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। आयोजकों ने कथा स्थल पर श्रद्धालुओं के लिए उचित सुविधाओं की व्यवस्था की थी, जिसकी सभी ने सराहना की।

आयोजकों ने श्रद्धालुओं से अनुरोध किया कि वे कथा के अंतिम दिन, 17 अगस्त 2025 को सुबह 8:00 बजे से 11:00 बजे तक समय पर पहुंचकर कथा का लाभ लें। रामनिवास ब्रिजगोपाल भूतड़ा परिवार ने इस भव्य आयोजन के लिए अपनी ओर से पूर्ण समर्पण दिखाया। आयोजकों ने न केवल कथा के लिए भव्य पंडाल और अन्य व्यवस्थाएं कीं, बल्कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखा। स्थानीय प्रशासन और पुलिस ने भी आयोजन को सुचारू रूप से संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।यह श्री शिव महापुराण कथा न केवल आध्यात्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण रही, बल्कि इसने समाज में एकता, भक्ति, और सनातन धर्म के प्रति श्रद्धा को भी बढ़ावा दिया। पंडित प्रदीप मिश्रा की सरल और प्रभावशाली वाणी ने श्रद्धालुओं के मन में गहरी छाप छोड़ी। अंतिम दिन की कथा में भी भारी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है।

# 'कौशल विकास' विशेषांक का विमोचन

## विकसित भारत का मार्ग प्रशस्त करता है कौशल विकास : अनुराग कुमार



**हैदराबाद, 16 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (ईसीआईएल) में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अनुराग कुमार ने ईसीआईएल गौरव पत्रिका के अंक-24 'कौशल विकास' विशेषांक का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कौशल विकास में निरंतरता किसी भी संगठन और राष्ट्र की प्रगति का आधार है। उन्होंने कौशल विकास को संगठनात्मक उत्कृष्टता की आधारशिला बताते हुए निरंतर सीखने और नई तकनीकों को अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

विमोचन समारोह में प्रोतीक कुमार चक्रबोर्ती, निदेशक (वित्त), सी. मुरलीधर, कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन), सभी कार्यपालक निदेशक, महाप्रबंधक, एम. मृत्युंजयुडु, प्रमुख (मानव संसाधन), ईसीओए के सचिव, और ईसीआईएल मजदूर संघ के महासचिव उपस्थित थे।

'कौशल विकास' विशेषांक में संगठन के तकनीकी नवाचार, प्रशिक्षण पहल, कर्मचारियों की उपलब्धियां, और कौशल उन्नयन से संबंधित विविध आलेख शामिल हैं। पत्रिका का संपादन डॉ. राजनारायण अवस्थी, मुख्य संपादक एवं प्रबंधक (राजभाषा) के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। डॉ. अवस्थी ने इस विशेषांक के माध्यम से कौशल विकास और राजभाषा प्रोत्साहन को एक साथ बढ़ावा देने का अभिनव प्रयास किया है।

विशेषांक में तकनीकी स्तंभ के अंतर्गत विषयों को प्रमुखता दी गई है। जिनमें-

कौशल से समृद्धि की ओर: एक अनवरत यात्रा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी का संगम, कृषि में तकनीक का नव प्रयोग: स्मार्ट एग्रीकल्चर, ईसीआईएल की परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में भूमिका, डिजिटल इंडिया के एक दशक और भारत और बिग डेटा विश्लेषण शामिल हैं।

इसी प्रकार, तकनीकी अनुवाद, सांस्कृतिक, और सामाजिक आलेख स्तंभ में शामिल विषय हैं:-

अनुवाद का बदलता स्वरूप: मानव से यंत्र तक, संस्कारों का मनोवैज्ञानिक प्रभाव, स्वास्थ्य एवं आहार का महत्व, स्वच्छता: आवश्यक जीवनशैली, भारतीय रेलवे की प्रथम यात्रा और प्रकृति: साहचर्य और समरसता।

अध्यक्ष अनुराग कुमार ने अपने संबोधन में सभी कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं और संगठन की प्रगति व राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि कौशल विकास न केवल संगठन के लिए बल्कि देश के विकास के लिए भी महत्वपूर्ण है।

विशेषांक के सफल प्रकाशन में डॉ. चिप्पाड़ा अंबेडकर, वी. कनका श्री महालक्ष्मी, वरिष्ठ हिन्दी अनुवादक अजहर सुल्तान, अनुभाग सहायक विनीला, और प्रशिक्षु (राजभाषा) ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय एकता और प्रगति के संकल्प के साथ हुआ। यह विशेषांक ईसीआईएल के कर्मचारियों और संगठन के लिए कौशल विकास की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है।

# ईसीआईएल में 79वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह उत्साहपूर्वक मनाया गया



**हैदराबाद, 16 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने 15 अगस्त 2025 को अपने कारखाना परिसर में 79वाँ स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया।समारोह के मुख्य अतिथि अनुराग कुमार, अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, ईसीआईएल, ने ध्वाज-ारोहण किया और सीआईएसएफ टुकड़ी द्वारा प्रस्तुत गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया।

अपने स्वतंत्रता दिवस संदेश में, उन्होंने सभी कर्मचारियों को 79वें स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी और मिनीरत्न का दर्जा हासिल करने के लिए उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि कंपनी का लक्ष्य समर्पित और प्रतिबद्ध प्रयासों के माध्यम से नवरत्न का दर्जा प्राप्त करना है।इस अवसर पर, परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय के छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसके बाद भाग लेने वाले छात्रों और शिक्षकों को पुरस्कार वितरित किए गए। राजभाषा को बढ़ावा देने के लिए, ईसीआईएल की इन-हाउस पत्रिका ईसीआईएल-गौरव (अंक संख्या 24) का भी विमोचन किया गया।इस समारोह में निदेशक (वित्त) प्रोतीक कुमार चक्रवर्ती, कार्यकारी निदेशक, महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, ईसीआईएल अधिकारी संघ और ईसी मजदूर संघ के पदाधिकारी, साथ ही ईसीआईएल के कर्मचारी और उनके परिवार भी उपस्थित थे।

# अग्रवाल समाज कुकटपल्ली (पूर्वांचल) शाखा की सावन की सैर 24 को

**हैदराबाद, 16 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज कुकटपल्ली (पूर्वांचल) शाखा द्वारा सावन की सैर 2025 का आयोजन रविवार, 24 अगस्त 2025 को प्रगति रिसॉर्ट, प्रोड्डुतूर विलेज, चिलकुर बालाजी टेंपल रोड, शंकरपल्ली मंडल, रंगा रेड्डी जिला, हैदराबाद, तेलंगाना 501203 में आयोजित किया जाएगा। इस भव्य आयोजन की घोषणा करते हुए शाखा के मानद मंत्री दर्शन अग्रवाल ने हर्ष व्यक्त किया और सभी शाखा सदस्यों को इस उत्सव में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। आयोजन शाखा के अध्यक्ष राजकुमार पसारी की अध्यक्षता में होगा।

सभी शाखा सदस्यों से अनुरोध किया गया है कि वे 15 अगस्त 2025 तक अपना पंजीकरण करवा लें। पंजीकरण शुल्क वयस्कों के लिए 1000 रुपये और बच्चों के लिए 800 रुपये निर्धारित किया गया है। शुल्क भुगतान और अन्य जानकारी के लिए शाखा के कोषाध्यक्ष राधेश्याम गोयल से संपर्क किया जा सकता है।सुबह 9:00 बजे सभी सदस्य कोंडापुर में एकत्र होकर नाश्ते के बाद प्रगति रिसॉर्ट की ओर प्रस्थान करेंगे।सुबह 10:00 बजे रिसॉर्ट पहुंचने पर सभी का स्वागत वेलकम ड्रिंक के साथ किया जाएगा।कार्यक्रम की शुरुआत महाराजा अग्रसेन जी की पूजा-अर्चना के साथ होगी। इसके बाद शाखा में शामिल सभी सदस्यों का अभिनंदन किया जाएगा।आयोजन में रेन डांस, वॉटर स्विमिंग, डांस पार्टी, कैरम बोर्ड, और अन्य रोमांचक खेलों का आयोजन होगा, जिसमें सभी सदस्य उत्साहपूर्वक भाग ले सकते हैं। स्वादिष्ट लंच की व्यवस्था रिसॉर्ट में की जाएगी।हाई टी के साथ दिन का समापन होगा, जिसके बाद सभी सदस्य शाम को वापस प्रस्थान करेंगे।आयोजन के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए शाखा अध्यक्ष राजकुमार पसारी से संपर्क किया जा सकता है। शाखा के मानद मंत्री दर्शन अग्रवाल ने सभी सदस्यों से समय पर पंजीकरण करवाने और इस उत्सव में पूरे उत्साह के साथ भाग लेने की अपील की है।यह सावन की सैर न केवल मनोरंजन का अवसर है, बल्कि अग्रवाल समाज के सदस्यों के बीच एकता, भाईचारा, और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देने का एक मंच भी है। प्रगति रिसॉर्ट का खूबसूरत वातावरण और आयोजन की भव्य व्यवस्थाएं इस दिन को यादगार बनाएंगी। अग्रवाल समाज कुकटपल्ली (पूर्वांचल) शाखा सभी सदस्यों से इस आयोजन में सक्रिय भागीदारी और सहयोग की अपेक्षा करती है, ताकि यह सावन की सैर एक अविस्मरणीय अनुभव बन सके।

# सिखवाल प्रगति समाज ने मनाया 79वां स्वतंत्रता दिवस

**हैदराबाद, 16 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सिखवाल प्रगति समाज हैदराबाद द्वारा ऋषि श्रृंग भवन में राष्ट्र के 79वें स्वतंत्रता दिवस का समारोह अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

प्रातःकाल 10:30 बजे उपाध्यक्ष रामदेव नागला की अध्यक्षता में ध्वजारोहण समारोह संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व अध्यक्ष भागीरथ तिवारी और राजस्थान के डूंगरगढ़ से पधारे गोपालजी पंडित ने ध्वजारोहण किया।

इस अवसर पर मंच पर प्रगति समाज के पदाधिकारियों के साथ रंगलाल ओझा, रामेश्वरलाल उपाध्याय एवं अनिल जायलवाल मंचासीन थे।



ध्वजारोहण के पश्चात विशिष्ट अतिथियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर वर्षों से निःस्वार्थ सेवा प्रदान करने वाले डॉ. हरिकिशन नागला का विशेष सम्मान किया गया।

समारोह में बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख थे:- रामदेव व्यास (डॉन), अनील तड़बा तिवाड़ी, घनश्याम जोशी, विजय शर्मा पांडिया, संदीप जायलवाल, सतवीर उपाध्याय, कैलाश व्यास, एडवोकेट नरपत तिवाड़ी, सुनील तिवाड़ी, चंपालाल नागला, चंपालाल ओझा, राधेश्याम उपाध्याय, कमलनारायण उपाध्याय, जुगलकिशोर उपाध्याय, सुरेश तिवाड़ी, अमरचंद जायलवाल, चंपालाल जोशी, श्याम ओझा, सुरेश ओझा, श्रीनिवास नागला तिवाड़ी, भगवान उपाध्याय, रामदयाल ओझा के अतिरिक्त भारी संख्या में अन्य स्वजातीय बंधु भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम का समापन सहमंत्री चंद्रभान व्यास के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। पूरा प्रांगण स्वजातीय बंधुओं से भरा हुआ था और समारोह में देशभक्ति की भावना देखने को मिली।

# पूर्व राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने रामनगर में मनाया स्वतंत्रता दिवस





**हैदराबाद, 16 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर, पूर्व राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने रामनगर, हैदराबाद में ध्वाजारोहण किया। उन्होंने इस अवसर पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दीं और स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद किया।

इस समारोह में उनके साथ श्रीमती बंडारू विजयलक्ष्मी, श्री साई कृष्णा यादव और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी भाग लिया। सभी ने मिलकर राष्ट्रगान गाया और तिरंगे को सलामी दी।




स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर रामपल्ली में एक ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें अनेक लोग उपस्थित थे।इस समारोह में बौदूलाल शर्मा, विकास शर्मा, आनंद कुमार शर्मा, इंदरपाल सैनी, गौरव सैनी, शुभम शर्मा, रेखा शर्मा, कांता देवी, आदित्य शर्मा, आलोक शर्मा और अन्य समाज बंधु मौजूद थे। सभी ने मिलकर राष्ट्रध्वज फहराया और देश की आजादी का जश्न मनाया।

# अंतरराष्ट्रीय महिला काव्य मंच तेलंगाना की स्वतंत्रता दिवस काव्य गोष्ठी सम्पन्न



**हैदराबाद, 16 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अंतरराष्ट्रीय महिला काव्य मंच की तेलंगाना इकाई ने 15 अगस्त, 2025 को डीआरडीओ प्रांगण में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया।इस काव्य गोष्ठी को अंतरराष्ट्रीय महिला काव्य मंच ट्रस्ट के संस्थापक डॉ. नरेश नाज़ और अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. नीतू सिंह राय ने शुभकामनाएं भेजीं। विशिष्ट अतिथि सरिता सुराणा का भी उत्साहवर्धक संदेश प्राप्त हुआ। काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता डॉ. अर्चना पांडेय ने की।इस संगोष्ठी में कई कवयित्रियों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं, जिनमें कामिनी सिंह, रीना बर्नवाल, सुरभि मित्तल, देबश्री नंदी, अंजली चौरसिया, रीना प्रदीप कुमार, प्रणवी सिंह और डॉ. अर्चना पांडेय शामिल थीं।गोष्ठी का धन्यवाद ज्ञापन रीना बर्नवाल ने किया। अध्यक्ष डॉ. अर्चना पांडेय ने सभी कवयित्रियों से नियमित रूप से काव्य गोष्ठी में भाग लेने और अपनी कविताओं से इसे और भी रोचक बनाने की अपील की।

# चारकमान प्रभात फेरी ने गुलजार हाउस में 79वां स्वतंत्रता दिवस उत्साहपूर्वक मनाया



**हैदराबाद, 16 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** ऐतिहासिक गुलजार हाउस, चार कमान, हैदराबाद में 79वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर चारकमान प्रभात फेरी द्वारा एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ध्वजारोहण पंकज कुमार अग्रवाल ने किया, जिसमें बृज मोहन अग्रवाल, शिवकुमार गोयल, सुरेंद्र संघी, विहान अग्रवाल, प्रखर अग्रवाल, मोहक अग्रवाल और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने सक्रिय भागीदारी की।

चारकमान प्रभात फेरी द्वारा आयोजित इस समारोह में देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना को प्रोत्साहित किया गया। ध्वजारोहण के पश्चात उपस्थित सभी लोगों ने राष्ट्रीय गान का गायन किया, जिसने समारोह में उत्साह और गर्व का माहौल बनाया। कार्यक्रम में सामुदायिक एकता और स्वतंत्रता के मूल्यों को याद करने पर जोर दिया गया।



जीडिमेटला स्थित आईमाता जी मंदिर (बडेर) में आजादी के 79वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर ध्वजारोहण किया गया। इस पावन अवसर पर मंदिर परिसर में अध्यक्ष मांगीलाल काग, उपाध्यक्ष अर्जुनलाल बर्फा, सचिव नारायणलाल बर्फा, सह सचिव प्रेम पंवार, कोषाध्यक्ष भंवरलाल काग, रावतराम बर्फा, जीवाराम हाम्बड़, दुर्गाराम मुलेवा, सोहनलाल परिहार, महेंद्र देवड़ा, मंगलराम पंवार, मोहनलाल मुलेवा, भेराराम, शेषाराम, संतोष चोयल, शंकरलाल बर्फा, वेनाराम, मुलाराम पंवार, सोहनलाल, और नन्हे-मुन्ने बच्चों की उपस्थिति में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा संपदा संस्थान में 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह



**हैदराबाद, 16 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा संपदा संस्थान ने आज स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर रेवेन्यू बोर्ड कॉलोनी, गद्दीअन्नारम स्थित अपने कार्यालय में 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया।

इस अवसर पर संस्थान के प्रभारी सहायक निदेशक डॉ. जी.पी. प्रसाद और सहायक निदेशक डॉ. वी. सुभाष ने अपने विचार व्यक्त किए। डॉ. सुभाष ने कहा कि आज की पीढ़ी को स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने वाले सेनानियों के बारे में अधिक से अधिक जानना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनके पराक्रम और त्याग से प्रेरणा लेकर युवा देश की प्रगति में बढ़-चढ़कर भाग लें।

समारोह में डॉ. श्रीदेवी, डॉ. विश्वरंजन दास, डॉ. अशफाक अहमद, प्रिया व्रत रेड्डी, श्रीनिवास राव, और कॉलोनी के निवासियों व कार्यालय के कर्मचारियों ने भाग लिया।

# कोरेमुला श्री आईमाता जी मंदिर में 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया

**हैदराबाद, 16 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कोरेमुला स्थित श्री आईमाता जी मंदिर में 79वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर एक भव्य ध्वजारोहण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मंदिर समिति के पदाधिकारियों और समाज बंधुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसने राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम में ध्वजारोहण किया गया, जिसके बाद सभी उपस्थित लोगों ने राष्ट्रीय गान का गायन कर स्वतंत्रता के महत्व को याद किया। समारोह में मंदिर के संरक्षक श्री प्रभुराम परिहारीया, अध्यक्ष श्री कालुराम काग, सचिव श्री डायाराम लचेटा, सह-सचिव श्री राजूराम गेहलोत,



उपाध्यक्ष श्री राजाराम पंवार, श्री प्रकाश खंडाला, श्री मोतीलाल भायल, श्री ताराराम परिहारीया, श्री छोगाराम गेहलोत, श्री बाबूलाल काग, श्री भीकाराम पंवार, श्री ओमप्रकाश सींदड़ा, श्री दलाराम सोयल, श्री रामलाल राठौड़, श्री कमल किशोर, और अन्य समाज बंधु उपस्थित रहे।

# एनसीसी की 2(टी) बटालियन ने सेंट एन हाई स्कूल में मनाया स्वतंत्रता दिवस

**हैदराबाद, 16 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर, एनसीसी की 2(टी) बटालियन ने 14 अगस्त, 2025 को कोमपल्ली के सेंट एन हाई स्कूल में देशभक्ति से जुड़े कई कार्यक्रम आयोजित किए। कमांडिंग ऑफिसर कर्नल विभास गुप्ता के मार्गदर्शन में, इन गतिविधियों का उद्देश्य युवाओं में देशप्रेम और राष्ट्रीय एकता की भावना को बढ़ाना था।

इस आयोजन में कई तरह की गतिविधियां शामिल थीं, जिसमें-




साइकिल रैली: लगभग 100 कैडेटों ने एक साइकिल रैली में भाग लिया। यह रैली स्कूल परिसर के भीतर ही आयोजित की गई थी, जिसका मुख्य उद्देश्य प्रदूषण मुक्त पर्यावरण को बढ़ावा देना था।

अन्य गतिविधियां: साइकिल रैली के अलावा, वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, पेंटिंग और क्विज प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया।इन सभी कार्यक्रमों में विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के कैडेटों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। सेंट एन हाई स्कूल के प्रिंसिपल और एनसीसी के पीआई स्टाफ और एएनओ ने भी इन आयोजनों में सक्रिय रूप से सहयोग किया।

इस कार्यक्रम में सेंट एन हाई स्कूल के साथ-साथ सेंट एंथनी हाई स्कूल, एसएनआईएसटी, भवंस विवेकानंद डिग्री कॉलेज, विवेकानंद डिग्री कॉलेज, गवर्नमेंट सिटी कॉलेज, जेए-नजीपी, संघमित्रा डिग्री कॉलेज, एसडीएस कॉलेज, और वर्धमान कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग जैसे संस्थानों के कैडेटों ने भी हिस्सा लिया। इन सभी गतिविधियों के माध्यम से, युवाओं ने अपनी देशभक्ति और प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर, अशोक फाउंडेशन ने भंडारा चौक, रिकाबगंज में एक समारोह का आयोजन किया। यह कार्यक्रम फाउंडेशन के संस्थापक पंकज कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित किया गया। समारोह में ध्वजारोहण किया गया और देशभक्ति के नारे लगाए गए। कार्यक्रम के व्यवस्थापक राजकमल भट्टड थे। इस अवसर पर अनेक लोग उपस्थित थे, जिन्होंने मिलकर देश की आजादी का जश्न मनाया।




भावसार विजिन इण्ड़िया के हैदराबाद क्षेत्र 104 द्वारा 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर श्री विट्ठल रुकमई मंदिर में ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर भावसार रत्न श्री जय हिन्द राव बासुतकर ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में मोहनराव देवतराज, डॉ. प्रशांत नीमकर, शंकर आसुतकर, घनश्याम पतंगे, श्याम नीमकर, वसंत बासुतकर सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित थे। सभी ने मिलकर राष्ट्रगान गाया और देश की आजादी का जश्न मनाया।

# सेंट्रल पीस और वेलफेयर कमिटी ने स्वतंत्रता दिवस पर किया झंडा वंदन

**हैदराबाद, 16 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सेंट्रल पीस और वेलफेयर कमिटी ने शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पीस भवन, दारुशिफा के सामने एक झंडा वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया। साउथ जोन के डीसीपी श्रीमती स्नेहा (आईपीएस) ने ध्वजारोहण किया।

इस मौके पर अमेरिका के डलास से आए अतिथि राजेश को



शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान पीस कमेटी के जनरल सेक्रेटरी श्री किशन शर्मा ने किया।समारोह में सेंट्रल जोन के अध्यक्ष शशिकांत अग्रवाल, साउथ जोन के अध्यक्ष ख्वाजा मोइनुद्दीन, साउथ ईस्ट जोन के अध्यक्ष खाजा गजिउद्दीन, साउथ वेस्ट जोन के अध्यक्ष नारायण रेड्डी, एजाज कुदारी, मुनीर खादर, और डॉ. जैनुल्ला सहित पीस कमेटी के अन्य सदस्य भी मौजूद थे।



श्री कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर श्री कृष्ण की वेशभूषा में आस्ता-आकाश शर्मा की सुपुत्री ध्वनि।

शुभ लाभ - Classifieds FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME**

मैं, श्रुतिका रामचंद्र कोरी (पुराना नाम) अपने पुराने पासपोर्ट में (संख्या टी3314241)। पत्नी दानियाल सलीम, मैं अपने नए पासपोर्ट में अपना नाम बदलकर समायरा दानियाल सिद्दीकी (नया नाम) रखना चाहती हूँ। फ्लैट: पता/डाकघर हलकर्णी, हलकर्णी मंडल, कोल्हापुर जिला, महाराष्ट्र-416506

**CHANGE OF NAME**

I, GUNDAMMA is legally Mother of Service No14652508M, Rank-HAV, Name-Karkanti Mahesh Kudalayya Residing at H.No-207,Vill-Jai Kumar Nagar, PO-Indiranagar,Teh-South Solapur, Distt-Solapur,PIN-413004, State-Maharashtra. I have changed my name from GUNDAMMA to GUNDAMMA KUDLAYYA KARKANTI Affidavit dated 13 Aug 2025 before Notary Mohd Hameed Khan Advocate Secunderabad.

# प्राणी मित्र रमेश जागीरदार मेमोरियल फाउंडेशन ने भुज-नालिया के लिए सीधी ट्रेन सेवा की मांग की



**हैदराबाद, 16 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** प्राणी मित्र रमेश जागीरदार मेमोरियल फाउंडेशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने हैदराबाद/सिकंदराबाद से भुज/नालिया (कच्छ क्षेत्र) तक सीधी ट्रेन सेवा शुरू करने की मांग को लेकर सांसद विनोदभाई चावड़ा, भुज विधायक केशूभाई पटेल और अबडासा विधायक प्रद्युम्न सिंह जडेजा को एक ज्ञापन सौंपा।प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व हैदराबाद वीरानी समाज के अध्यक्ष नानालाल राजाभाई सोमजियानी ने किया, जिसमें नंदकिशोर बाबूलाल छभैया और मनोज जीवराज सोमजियानी भी शामिल थे।इस ज्ञापन का उद्देश्य दोनों क्षेत्रों के बीच कनेक्टिविटी को बेहतर बनाना है, जिससे यात्रियों को सुविधा मिल सके।



एबिड्स स्थित रतन मॉल कॉम्प्लेक्स में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पंकज वर्मा, सोनाली वर्मा, विकेश भाई, रमेश अन्ना, पांडु, रेड्डी अन्ना, तीर्थ और अन्य उपस्थित थे।

# श्रीमद् भागवत कथा : स्वामी डॉ. राघवाचार्यजी ने अजामिल उद्धार, प्रह्लाद चरित्र, नरसिंह अवतार और वामन अवतार पर दिया विस्तृत प्रवचन



**हैदराबाद, 16 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हिमायनगर स्थित होटल प्लैटिनम में मधुसूदन-ललिता मोदानी परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन (शनिवार, 16 अगस्त 2025) कथावाचक प्रतिवादी भयंकर श्रीधाम मठाधीश्वर जगतगुरु रामानुजाचार्य श्री स्वामी डॉ. राघवाचार्यजी महाराज (श्री रामलला सदन देवस्थान ट्रस्ट, अयोध्या) ने अजामिल उद्धार, प्रह्लाद चरित्र, नरसिंह अवतार, और वामन अवतार पर विस्तार से प्रवचन दिया। उनके ओजस्वी वाणी से श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए और पूरा सभागार भक्ति की धारा में बह उठा।स्वामी डॉ. राघवाचार्यजी ने अजामिल उद्धार की कथा सुनाते हुए बताया कि अजामिल ने जीवनभर पाप किए, लेकिन मृत्यु के समय अपने पुत्र नारायण का नाम पुकारते हुए अनजाने में भगवान नारायण का नाम ले लिया। इससे यमदूत उसे लेने आए, लेकिन विष्णुदूतों ने उसे बचाया और मोक्ष प्रदान किया। इस कथा का महत्व यह है कि भगवान का नाम जपने मात्र से ही पापों का नाश होता है और जीव को मुक्ति मिल सकती है। स्वामीजी ने कहा, यह कथा हमें सिखाती है कि भगवान की कृपा असीम है; एक क्षण की भक्ति भी जीवन बदल सकती है। इसलिए सदैव हरिनाम जप करें।प्रह्लाद चरित्र पर प्रकाश डालते हुए स्वामीजी ने बताया कि प्रह्लाद भगवान विष्णु के परम भक्त थे, जिन्होंने अपने पिता असुर राजा हिरण्यकशिपु की क्रूरता और निषेध के बावजूद भगवान की भक्ति नहीं छोड़ी। प्रह्लाद की अटूट भक्ति ने उन्हें अग्नि, विष, और अन्य यातनाओं से बचाया। इस चरित्र का महत्व बाल्यकाल से ही भक्ति की शिक्षा देना है, जो हमें सिखाता है कि सच्ची भक्ति में इतनी शक्ति है कि वह सभी बाधाओं को पार कर सकती है। स्वामीजी ने श्रोताओं से अपील की, प्रह्लाद की तरह निडर होकर भगवान की शरण में रहें, क्योंकि भगवान अपने भक्तों की सदैव रक्षा करते हैं।नरसिंह अवतार की कथा में स्वामीजी ने वर्णन किया कि भगवान विष्णु ने हिरण्यकशिपु को मारने के लिए नर (मानव) और सिंह (शेर) का रूप धारण किया, जो न दिन-रात, न अंदर-बाहर, न धरती-आकाश में था। इस अवतार ने हिरण्यकशिपु के वरदान को चतुराई से तोड़ा और प्रह्लाद की रक्षा की। इसका महत्व भक्त रक्षा और अधर्म के विनाश में है। स्वामीजी ने कहा, नरसिंह अवतार हमें सिखाता है कि भगवान अपने भक्तों के लिए किसी भी रूप में अवतरित हो सकते हैं। यह कथा अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है और हमें दुष्टों से न डरने की प्रेरणा देती है।वामन अवतार पर प्रवचन देते हुए स्वामीजी ने बताया कि भगवान विष्णु ने बौने ब्राह्मण (वामन) का रूप धारण कर राजा बलि से तीन पग भूमि दान मांगी। दो पगों में ही समस्त ब्रह्मांड को नाप लिया और तीसरे पग में बलि के सिर पर रखा, जिससे बलि पाताल लोक चला गया। इस अवतार का महत्व दान की महत्ता, विनम्रता, और भगवान की लीला में है। स्वामीजी ने कहा, वामन अवतार हमें सिखाता है कि घमंड का अंत होता है और दान से पुण्य प्राप्ति होती है। राजा बलि की भक्ति ने उन्हें अमर बना दिया, इसलिए हमें भी निस्वार्थ भाव से दान करना चाहिए।

इस अवसर पर मधुसूदन-ललिता मोदानी, नवलकिशोर-विजय लक्ष्मी, विजय किशोर-प्रेमलता, गोविंदलाल -कंचन, कमलकिशोर-आराधना, सुनील-अंबर, आदित्य-पूजा, अक्षय-निकिता, मोहित-विधि सहित समस्त मोदानी परिवार के सदस्यों के अलावा सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर प्रवचन का लाभ उठाया। सभी श्रोता इन पौराणिक कथाओं से प्रेरित और मंत्रमुग्ध दिखे।

मोदानी परिवार ने आयोजन की भव्य व्यवस्था की, जिसमें श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण और अन्य सुविधाएं शामिल थीं। स्वामी डॉ. राघवाचार्यजी के प्रवचनों ने श्रोताओं के मन में भक्ति की ज्योति प्रज्वलित की और उन्हें जीवन के सत्य से अवगत कराया। कथा के आगामी दिनों में भी इसी प्रकार की दिव्य लीला का वर्णन होने की उम्मीद है।

# राधे राधे ग्रुप द्वारा बेगम बाजार और नामपल्ली में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर नित्य अन्नप्रसाद सेवा आयोजित



**हैदराबाद, 16 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राधे राधे ग्रुप, हैदराबाद, द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी और स्व. श्रीमती शोभादेवी सावरिया की पुण्यतिथि के अवसर पर नित्य अन्नप्रसाद (नाश्ता) सेवा का आयोजन शनिवार, 16 अगस्त 2025 को सुबह 7:31 बजे से किया गया। यह सेवा दो स्थानों- बेगम बाजार, गौशाला के पास, पुल की माता और पब्लिक गार्डन, पिलर-ए1265, नमपल्ली, हैदराबाद में आयोजित की गई। ।।ॐ श्री अन्नपूर्णा देव्यै नमः ।। के पवित्र मंत्र के साथ शुरू हुई इस सेवा में राधे राधे ग्रुप और सावरिया परिवार ने जरूरतमंद लोगों को नाश्ते के रूप में अन्नप्रसाद वितरित किया। यह आयोजन श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उत्सव और स्व. श्रीमती शोभादेवी जी सावरिया की पुण्य स्मृति को समर्पित था, जो सामाजिक सेवा और भक्ति का एक अनुपम संगम रहा। इस सेवा में सावरिया परिवार और उनके सहयोगी व्यवसायों- कृष्णा सर्विस स्टेशन, सावरिया प्लाई लैम-के प्रमुख सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी की। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में रामप्रकाश अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, ई-जगन चंपापेट, नंदकिशोर अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, सुमन अग्रवाल, महेश अग्रवाल, संजय गोयल, किरण गोयल, कैलाश चंद केडिया, निर्मला केडिया, युवान केडिया, प्रीतिका अग्रवाल, सुशील गुप्ता, मोहित गुप्ता, भावना गुप्ता, रमेश चंद सावरिया, नवीन गुप्ता, अंजना गुप्ता, जगत नारायण अग्रवाल, रवि अग्रवाल, गोविंद भाई, नरेश बंसल, रितेश गुप्ता, राजेश सर (योगा), विनोद तोषनीवाल, सुनील भाई, पन्नालाल जी, शिव भगवान, अरुण भाई, लता गोयल, शर्मिला अग्रवाल, मीना अग्रवाल, नीलम विजयवर्गी, रमेशचंद सावरिया, नवीन सावरिया, अंजू सावरिया, आशीष, और किशन पाल शामिल थे। इस पुण्य कार्य के माध्यम से राधे राधे ग्रुप और सावरिया परिवार ने न केवल भोजन वितरण किया, बल्कि समाज में एकता, करुणा, और भक्ति का संदेश भी प्रसारित किया। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर यह सेवा भगवान श्री कृष्ण के प्रति श्रद्धा और स्व. श्रीमती शोभादेवी जी सावरिया की पुण्य स्मृति को सम्मान देने का एक सार्थक प्रयास रहा।

राधे राधे ग्रुप और सावरिया परिवार ने सभी श्रद्धालुओं और नागरिकों से अपील की कि वे इस तरह की सामाजिक और धार्मिक पहलों में हिस्सा लें और समाज के जरूरतमंद लोगों की सहायता करें। इस सेवा ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उत्सव को और भी प्रेरणादायी और यादगार बना दिया।



**15 अगस्त को नामपल्ली स्थित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश के अध्यक्ष एन. रामचंद्र राव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। समारोह में डॉ. बी. उमाशंकर (भाजपा प्रदेश कार्यालय सचिव), सविता (भाजपा महिला मोर्चा सोशल मीडिया संयोजक), राय सोनी, तेलंगाना के सामाजिक कार्यकर्ता राजेश सोनी, हर्षवर्धन सोनी सहित कई अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।**

# मार्गदर्शनी वेलफेयर सोसाइटी में 79वें स्वतंत्रता दिवस पर टीम ग्रीन स्पोर्ट्स फेस्ट 2025 का भव्य आयोजन



**हैदराबाद, 16 अगस्त 2025 (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मार्गदर्शनी वेलफेयर सोसाइटी ग्राउंड में 15 अगस्त 2025 को 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर टीम ग्रीन स्पोर्ट्स फेस्ट 2025 का आयोजन किया गया, जिसमें देशभक्ति, एकता, और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एक भव्य तिरंगा रैली के साथ हुई, जिसने पूरे क्षेत्र में उत्साह और राष्ट्रप्रेम की भावना जगाई।उद्घाटन समारोह में ध्वजारोहण और राष्ट्रगान के बाद मुख्य अतिथियों-श्री केशव रेड्डी, श्री मल्लिकार्जुन तंदूर, श्री प्रसन्न कुमार, और श्रीमती भानुका नर्मदा मल्लिकार्जुन-का सोसाइटी की ओर से सम्मान किया गया। अतिथियों ने अपने प्रेरणादायी संबोधनों में देशभक्ति, अनुशासन, और खेलों के महत्व पर जोर देते हुए युवाओं को प्रगति और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने टीम ग्रीन की स्वच्छता, वृक्षारोपण, और सामाजिक जागरूकता की पहल की सराहना की।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने सोसाइटी को स्वच्छ और साफ-सुथरा रखने की शपथ ली। इसके बाद बैडमिंटन डबल्स और कैरम प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिसमें बच्चों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सभी प्रतिभागियों के लिए सामूहिक नाश्ते की व्यवस्था भी की गई थी।

आयोजन के मुख्य प्रायोजक थे-मार्गदर्शनी वेलफेयर सोसाइटी, श्री रामसिंहजी चौहान, जैनरत्न श्री रमेशजी तातेड़, श्री प्रकाशमलजी भंडारी, और श्री विकासजी श्री श्रीमल। कार्यक्रम की सफलता में सोसाइटी के अध्यक्ष मुकेश कटारिया, मंत्री अविनाश भंडारी, मुख्य सलाहकार राम सिंह चौहान, लक्ष्मीनिवास मूंदड़ा, निकेश जैन, प्रवेश जैन, निखिल, विशाल भंडारी, देवेंद्र भाई, बड़ेश पटेल, श्याम अग्रवाल, दर्शन गोयल, विक्रम भंडारी, रितेश तातेड़, प्राप्ति भंडारी, लब्धी, खुशी, पूरवी, जिनय, अर्णव, आरव, एतान्श तातेड़, ऋषभ, हरित, जॉय, धैर्य, ध्रुव, धीर, गौरव, मिशका, और दिशान सहित पूरी टीम ग्रीन का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम की एंकरिंग निकेश जैन ने की।

टीम ग्रीन ने अपने प्रायोजकों और सहयोगियों को धन्यवाद देते हुए कहा, इस आयोजन की सफलता में सभी प्रतिभागियों और समर्थकों का योगदान सराहनीय है। हम स्वतंत्रता दिवस के इस अवसर पर देशभक्ति और सामाजिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

यह आयोजन न केवल स्वतंत्रता दिवस का उत्सव था, बल्कि खेल, स्वच्छता, और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने वाला एक प्रेरणादायी मंच भी साबित हुआ।

# भगत सिंह युवा सेना द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा रैली आयोजित



## हिंदुस्तानी भाऊ और टी. राजा सिंह ने भरी हुंकार

**हैदराबाद, 16 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भगत सिंह युवा सेना ने बेगम बाजार छतरी चौराहे पर ध्वजारोहण कर एक विशाल तिरंगा रैली का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सोशल मीडिया पर्सनालिटी और देशभक्ति के प्रतीक हिंदुस्तानी भाऊ शामिल हुए, जबकि आयोजन का नेतृत्व सेना के अध्यक्ष लड्डू यादव ने किया।

सुबह ध्वजारोहण के बाद बेगम बाजार क्षेत्र 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम्', और 'इंकलाब जिंदाबाद' के नारों से गूंज उठा। रैली में हजारों स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों, महिलाओं और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रास्ते में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर रैली का भव्य स्वागत किया गया। रैली से पहले रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्थानीय स्कूलों के बच्चों ने देशभक्ति गीत, नृत्य और नाटक प्रस्तुत किए।

हिंदुस्तानी भाऊ ने अपने संबोधन में कहा, हम आज आज़ाद हैं क्योंकि हमारे वीर सपूत हँसते-हँसते शहीद हो गए। तिरंगा सिर्फ एक झंडा नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों की आत्मा है। उन्होंने युवाओं से मोबाइल पर समय बर्बाद करने के बजाय समाज और देश के लिए कुछ करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, देश की सेवा सिर्फ बॉर्डर पर बंदूक लेकर नहीं, बल्कि नशे, भ्रष्टाचार और अपराध मिटाकर भी होती है। जब तक हम एक हैं, कोई ताकत हमें हरा नहीं सकती। धर्म, जाति और भाषा के नाम पर हमें बांटने वालों को सबक सिखाने का समय है।

गोशामहल विधायक टी. राजा सिंह ने जोशीले अंदाज में कहा, तिरंगा हमारी पहचान और ताकत है। जो इसे अपमानित करेगा, उसका नामोनिशान मिटा देंगे। देश तोड़ने की साजिश रचने वालों को उनके घर में घुसकर जवाब देंगे।

उन्होंने युवाओं को चेतावनी दी कि सोशल मीडिया पर 'देश विरोधी दलाल' उन्हें बरगलाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हिंदुस्तान में रहना है तो 'भारत माता की जय' बोलना होगा, वरना निकलना होगा। हमारे पूर्वजों ने लहू बहाकर तिरंगा फहराया है, इसे कोई गद्दार छू भी नहीं सकता।

लड्डू यादव ने कहा, आजादी हमें थाली में परोसकर नहीं मिली, इसे हमारे पूर्वजों ने खून देकर हासिल किया। कुछ ताकतें देश की एकता और अखंडता को तोड़ने की साजिश रच रही हैं, लेकिन भगत सिंह के इस देश में गद्दारों के लिए कोई जगह नहीं। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे सोशल मीडिया पर बेकार ट्रेंड्स की बजाय राष्ट्रभक्ति का ट्रेंड शुरू करें और अपनी शक्ति को देश की तरक्की में लगाएं।

कार्यक्रम में गोशामहल गुजरात के पवन सिन्धी, कलाकार धार्मिक, चरण यादव, पार्षद लाल सिंह, बीआरएस नेता शांति देवी, जिग्नेश दोशी, अविनाश देवड़ा, सरदार वाहेगुरु, सरदार मोना सिंह, आनंद गौड़, सुमित यादव, मुकुंद लाल यादव, भरत यादव, सुरेश माली, कुणाल सिंह, सूर्या शुक्ला सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

यह रैली न केवल स्वतंत्रता दिवस का उत्सव थी, बल्कि देशभक्ति और एकता का संदेश देने वाला एक शक्तिशाली आयोजन भी साबित हुई।



**यूसीएमएएस (यूनिवर्सल कॉन्सेप्ट ऑफ मेंटल अरिथमेटिक सिस्टम) द्वारा भारत की सबसे बड़ी अबैकस और मानसिक अंकगणित प्रतियोगिताओं में से एक का आयोजन हैदराबाद के गाचीबोवली स्टेडियम में किया गया। इस 24वीं राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पूरे भारत से 6000 से अधिक युवा गणित प्रतिभाओं ने भाग लिया। यह भारत में अब तक की सबसे बड़ी अबैकस प्रतियोगिताओं में से एक थी।इसमें 6000 से अधिक बच्चों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया, जो उनकी गणितीय प्रतिभा को दर्शाता है।यह कार्यक्रम इतना महत्वपूर्ण था कि कई माता-पिता अपने बच्चों के साथ इस प्रतिष्ठित आयोजन में शामिल हुए।**
**यूसीएमएएस इंडिया के सीईओ और अध्यक्ष डॉ. स्नेहल कारिया, यूसीएमएएस इंटरनेशनल के कार्यकारी निदेशक डॉ. क्रिस च्यू, और यूसीएमएएस नेपाल की सुश्री पल्लवी श्रेष्ठ ने मीडिया को संबोधित किया। यह प्रतियोगिता बच्चों में मानसिक गणित और अबैकस कौशल को बढ़ावा देने के लिए आयोजित की गई थी, जिससे उनकी एकाग्रता, स्मृति और समस्या-समाधान क्षमता का विकास हो सके।**



**हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन ने राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में भारत का 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े गर्व और उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर एचसीए अधिकारियों, कर्मचारियों, सुरक्षाकर्मियों और शुभचिंतकों की उपस्थिति में ध्वजारोहण समारोह आयोजित किया गया।**

# शिवदत्तराय हाई स्कूल में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का भव्य आयोजन





**हैदराबाद, 16 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** उर्दूगली, पत्थर गट्टी, स्थित शिवदत्तराय हाई स्कूल में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्कूल परिसर भगवान श्री कृष्ण की भक्ति और उत्साह से सराबोर रहा, जहां विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्टाफ ने मिलकर इस पावन पर्व को अविस्मरणीय बनाया।कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल के सचिव लक्ष्मीनारायण व्यास द्वारा भगवान श्री कृष्ण को पालने में झुलाने और पूजा-आरती के साथ हुई। इसके बाद सभी विद्यार्थियों को बांसुरी और माखन प्रसाद वितरित किया गया, जो श्री कृष्ण की माखन चोरी की लीलाओं का प्रतीक रहा।विद्यार्थियों ने हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की भजन पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया, जिसने सभी उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इसके साथ ही, श्री कृष्ण की लीलाओं पर आधारित माखन चोर, नंदकिशोर, और गोपियों के साथ गरबा का मंचन किया गया। गोवर्धन पर्वत की कथा को दर्शाने वाला कार्यक्रम इस आयोजन का मुख्य आकर्षण रहा, जिसमें विद्यार्थियों ने भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया।कार्यक्रम में स्कूल की शिक्षिकाएं और स्टाफ सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी की। इस अवसर पर ज्योति व्यास, प्रियंका बेरा, रोमा करार, प्रियंका यादव, संगीता सक्सेना, लता श्रीवास्तव, स्नेहा सहित अन्य शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।यह जन्माष्टमी महोत्सव न केवल धार्मिक उत्सव था, बल्कि विद्यार्थियों में सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने का एक सशक्त मंच भी साबित हुआ। भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं और उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए, बच्चों ने भक्ति, एकता, और उत्साह का प्रदर्शन किया। स्कूल के सचिव लक्ष्मीनारायण व्यास ने सभी विद्यार्थियों और स्टाफ की सराहना करते हुए कहा, यह आयोजन बच्चों में भक्ति और संस्कृति के प्रति प्रेम को और गहरा करता है। श्री कृष्ण का जीवन हमें प्रेम, करुणा, और धर्म का मार्ग दिखाता है।शिवदत्तराय हाई स्कूल का यह जन्माष्टमी महोत्सव विद्यार्थियों और समुदाय के लिए एक प्रेरणादायी और आनंदमय अनुभव रहा, जो भक्ति और उत्सव के रंगों से भरा हुआ था।

# वल्लभ यूथ ऑर्गनाइजेशन द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का भव्य आयोजन



**हैदराबाद, 16 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** वल्लभ यूथ ऑर्गनाइजेशन (वी.वाय.ओ.) हैदराबाद-सिकंदराबाद के तत्वावधान में, युवा वैष्णवाचार्य पूज्य पाद गोस्वामी 108 श्री व्रजर-ाजकुमारजी महोदयश्री की प्रेरणा से श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन शनिवार, 16 अगस्त 2025 को लोअर टैंकबंड स्थित भग्यनगर गौशाला में सुबह 9:00 बजे से धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर भक्ति, गौसेवा, और सामाजिक जागरूकता का अनुपम संगम देखने को मिला।कथा संयोजक आशीष पटेल और डेनिश पटेल ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि कार्यक्रम में लव फॉर काउ फाउंडेशन के चेयरमैन जसमतभाई पटेल, ट्रस्टी रिद्धीश जागीरदार, तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम हिंदू धर्म प्रचार बोर्ड के सदस्य स्वामी कमलेश, ऑल इंडिया ओल्ड टेंपल रिनोवेशन ट्रस्ट के चेयरमैन आर.के. जैन, और ओम पीठम के वेंकटेशम गुप्ता सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया।कार्यक्रम में स्वामी कमलेश ने स्वहस्तों से गौ ग्रास हेतु दानपात्र में दान राशि डालकर गौसेवा में सहयोग किया। उन्होंने उपस्थित भक्तों से आह्वान किया, हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम अपने परिवार में यथासंभव गाय के दूध का ही उपयोग करेंगे और अपने इष्ट-मित्रों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। यह गौ भक्ति के प्रति हमारा संकल्प है।जसमतभाई पटेल ने बताया कि लव फॉर काउ फाउंडेशन द्वारा शुरू की गई 'प्रतिदिन एक रुपये गौमाता के नाम' योजना के तहत गौ ग्रास के लिए दानपात्रों का वितरण और जोरदार प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इस योजना को शुरू हुए 10 वर्ष पूरे हो चुके हैं, और आगामी एक वर्ष में 20,000 दानपात्रों के वितरण का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा, जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ, बच्चों के जन्मदिन, या पितरों की पुण्यतिथि जैसे अवसरों पर गौमाता के लिए दान देकर जीवन को धन्य बनाएं।
















स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.